राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 251 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



इंडियन ओवरसीज टेक्सास कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कई कार्यक्रमों में अपनी बात रखीं।

# भारत में सबकुछ मेड इन चाइना: राहुल

● इसलिए भारत में रोजगार की दिक्कत: राहुल गांधी; पित्रोदा ने कहा- राहुल के पास विजन, वो पप्पू नहीं

**खरी-खरी**

**राहुल गांधी पप्पू नहीं है, वे पढ़े-लिखे हैं और किसी भी मुद्दे पर गहरी सोच रखने वाले स्ट्रैटजिस्ट हैं : सैम**

**टीम एक्शन इंडिया**
**टेक्सास/नई दिल्ली**
**टेक्सास** कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा, "राहुल गांधी पप्पू नहीं है, वे पढ़े-लिखे हैं और किसी भी मुद्दे पर गहरी सोच रखने वाले स्ट्रैटजिस्ट हैं।" यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में हुए कार्यक्रम में राहुल गांधी के साथ इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा भी पहुंचे। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के तौर पर जिम्मेदारी, भारत के आर्थिक हालात, रोजगार समेत 6 मुद्दों पर अपनी राय रखी।

**विपक्ष में अपने रोल पर...मेरा काम राजनीति में प्रेम लाना**
**मेरा** रोल संसद में सरकार के खिलाफ बोलना और उन्हें तानाशाह बनने से रोकने तक सीमित नहीं है। मुझे लगता है कि मेरा रोल भारत की राजनीति में प्यार, सम्मान और विनम्रता लाना है। प्यार और सम्मान सिर्फ ताकतवर लोगों के लिए नहीं, बल्कि उन सबके लिए जो देश को बनाने में जुटे हैं। अमेरिका की तरह भारत में भी कोई राज्य दूसरे से सुपीरियर (ताकतवर) नहीं है। कोई धर्म, भाषा किसी दूसरी भाषा से सुपीरियर नहीं है। लोगों के विचारों को उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या फिर इतिहास की परवाह किए बिना जगह दी जानी चाहिए। संघ को लगता है भारत एक विचार पर बना है। हमें लगता है कि भारत कई विचारों से मिलकर बना है। चुनाव में लाखों को लगा कि प्रधानमंत्री संविधान पर हमला कर रहे हैं। इसलिए चुनाव के वक्त जब मैंने संविधान हाथ में उठाया तो लोग समझ गए कि बीजेपी हमारी परंपरा, भाषा, राज्यों और हमारे इतिहास पर हमला कर रही है। मैंने संसद में अपने पहले भाषण में अभय मुद्रा का जिक्र किया। बीजेपी को यह बर्दाश्त नहीं हुआ। वे इसे समझ नहीं पाए, लेकिन हम इसे समझाकर रहेंगे चुनाव के बाद लोगों में बीजेपी का डर खत्म हो गया।

संसद में अच्छे से सुनकर और समझकर जवाब देना होता है। वहां जंग जैसी स्थिति होती है। लड़ना पड़ता है। कभी जंग मजेदार होती है तो कभी सीरियस हो जाती है। यह शब्दों की जंग होती है। पार्लियामेंट में अलग-अलग नेता आते हैं। बिजनेसमैन भी आते हैं। सभी पक्षों को सुनना होता है।

**भारत की राजनीति पर...बोलने से ज्यादा जरूरी सुनना**
**भारतीय** राजनीति में सुनना, बोलने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। सुनने का मतलब है खुद को दूसरे की जगह पर रखना। अगर कोई किसान मुझसे बात करता है तो मैं खुद को उनके रोजमर्रा के जीवन में शामिल करने की कोशिश करूंगा और समझूंगा कि वे क्या कहना चाह रहे हैं। सुनना बुनियादी बात होती है। इसके बाद किसी मुद्दे को गहराई से समझना होता है।




## नई तकनीक नई नौकरियां लाती है: राहुल

**जब** भी नई टेक्नोलॉजी आती है तो ऐसा लगता है कि नौकरियां चली जाएंगी। रेडियो आया तब भी ऐसी ही चर्चा हुई। कैलकुलेटर आया, तब भी ऐसी चर्चा हुई। आईटी सेक्टर के समय भी यही कहा गया, लेकिन नई टेक्नोलॉजी से नौकरियां ट्रांसफॉर्म होती हैं। किसी की नौकरी जाती है तो किसी को नौकरी मिलती है। आज कम्प्यूटर ने कई नौकरियां बनाई हैं। भारत की पॉपुलेशन और एजुकेशन पर...स्किल वालों को इज्जत नहीं मिलती कुछ लोग कहते हैं कि देश में स्किल की समस्या है। मेरे ख्याल से यहां स्किल की नहीं, बल्कि स्किल वालों को जो कम इज्जत मिलती है, वह समस्या है। इसके अलावा हमारे देश में एजुकेशन सिस्टम भी बिजनेस सिस्टम से मेल नहीं खाता।

## लोगों तक पहुंचना था इसलिए पैदल चला: सांसद राहुल गांधी

**राहुल** गांधी ने कहा कि भारत में कम्युनिकेशन के चैनल बंद हो गए थे। लोकसभा में बोलते थे तो वह टेलीविजन पर नहीं चलता था। मीडिया वह नहीं चलाता था, जो हम कहते थे। सब कुछ बंद था। लंबे समय तक हमें समझ नहीं आ रहा था कि जनता से कैसे बात करें। फिर हमने सोचा कि मीडिया हमें लोगों तक नहीं ले जा रहा था तो डायरेक्ट चले जाओ। इसलिए हमने यह यात्रा की। शुरूआत में मुझे घुटनों में दिक्कत हुई। मैंने सोचा यात्रा करने का मैंने यह कैसा फैसला ले लिया, लेकिन कुछ दिनों बाद यह आसान लगने लगा। इस यात्रा ने मेरे राजनीति करने का तरीका बदला। लोगों से बातचीत करने उन्हें समझने का तरीका बदला। पॉलिटिक्स में मोहब्बत नहीं होती थी। हमने यात्रा करके दिखाया कि पॉलिटिक्स में प्यार और मोहब्बत की बातें हो सकती हैं। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाला स्लोगन भी मेरा नहीं। यात्रा के दौरान एक शख्स मेरे पास आया। उसने मुझसे बोला- मैं जानता हूं आप क्या कर रहे हो। मैंने पूछा क्या कर रहा हूं? तो वह बोला- आप नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हो। एक महिला मेरे पास आई। उन्होंने मेरा हाथ पकड़ा। मैंने पूछा क्या हुआ? उन्होंने कहा कि मुझे मेरा पति मार रहा था।

## काम पर लौट जाएं रेजिडेंट डॉक्टर : सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में रेप और हत्या के मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि कल यानि 10 सितंबर शाम 5 बजे से पहले सभी रेजिडेंट डॉक्टर काम पर लौटें, नहीं तो अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि डॉक्टरों को एहसास होना चाहिए कि उनका काम सेवा का है। हम सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें पूरी तरह सुरक्षा काम का उचित माहौल और सुविधाएं मिलें लेकिन उन्हें काम पर लौटना ही होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को 17 सितंबर तक ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया है कि सरकार डॉक्टरों में असुरक्षा की भावना को कम करने के लिए जरूरी कदम उठाए। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से अब तक 23 मरीजों की मौत हो चुकी है। पश्चिम बंगाल सरकार ने कोर्ट को बताया कि डॉक्टर अभी भी हड़ताल पर हैं।



**आदेश**

**काम पर लौटे डॉक्टर, सीबीआई को 17 सितंबर तक ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश**

## हरियाणा में आप-कांग्रेस की नहीं बनी बात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। हरियाणा में अभी तक कांग्रेस और आआपा के बीच गठबंधन की बात चल रही थी। आआपा की ओर से सूची जारी करने का अर्थ है कि राज्य में दोनों पार्टियां अपने दम पर बिना गठबंधन के चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी आलाकमान इंडिया गठबंधन में सहयोगी आम आदमी पार्टी को साथ लेकर चलने के पक्ष में था।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## रसद क्षमता में विशेषज्ञता के लिए सेना-वायु सेना को मिलेगा प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय सेना और वायु सेना को रसद क्षमता में उच्च विशेषज्ञता हासिल करने के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में सोमवार को वडोदरा के गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता हुआ है। रक्षा मंत्री ने इस एमओयू को रक्षा में 'आत्मनिर्भरता' के दृष्टिकोण के अनुरूप सशस्त्र बलों की रसद रीढ़ को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साझेदारी बताया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कुशल रसद प्रणाली सशस्त्र बलों को तेजी से जुटाने और कम समय में सही जगह पर संसाधन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारी सेनाएं जिन विपरीत परिस्थितियों में काम करती हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए सैनिकों और उनके उपकरणों की आपूर्ति में निर्बाध आवाजाही की आवश्यकता है।

## मजबूत होंगे भारत-यूएई के रिश्ते

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अबु धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच सोमवार को वार्ता हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-यूएई के बीच नए और उभरते क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के लिए बहुआयामी संबंधों और रास्तों पर चर्चा की। क्राउन प्रिंस आधिकारिक यात्रा पर दिल्ली पहुंचे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने आपसी मुद्दों पर चर्चा की। क्राउन प्रिंस के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है।

उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का कार्यक्रम है। उन्होंने महात्मा गांधी को राजघाट पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे कल एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के कारोबारी नेता भाग लेंगे।



## स्टालिन तमिल सहित मातृभाषा में शिक्षा का कर रहे विरोध: प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर पलटवार करते हुए सोमवार को सवाल किया कि क्या वह तमिल सहित मातृभाषा में शिक्षा का विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र की भाजपा सरकार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लेकर आरोप लगाया है। एनईपी के आगे झुकने से मना करने पर देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों को केंद्र सरकार पर धन देने से इनकार करने का आरोप लगाया है।



**गणेश चतुर्थी के साथ महाराष्ट्र में सात सितंबर से 10 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरूआत हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा पंडाल का दौरा किया। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद थे।**

## मंकीपॉक्स का मरीज मिलने के बाद केंद्र सरकार सतर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश में मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध मरीज मिलने के बाद केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को चिट्ठी लिख कर एडवाइजरी जारी की है। राज्यों को सतर्कता बरतने के साथ मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीजों की जांच करने और उनके संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लिखी गई चिट्ठी में कहा गया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को चिंता का विषय घोषित किया है। इसलिए इस पर सख्ती से निगरानी और इससे निपटने के सभी उपाय किए जाने चाहिए।




## पीएम ने मणिपुर में छोड़ी दी संवैधानिक जिम्मेदारी: खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफाल: मणिपुर** में हिंसा की नई लहर के बीच कांग्रेस ने सोमवार को मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। विपक्षी पार्टी ने केंद्र सरकार से संवेदनशील सुरक्षा स्थिति की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। पार्टी ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाए आयोग को अपनी जांच तेज करनी चाहिए।

**'पीएम मोदी की विफलता माफी योग्य नहीं'**
कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मणिपुर में घोर विफलता माफी के लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यपाल अनसुइया उइके ने भी मणिपुर की जनता की आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग परेशान और दुखी हैं और वे चाहते हैं कि पीएम मोदी उनके बीच आएं।

**जिरिबाम जिले में मारे गए पांच लोग**
विपक्षी पार्टी की ओर से यह बयान तब आया है, जब शनिवार को राज्य के जिरिबाम जिले में ताजा हिंसा में पांच लोग मारे गए। पुलिस के मुताबिक, जिरिबाम जिले में उग्रवादी सोते समय एक व्यक्ति के घर में घुसे और उसे गोली मार दी। हत्या के बाद समुदायों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें चार हथियारबंद लोग मारे गए। राज्य में जातीय संघर्ष के शुरूआत में जिरिबाम हिंसक घटनाओं से दूर था। लेकिन जून में समुदाय के एक व्यक्ति (59 वर्षीय) की हत्या के बाद यहां भी हिंसा शुरू हुई। इस हत्या के लोगों ने एक-दूसरे समुदायों के उग्रवादियों को जिम्मेदार ठहराया।



**निशाने पर पीएम**

**मणिपुर में हिंसा की नई लहर के बीच कांग्रेस ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को बर्खास्त करने की मांग की**

## सूरत में गणेश पंडाल पर पथराव, जमकर हुई हिंसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सूरत:** गुजरात के सूरत शहर में गणपति उत्सव के दौरान तनाव फैल गया। दरअसल, बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने कथित रूप से एक पंडाल में पथराव किया। इस वजह से भगवान गणेश की मूर्ति को नुकसान पहुंचा। रविवार देर रात सैयदपुरा में हुई इस घटना के सिलसिले में पुलिस ने कुछ नाबालिगों को हिरासत में लिया। इसके बाद करीब 300 लोगों ने लालगेट थाने का घेराव किया। उन्होंने अपने समुदाय के लोगों के खिलाफ कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान हालात बेकाबू हो गए। पुलिस के मुताबिक, एक ऑटोरिक्शा में सवार कुछ उपद्रवियों ने गणेश पंडाल में पत्थर फेंके। इससे मूर्ति खंडित हो गई।



**संतुष्ट नहीं** कर्मियों का अल्टीमेटम, 30 सितंबर तक यूपीएस का गजट नहीं, तो होगा महा-आंदोलन, 26 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

## कर्मचारियों को रास नहीं आ रही यूपीएस की खूबियां, हल्लाबोल की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस में सुधार कर लाई गई 'यूनिफाइड पेंशन स्कीम' (यूपीएस) लागू करने की घोषणा से सरकारी कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं। अभी तक यूपीएस का गजट भी नहीं आया है। फिलहाल केंद्र सरकार ने यूपीएस की जो खूबियां गिनाई हैं, वे कर्मचारियों को रास नहीं आ रही हैं। पुरानी पेंशन व्यवस्था में यदि कोई कर्मचारी, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेता है, तो उसकी पेंशन, सेवानिवृत्ति की तिथि से ही शुरू कर दी जाती थी, लेकिन अब यूपीएस में उसे 60 वर्ष के बाद पेंशन देने की बात कही गई है। मतलब कोई कर्मचारी 45 साल में वीआरएस लेता है, तो उसे 15 साल तक पेंशन मिलने का इंतजार करना होगा। 'नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल ने बताया, 30 सितंबर तक अगर यूपीएस का गजट नहीं आता है, तो नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर यूपीएस-एनपीएस के विरोध में महा-आंदोलन होगा। दूसरी तरफ, पुरानी पेंशन की मांग के लिए लंबे समय से आंदोलन करने वाले कर्मचारी संगठन 'एनएमओपीएस' ने भी 26 सितंबर को देश के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

बता दें कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठन, अपने अपने तरीके से विरोध जता रहे हैं। कई कर्मचारी संगठन ऐसे भी हैं, जो यूपीएस का नोटिफिकेशन आने का इंतजार कर रहे हैं। नोटिफिकेशन में अगर कर्मचारियों के हितों की बात नहीं हुई तो दोबारा से ओपीएस की मांग को लेकर आंदोलन किया जाएगा। मंजीत पटेल के मुताबिक, इस संबंध में केंद्र सरकार को अल्टीमेटम दिया गया है। 30 सितंबर तक अगर यूपीएस का गजट नोटिफिकेशन नहीं आया तो बड़ा आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।




**विरोध**

**कोई कर्मचारी 45 साल में वीआरएस लेता है, तो उसे 15 साल तक पेंशन मिलने का इंतजार करना होगा**

## उप्र शिक्षक भर्ती मामला: हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में 69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती के मामले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार और संबंधित पक्षकारों से कहा कि वो लिखित दलीलें जमा कराए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्हें हाई कोर्ट के फैसले के अध्ययन के लिए वक्त चाहिए। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में जून 2020 और जनवरी 2022 के सेलेक्शन लिस्ट को रद्द करते हुए यूपी सरकार को आदेश दिया था कि वो 2019 में हुए सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के आधार पर 69 हजार शिक्षकों के लिए नए सलेक्शन लिस्ट तीन महीने में जारी करे। याचिका अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने दायर की है। अपने आदेश में हाई कोर्ट ने ये भी कहा था कि अगर कोई आरक्षित वर्ग का कैंडिडेट जनरल कैटेगरी के बराबर मेरिट हासिल कर लेता है तो उसका सेलेक्शन जनरल कैटगरी में ही माना चाहिए। हाई कोर्ट के इस आदेश के चलते उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में नौकरी कर रहे शिक्षकों पर नौकरी खोने का खतरा मंडराने लगा था।

गौरतलब है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 2019 में हुई 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों की सूची नए सिरे से जारी करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 1 जून 2020 और 5 जनवरी 2022 की चयन सूचियां को दरकिनार कर नियमों के तहत तीन माह में नई चयन सूची बनाने के निर्देश दिए। कोर्ट के इस फैसले से राज्य सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा था।



## न्यूज फ्लैश

### एनएसई मुख्यालय में एनएसई बुल की प्रतिष्ठित प्रतिमा का उद्घाटन किया

**गुरुग्राम।** महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने एनएसई मुख्यालय में एनएसई बुल की प्रतिष्ठित प्रतिमा का उद्घाटन किया और "1.4 बिलियन सपनों को सशक्त बनाने की यात्रा" नामक एक स्मारक कॉफी टेबल बुक लॉन्च की। इस अवसर पर एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीष कुमार चौहान भी मौजूद थे।एनएसई बुल की प्रतिमा शक्ति, ताकत और लचीलेपन का प्रतिनिधित्व करती है – ऐसे गुण जो भारत के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। एनएसई की कॉफी टेबल बुक, "द जर्नी ऑफ एम्पावरिंग 1.4 बिलियन ड्रीम्स" एनएसई के विकास और पिछले 30 वर्षों में भारत की विकास कहानी में इसके योगदान पर एक प्रतिबिंब है। 1994 में अपने परिचालन की शुरूआत के बाद से पिछले 30 वर्षों में, एनएसई ने भारत के पूंजी बाजारों में क्रांति ला दी है। यह पुस्तक भारत के विकास के लिए उत्प्रेरक और दर्पण के रूप में एनएसई की महत्वपूर्ण भूमिका का वर्णन करती है। एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीष कुमार चौहान ने कहा, एनएसई बुल समाज और बाजार के सहजीवी और पुण्य संबंध को दशार्ता है। बुल पूंजी बाजार का प्रतीक है, जबकि आम लोग एनएसई मुख्यालय में समाज का प्रदर्शन करते हैं, जो बाजार है। 30 साल पहले 1994 में, भारत में शेयर बाजार यानी बाजार, समाज के लिए सुलभ नहीं था। एनएसई में अपनी तरह के पहले, स्वचालित, स्क्रीन-आधारित व्यापार के आगमन के साथ, बाजार देश के सभी कोनों में पहुंच गया और आज, एनएसई में एक्सचेंज के साथ 10 करोड़ से अधिक अद्वितीय निवेशक पंजीकृत हैं। 30 साल पहले, बहुत पुरानी यादों के साथ, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि कुछ अड़चनों के बावजूद, एनएसई ने अपने लक्ष्यों को पूरा किया है।




### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकर फ्लिपकार्ट ने किया कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद ।** भारत के घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के साथ मिलकर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस में कदम रखने और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए जरूरी जानकारी एवं टूल्स प्रदान करते हुए स्थानीय कारीगरों एवं शिल्पकारों को सशक्त करना था। कार्यक्रम के दौरान माननीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, धार के कलेक्टर/डीएम प्रियांक मिश्रा और फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार उपस्थित रहे। फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस की ऑफरिंग्स से जुड़ी अधिकतम जानकारियों पर फोकस करते हुए कार्यशाला का उद्देश्य शिल्पकारों, बुनकरों और कारीगरों के वंचित समुदाय को अपना कारोबार बढ़ाने में मदद करने के लिए राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्रदान करना रहा। इस साझेदारी को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, ह्यफ्लिपकार्ट ने पूरे भारत में 18 लाख से ज्यादा आजीविकाओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला है और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से विकास के नए अवसर प्रदान करते हुए स्थानीय कारीगरों एवं महिला उद्यमियों को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



# नशीला पदार्थ रखने के आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

## महिला को गिरफ्तार करके उसके कब्जा 2 किलो 630 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की

**बरामद**

▶▶ आरोपियों की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 2 किलो 630 ग्राम अफीम बरामद हुई




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने की महिला आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक्स सैल टीम की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में फकीराबाद जिला बदायूं यूपी वासी महिला को गिरफ्तार कर-के उसके कब्जा 2 किलो 630 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 सितम्बर को एंटी नारकोटिक्स सैल प्रभारी के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार, प्रवीनकुमार, उप निरीक्षक जगपाल सिंह, महेंद्र सिंह महिला सिपाही रितु व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही विनोद कुमार की टीम अपराध की तलाश मे पीपली चौंक एनएच-44 पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि फकीराबाद जिला बदायूं यूपी वासी महिला अफीम बेचने का काम करती है। जो आज भी बरेली से अम्बाला ट्रेन से आई है। उसके बाद वह बस से पीपली बस अड्डा कुरुक्षेत्र आएगी। अगर बस अड्डे पर निगरानी की जाये तो महिला के पास से काफी मात्रा मे अफीम मिल सकती है। जिस सूचना पर पुलिस टीम ने पीपली बस अड्डा पहुंचकर निगरानी रखनी शुरू कर दी। मौका पर राजपत्रित अधिकारी श्री सतवीर सिंह एईटीओ कुरुक्षेत्र को बुलाया गया। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को अम्बाला की तरफ से आई बस में से एक महिला उतरती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने उस महिला को महिला सिपाही की मदद से रोककर नामपता पूछने उसने अपना नाम ज्ञाना देवी वासी फकीरबाद जिला बदायूं यूपी बताया। महिला पुलिस टीम द्वारा राजपत्रित अधिकारी के सामने आरोपियों की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 2 किलो 630 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर थानेसर में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके सहायक उप निरीक्षक सुखबीर सिंह व महिला सिपाही रितु ने आरोपिया को गिरफ्तार कर लिया।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन प्रतिस्पर्धा का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाा ( कुलदीप सिंह )**
**पानीपत** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में आंतरिक स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं में इतना उत्साह था कि 630 ने अपने प्रोजेक्ट दिखाए। विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के विद्यार्थियों ने कई समस्याओं के समाधान बताए। अब इनके चयनित प्रोजेक्ट को रीजनल स्तर पर भेजा जाएगा। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि 2020 में तीन टीमों ने फाइनल राउंड में जगह बनाई थी। एक लाख का पुरस्कार जीता था। 2022 में 48 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें से एक टीम ने रांची में गोल्ड मेडल और एक लाख रुपये का इनाम जीता। 2023 में प्रतिभागी टीमों की

**नवाचार**

▶▶ विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के विद्यार्थियों ने कई समस्याओं के समाधान बताए

संख्या बढ़कर 79 हो गई, जिसमें से एक और टीम हैदराबाद में फाइनल राउंड में पहुंची। प्रतिस्पर्धा की संयोजक डॉ.पूनम जागलान ने बताया कि इस बार सॉफ्टवेयर/स्टूडेंट इनोवेशन और हार्डवेयर कैटेगरी में 89 रजिस्ट्रेशन हुए। पाइट के निदेशक प्रो. डॉ. शक्ति कुमार ने कहा कि नवाचार से ही देश विकसित होगा। हमें ज्यादा से ज्यादा रिसर्च करनी होगी। पेटेंट कराने होंगे। छात्रों को अवसर उपलब्ध कराने होंगे।

## श्री जय भारत रामलीला ड्रामाटिक क्लब की रामलीला में हुआ रावण-वेदवती संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्री जय भारत रामलीला ड्रामाटिक क्लब की ओर से पुराना बस अड्डा के नजदीक शहीद मदन लाल ढींगरा पार्क में रविवार रात दूसरे दिन कैलाश टक्कर और रावण वेदवती संवाद का मंचन किया गया। इस अवसर पर रामलीला के सहयोगी सुरेंद्र अरोड़ा ने बतौर मुख्यातिथि आरती में हिस्सा लिया। कलाकार सुरेश कश्यप ने रावण,वीरेंद्र कुमार ने शंकर,पूर्वा भटनागर ने सरस्वती,हेमंत भटनागर और राजकुमार काला ने नंदीगण,राजू रंगा ने मारीच और



सुनील भटनागर ने वेदवती का रोल किया। रामलीला के बीच-बीच में कॉमेडीयन राजू पोपट ने दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट किया।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के माध्यम से छात्रों को किया जागरूक

**मुहिम**

▶▶ मतदान करने तथा अन्य सगे संबंधी, अपने साथियों को भी मतदान कराने का भरोसा जताया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** भारत चुनाव आयोग के निर्देश पर व जिलाएल निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जीटी रोड स्थित आई बी पीजी कॉलेज में सोमवार को मतदाता जागरूकता सेमिनार का किया आयोजन। भारत निर्वाचन आयोग की मुहिम के क्रियान्वयन हेतू जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने युवा एवम नवीन फर्स्ट टाइम वोटर्स को जागरुक करने के लिए उन्हें मतदान संबंधी सारी जिज्ञासाओं का समाधान कर मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिले के कॉलेज एवम विश्वविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम पर जोर देने के दिए दिशा निर्देश दिए हैं। एडीसी एवम जिला स्वीप नोडल अधिकारी डा पंकज ने बताया की आईबी कॉलेज में सैकड़ों युवाओं को स्वीप कार्यक्रम से जोड़ते हुए उन्हें 5 अक्तूबर को मतदान के लिए प्रेरित किया तथा सभी कॉलेज के युवाओं ने मतदान के प्रति अपनी रुचि दिखाते हुए मतदान करने तथा अन्य सगे संबंधी, अपने साथियों को भी मतदान कराने का भरोसा जताया। स्वीप के माध्यम से लोकतंत्र के पावन पर्व में युवा शक्ति आगे आकर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए बूथ तक ले जाए का संदेश दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अजय कुमार ने सभी कॉलेज के युवा विद्यार्थी मतदाताओं से लोकतंत्र के त्यौहार में अपना वोट डालकर पांच अक्टूबर को मतदान दिवस उत्सव में भाग लेने का आहवान करते हुए पानीपत जिले में मत प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। जिला निर्वाचन कार्यालय से स्वीप कैंपेनर डा हितेश चंद शर्मा ने युवाओं में जोश भरते हुए मैं तूफान, हम चट्टान,हम है लोकतंत्र की पहचान का नारे लगवाकर पहले मतदान, फिर जलपान के स्लोगन के साथ युवाओं से मतदान के दिन अपना वोट डालने के पश्चात बुजुर्ग,
दिव्यांग,बीमार मतदाता को वोट डालने के लिए बूथ तक ले जाने में मदद की अपील की तथा जिन्होंने वोट नही डाला उन्हें ढूढकर समय से वोट डालने के लिए उनकी काउंसलिंग करने को प्रेरित किया।

## तीन दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की वारदातों को दिया अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** शहर में बीती रात चोरों ने ककरोई रोड तथा ओल्ड डी० सी० रोड पर अलग अलग तीन दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की वारदातों को अन्जाम दिया। ककरोई रोड पर महाजन किरयाणा स्टोर से 25 हजार नकदी एवं सामान, ओल्ड डी० सी० रोड पर सिथत दिल्ली किरयाणा स्टोर से 30 हजार नकद और शिव घी के पैकेट चुराकर ले गए जबकि ककरोई रोड सीथत अंकुश फोटो स्टेट की दुकान का कोई नुकसान नहीं हुआ।




सोमवार सवेरे सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन मौके पर पंहुचे और घटना की जानकारी ली। महाजन किरयाणा स्टोर के मालिक अमित ने बताया कि सी०सी०टी०वी० कैमरों की फुटेज देखने से पता चला कि दो युवक रात को स्कूटी पर स्वर होकर आये और

**जांच जारी**

▶▶ राजीव जैन ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि वह पुलिस अधिकारियों से बातचीत करेंगे

शटर तोड़कर एक युवक अंदर घुस गया, गल्ले में रखी नकदी एवं कीमती समान उठाकर ले गये दिल्ली किरयाणा स्टोर के मालिक दीपक कुमार ने बताया कि चोरों ने शटर तोड़ा और नकदी ले करके चले गए उन्होंने बताया कि लगभग 50000 का नुकसान हुआ है जबकि अंकुश कन्फेक्शनरी के मालिक सुभाष ने बताया कि चोरों ने शटर तोड़ा परंतु कोई नुकसान नहीं हुआ पुलिस ने मौका ए वारदात पर पहुंच करके रिपोर्ट दर्ज की और कार्यवाई शुरू कर दी है राजीव जैन ने दुकानदारो को आश्वासन दिया कि वह पुलिस अधिकारियों से बातचीत करके जल्द ही चोरों पर सख्त कार्रवाई करवाएंगे।

## पानीपत के सभी पटवारी-कानूनगो हड़ताल पर, कार्य ठप्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
समालखा पटवारी एवं कानूनगो एसो० हरियाणा के बैनर तले पटवारी एवं कानूनगो समालखा तहसील और जिले पानीपत के सभी पटवारी - कानूनगो पिछले 6 सितम्बर से हड़ताल पर चल रहे हैं। इससे जिले की सभी तहसीलों का कार्य पूरी तरह ठप्प हो गया है। हड़ताल का मुख्य कारण, गोहना रोड़ सोनीपत से पटवारी ओमप्रकाश का अपहरण कर लिया था और 2 करोड़ की फिरोती मांगी गई। और अपराधी सरेआम पटवारी को अपनी ही गाड़ी में अपहरण करके ले गए।



बाद में परिजनों ने 19 लाख रुपए देकर पटवारी को छुड़वाया गया। और अब भी अपहरण कर्ता कानून के शिकंजे से बाहर घूम रहे है। पटवारी एसो० ने माँग की है। कि पटवारी के परिवार को सरकार सुरक्षा मुहिया करवाए और जब तक अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया कया जाएगा। तक हडताल जारी रहेगी। इस मौके पर जरूबीर नम्बरदार जिला प्रधान बिजेन्द्र पटवारी रामनिवास विकास सुरेश जय किशन अशोक अनिल आदि मौजूद थे।

## साइबर क्राइम के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** पंचवर्षीय विधि संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के तहत विधि संस्थान के विद्यार्थियों ने गांव बहादुरपुर में लघु नाटिका रूपांतरण के माध्यम से साइबर क्राइम के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में गांव बहादुरपुर में साक्षरता के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला चौहान की देखरेख में किया गया। इसके उपरांत विधि संस्थान की छात्रा ने घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी।

## एलएनटी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गणेश महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन में भगवान गणेश महोत्सव का तीसरा दिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया पूजा अर्चना रुद्राष्टाध्याई से गन्ने के रस से अभिषेक किया गया पंडित सुंदर कौशिक महाराज द्वारा अभिषेक करवाया गया कॉलेज में प्राचार्य लोकेश शर्मा, प्रोफेसर राजेश भारद्वाज, असिस्टैंट प्रोफेसर डॉ दर्शन धीमान, डॉक्टर बलजीत सिंह वाइस प्रिंसिपल, डॉक्टर राकेश कुमार सिंह, डॉक्टर प्रवीण कुमारी, मीनाक्षी पांचाल, सत्यनारायण लाइब्रेरियन, सोनिया बंसल, प्रदीप कुमार, गोविंद चौधरी, कमल शर्मा आदि सभी स्टाफ सदस्य, नॉन टीचिंग स्टाफ



के साथ सभी छात्र-छात्रा अध्यापकों ने बड़ी धूमधाम गणेश जी का तीसरा दिन का महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मीनाक्षी गुप्ता अध्यक्ष एल एन टी कॉलेज ऑफ एजुकेशन पानीपत ने बताया गणेश जी की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है यह बुद्धि के देने वाले भगवान की पूजा करने से बच्चों के बुद्धि का विकास होता है अतः सभी को सच्चे मन से भगवान श्री गणेश का पूजा में ध्यान लगाना चाहिए वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर

**गणपति बप्पा**

▶▶ पूजा अर्चना रुद्राष्टाध्याई से गन्ने के रस से अभिषेक ने किया

▶▶ पंडित सुंदर द्वारा अभिषेक करवाया गया

बलजीत सिंह ने कहा गणपति बप्पा मोरिया मंगल मूर्ति मोरया हर साल इसी तरह हमारे कॉलेज में आओ और अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें। गणेश भगवान महोत्सव के तीसरे दिन दुर्वा गुलाब के फूल गुड़हल के फूल अन्य अन्य फूल माला गणेश जी भगवान का पूजा की गई दुर्वा अर्पण किया गया।

## योगासन के खिलाड़ी जापान में होने वाले एशियन खेलों में लेंगें हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारत मंडपम, नई दिल्ली में कल आयोजित एशियाई ओलंपिक परिषद् (ओ सी ए) की 44 वीं आमसभा में योगासन खेल को एशियाई खेलों में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया । यह निर्णय भारतीय खेल विशेषतः योगासन खिलाड़ियों के लिए गर्व का विषय है। इस आमसभा में परिषद् के अधिकारियों और कई सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । भारत सरकार और योगासन भारत ने इस निर्णय के लिए विशेष प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप योगासन को एक खेल के रूप में मान्यता दी गई और इसे एशियाई खेलों में स्थान मिला । आमसभा में भारत के राजा रणधीर सिंह को एशियाई ओलंपिक



परिषद् के अध्यक्ष के रूप में चुना गया । उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में जापान के नागोया में होने वाले एशियाई खेलों का कैलेंडर पूर्व में ही तैयार कर लिया गया है, इसलिए 2026 के एशियाई खेलों में योगासन को प्रदर्शन खेल के रूप में सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया गया है । राजा रणधीर सिंह जी ने कहा कि अन्य खेलों में चोट लगने का खतरा रहता है, लेकिन योगासन खेल में ऐसा नहीं है । "योगासन खेल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देता है बल्कि मानसिक संतुलन को भी प्रोत्साहित करता है। इसे एशियाई खेलों में शामिल करना एशिया की प्राचीन विरासत को सम्मान देने का एक महत्वपूर्ण कदम है ।"भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्षा पी.टी. उषा ने जून में

**वैश्विक खेल**

▶▶ 44 वीं आमसभा में योगासन खेल को एशियाई खेलों में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, गर्व का विषय

एशियाई ओलंपिक परिषद् अध्यक्ष को योगासन को एशियाई खेलों में शामिल करने हेतु प्रस्ताव एक पत्र के माध्यम से भिजवाया था । इसलिये योगासन खेल से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी, विशेषतः खिलाड़ी सभी संबंधित का आभार ज्ञापित करते हैं ।

भारत के खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि "यह हमारे लिए गर्व की बात है कि योग, जो भारत की सांस्कृतिक धरोहर है, अब योगासन के रूप में एशियाई खेलों का हिस्सा बनेगा। यह कदम योगासन को वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करेगा ।" आमसभा में हरियाणा, गुजरात एवं महाराष्ट्र के योगासन खिलाड़ियों द्वारा योगासन खेल में सम्मिलित अलग-अलग इवेंट्स का अद्भुत प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर वर्ल्ड योगासन के महासचिव डॉ जयदीप आर्य, योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ, एशियन योगासन के अध्यक्ष डॉ संजय मालपानी, महासचिव उमंग डॉन, कोषाध्यक्ष उमेश नारंग एवं योगासन भारत के कोषाध्यक्ष रचित कौशिक जी उपस्थित रहे।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट में एमएम इंटरनेशनल स्कूल ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल, अंबाला ने एस.डी. विद्या मंदिर (अंबाला कैंट) में आयोजित सी.बी.एस.ई. क्लस्टर 16 के अंतर्गत बैडमिंटन टूनार्मेंट 2024-25 में उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाया । प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के नाम निम्न अनुसार हैं - गोल्ड मेडल -अंडर -19 (लड़कियाँ ) मौली झाँब, अग्रिमा भगत, सानवी,अक्षरा, गोल्ड मेडल - अंडर-19(लड़के) जयंत अरोड़ा, तन्मय गुलाटी, अंश राम गौर, गोल्ड मेडल - अंडर -14 (लड़कियाँ) रिया यादव, भाग्य गुलाटी, ब्रोंज



मेडल -अंडर-17(लड़के) कृष्ण गुप्ता, सात्विक श्रीवास्तव, ओजस चुग, तन्मय आहूजा ने शानदार प्रदर्शन के साथ सफलता हासिल की । ये जीतें उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है । हम सबके लिए यह गर्व की बात है कि ये छात्र अब अगले माह राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के रघुवंश पब्लिक स्कूल भिवानी (मध्य प्रदेश) भी जा रहे हैं । प्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा के नेतृत्व में स्कूल समुदाय छात्रों, उनके अभिभावकों व विद्यालय के बैडमिंटन कोच मनु चंगोत्रा को हार्दिक बधाई दी गई ।

# मॉक पोल, टेंडर वोट, चैलेंज्ड वोट, विभिन्न फार्मों से कराया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजमकुार प्रिंस**

**करनाल। पांच अक्तूबर** को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आज यहां डा. मंगलसेन सभागार में जिला के पीठासीन अधिकारियों (पीओ) को दो समूहों में प्रशिक्षण दिया गया। हर समूह में 475 कर्मचारियों ने भाग लिया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने पीओ को मॉक पोल, टेंडर वोट, चेलेंज्ड वोट, विभिन्न प्रकार के प्रपत्र समेत चुनाव प्रक्रिया संबंधी विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जानकारी दी। इस मौके पर पीठासीन अधिकारियों को अभ्यास के लिये फार्म 17 सी, स्कूटनी सीट और



पीओ डायरी उपलब्ध कराई गई। सीईओ एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी गौरव कुमार ने पीठासीन अधिकारियों से कहा कि मतदान के दिन यदि कोई व्यक्ति वोटिंग प्रक्रिया में बाधा डालता है तो उसे मतदान कक्ष से बाहर जाने अथवा पुलिस के हवाले कर सकते हैं।

मतदान शांतिपूर्वक, व्यवस्थित एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने में पीओ की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि मतदान कक्ष में ईवीएम को ऐसे स्थान पर रखा जाये जहां उस पर सीधी रोशनी न पड़े और पास में खिडकी भी न हो। मतदान कक्ष में मतदान के लिये आने-जाने वास्ते अलग-अलग दरवाजे हों। उन्होंने कहा कि पीओ के साथ उनकी टीम में एपीओ और दो मतदान अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

**बायें हाथ की चौथी अंगुली पर लगाएं स्याही**

उन्होंने कहा कि मतदाता के बायें हाथ ही चौथी अंगुली पर अमिट स्याही लगायें। यदि किसी के हाथ में चौथी अंगुली नहीं है तो तीसरी पर, तीसरी नहीं है तो दूसरी पर और दूसरी नहीं है तो पहली अंगुली पर स्याही लगायें। यदि हाथ कटा हुआ है तो बाईं कुहनी पर, बाईं नहीं है तो दाहिनी पर, दोनों हाथ नहीं है तो बायें पैर की चौथी अंगुली पर स्याही लगाई जा सकती है।

यदि चौथी अंगुली नहीं है तो ऊपर के क्रमानुसार अन्य अंगुलियों का प्रयोग किया जा सकता है।

**हर बूथ पर एक एजेंट**

उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ रहे हर प्रत्याशी की ओर से हर बूथ पर एक चुनावी एजेंट नियुक्त किया जा सकता है। एजेंट के लिये यह जरूरी है कि वह उस क्षेत्र का मतदाता हो। पीओ के लिये जरूरी है कि वह पोलिंग एजेंट का आईडी प्रूफ जांचे तथा जिन प्रपत्रों अथवा सील पर जरूरी हो वहां एजेंट के हस्ताक्षर कराये। विधायक, सांसद, मंत्री अथवा चेयरमैन पोलिंग एजेंट नहीं बन सकते। ग्राम पंचायत, सरपंच, निकाय पार्षद पोलिंग एजेंट बन सकते हैं।

# थाना सतनाली की पुलिस टीम ने अवैध हथियार देसी पिस्टल के साथ एक को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा** के निदेर्शानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। थाना सतनाली की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सतनाली क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित अभिषेक वासी चांदवास थाना बाढ़ड़ा को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ थाना सतनाली में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित को न्यायालय में पेश



कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सतनाली की पुलिस टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि अभिषेक वासी चांदवास थाना बाढ़ड़ा के पास अवैध हथियार है और महेंद्रगढ़ जाने के लिए गऊशाला मोड़ की

**मामला दर्ज**

**आरोपित से पुलिस ने अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया**

तरफ आ रहा है। अगर तुरंत नाकाबंदी की जाए तो आरोपित अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। सूचना पर टीम द्वारा नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी, चेकिंग के दौरान एक शख्स को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अभिषेक उपरोक्त बतलाया। जिसकी तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल बरामद हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### फ्लिपकार्ट के सेलर कॉन्क्लेव का आयोजन किया

**फरीदाबाद।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने देशभर में स्थानीय उद्यमियों को ऊपर उठाने एवं उन्हें सशक्त करने के प्रयास के तहत दिल्ली में प्रभावशाली सेलर कॉन्क्लेव (विक्रेता सम्मेलन) का आयोजन किया। इस कॉन्क्लेव के दौरान दिल्ली में 1500 से ज्यादा सेलर्स (फ्लिपकार्ट विक्रेताओं) ने हिस्सा लिया और मार्केट डायनामिक्स, ग्राहकों की प्राथमिकताओं एवं रणनीतिक विकास के अवसरों को लेकर अपनी समझ को बढ़ाने के लिए जानकारियों से भरपूर सत्रों में हिस्सा लिया। यह कॉन्क्लेव कारोबारियों को तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया को अपनाने, इसमें आगे बढ़ने एवं विकास करने में सक्षम बनाते हुए ऑनलाइन रिटेल को नया आकार दे रहा है। फ्लिपकार्ट के फ्लैगशिप सेल इवेंट द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) का 11 संस्करण नजदीक आ रहा है और इससे ठीक पहले सेलर्स को आगामी त्योहारी सीजन के दौरान आगे बढ़ने को तैयार रहने के लिए एडवांस्ड टूल्स, कौशल एवं जानकारियों से लैस करने के उद्देश्य से इस सेलर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस कॉन्क्लेव ने सार्थक संबंध स्थापित करने का अवसर प्रदान किया और ऐसे सहयोगी माहौल को बढ़ावा दिया, जिसमें विक्रेताओं और फ्लिपकार्ट दोनों के लिए समान रूप से विकास, सफलता एवं साझा समृद्धि सुनिश्चित हो। इस आयोजन के दौरान चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार, चीफ प्रोडक्ट एंड टेक्नोलॉजी ऑफिसर जयंद्रन वेणुगोपाल, फ्लिपकार्ट ऐड प्लेटफॉर्म के वाइस प्रेसिडेंट संदीप कारवा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं रीकॉमर्स हेड हेमंत बद्री और शॉप्सी के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर प्रत्युष अग्रवाल समेत फ्लिपकार्ट के कई प्रमुख अधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने त्योहारी सीजन के दौरान अपनी उपस्थिति को निखारने के लिए सेलर्स को ग्राहकों की मांग, खरीदारी के ट्रेंड्स एवं विभिन्न रणनीतियों के बारे में महत्वपूर्ण विचार साझा किए। आयोजन के दौरान इनोवेशन को लेकर फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता भी स्पष्ट रूप से देखने को मिली।



## फ्लू से बचाव का टीका लगवाकर करें अपने बच्चे के स्वास्थ्य की सुरक्षा: डॉ. संजय वजीर



**गुरुग्राम।** मॉनसून का मौसम जलती गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन साथ ही कई तरह के इन्फ्लूएंजा को बढ़ने के लिए अनुकूल माहौल भी दे देता है। इस मौसम में फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं, क्योंकि नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव से फ्लू का कारण बनने वाले वायरस के संक्रमण को बढ़ावा मिलता है।इस साल मॉनसून बहुत अनियमित सा है और इस कारण फ्लू का संक्रमण और भी तेजी से बढ़ने की आशंका है। जो क्षेत्र सूखे जैसी स्थितियों और बढ़ते वायु प्रदूषण का सामना कर रहे हैं, वहां बच्चों का इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ सकता है, जिससे उन्हें फ्लू के संक्रमण का खतरा ज्यादा है। बच्चों में फ्लू के कारण न्यूमोनिया जैसी गंभीर परेशानियां होने का खतरा रहता है। साथ ही अगर बच्चे को अस्थमा हो, तो स्थिति बिगड़ने की आशंका रहती है। मदरहुड हॉस्पिटल, गुरुग्राम के मेडिकल डायरेक्टर (नियोनेटोलॉजी एंड पीडियाट्रिक्स) डॉ. संजय वजीर ने कहा, ह्यबच्चों को फ्लू और इसके कारण होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए टीकाकरण महत्वपूर्ण कदमों में से है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों के माता-पिता को सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे को हर साल फ्लू से बचाव के लिए 4-इन-1 टीका लगवाएं। मैं हर माता-पिता से दृढ़ता से कहना चाहूंगा कि अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए वार्षिक फ्लू टीकाकरण के बारे में अपने डॉक्टर से अवश्य परामर्श करें।

# जेजेपी-एएसपी गठबंधन की दूसरी लिस्ट जारी, 12 उम्मीदवारों का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़। ज**ननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) गठबंधन ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। जेजेपी-एएसपी ने दूसरी सूची में 12 मजबूत उम्मीदवारों की घोषणा की, इनमें 10 सीटों पर जेजेपी और दो सीटों पर एएसपी ने प्रत्याशी उतारे है। सोमवार को जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की स्वीकृति और एएसपी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद की सहमति के बाद गठबंधन ने यह लिस्ट जारी की। जेजेपी की तरफ से पंचकुला में सुशील गर्ग पार्षद, अंबाला कैंट में अवतार करधान सरपंच, पिहोवा में डॉ सुखविंदर कौर, कैथल में संदीप

**ताल ठोकेंगे**

**पिहोवा उम्मीदवार डॉ सुखविंदर कौर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उम्मीदवार प्रो. रणधीर चीका की धर्मपत्नी हैं**

गढ़ी चुनाव लड़ेंगे। गन्नौर में अनिल त्यागी, सफीदों में सुशील बैरागी सरपंच, गढ़ी सांपला किलोई में एडवोकेट पंडित सुशीला देशवाल, पटौदी में अमरनाथ जेई, गुड़गांव में अशोक जांगड़ा और फिरोजपुर झिरका में जान मोहम्मद उम्मीदवार होंगे।

वहीं एएसपी की ओर से अंबाला सिटी में पारूल नागपाल और नीलोखेड़ी में कर्ण सिंह भुक्कल को चुनावी मैदान में उतारा है। इससे पहले जेजेपी-एएसपी ने प्रथम सूची में 19 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। जेजेपी-एएसपी गठबंधन के घोषित उम्मीदवारों में पंचकूला प्रत्याशी सुशील गर्ग पंचकुला नगर निगम में मौजूदा पार्षद हैं और इनके बेटे भी निगम पार्षद रह चुके हैं। अंबाला कैंट प्रत्याशी गांव करधान निवासी अवतार पैक्स के चेयरमैन रह चुके हैं। पिहोवा उम्मीदवार डॉ सुखविंदर कौर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उम्मीदवार प्रो. रणधीर चीका की धर्मपत्नी हैं और डीएवी कॉलेज पिहोवा में राजनीतिक विज्ञान की प्रोफेसर भी रह चुकी है। सुखविंदर कौर पार्षद भी रही है और फिलहाल एक शिक्षण एकेडमी चला रही है।

# पहाड़ों में माइनिंग को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव राजावास में** स्थित अरावली की पहाड़ी पर सरकार द्वारा खनन शुरू किए जाने की खबर को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने फैसला लिया कि वो यहां खनन नहीं होने देंगे। अगर सरकार जबरदस्ती यहां खनन शुरू करवाएगी तो वो इसका विरोध करेंगे। जरूरत पड़ी तो एक बड़ा आंदोलन भी कर सकते हैं।

गांव राजावास के सरपंच मोहित ने बताया कि उनके गांव में माइनिंग शुरू होने जारी रही है। इससे पूरा गांव प्रदूषित हो जाएगा। माइनिंग शुरू हुई तो इसका विरोध करेंगे। हालांकि अभी पहाड़ी माइनिंग के लिए अलॉट नहीं हुई है लेकिन कुछ दिन बाद सरकार अलॉट किए जाने की संभावना है, तो इसलिए पूरा गांव पहले ही एकजुट हो गया है। उन्होंने बताया कि 2016-17 में माइनिंग अलॉट हुई थी। उस समय ब्लास्टिंग से घरों में दरारें आ गई थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वो यहां माइनिंग बिल्कुल नहीं चलने देंगे। पीपल फॉर अरावली की संस्थापक नीलम ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर वह यहां आई है। अरावली को बचाना बहुत जरूरी है। इसके लिए उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों को लेटर भी दिया गया है कि प्राकृतिक संसाधनों को बचाना बहुत जरूरी है। मकान या अन्य निर्माण कार्य के लिए सरकार कोई विकल्प निकालें ताकि इन धरोहरों को बचाया जा सके। वो अरावली को बचाने के लिए ग्रामीणों के साथ हैं। गांव पाली के सरपंच देशराज

# बाबा खेमचंद दास जोहड़िया क्रिकेट कप प्रतियोगिता के चौथे दिन हुए अनेक मुकाबले

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। बाबा खेमचंद** दास जोहड़िया क्रिकेट कप प्रतियोगिता में सोमवार को अनेक टीमों के बीच मैच खेले गए। खेलों की जानकारी देते हुए सुजान मालड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता के चौथे दिन सिहार और सोहासड़ा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें सोहासड़ा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित पांच ओवर में तीन विकेट पर 61 रन बनाए। इस मैच में सिहार की टीम ने सोहासड़ा को हराया। झगड़ौली और मालड़ा की टीमों के बीच खेले गए, मैच में झगड़ौली ने मालड़ा की टीम को 9 विकेट से



हराया। गाहड़ा और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच खेला गया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित पांच ओवरों में 69 रन बनाए। जवाब में गाहड़ा की टीम ने 4.4 ओवर में छक्के के साथ 74 रन बनाकर मैच अपनी झोली में डाल लिया। सिहार और गाहड़ा की टीमों के बीच खेले गए मैच में सिहार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इंद्र की विस्फोटक बल्लेबाजी के बल पर निर्धारित छह ओवरों में छह विकेट पर 88 रनों का विशाल स्कोर बनाया। इंद्र ने 21 गेंदों में आठ धुंआधार छक्कों और दो चौकों की सहायता से 64 रनों की अर्ध शतकीय पारी खेली। गाहड़ा की टीम की शुरूआत अच्छी नही रही और टीम केवल 43 रन ही बना सकी। सिहार की टीम ने यह मैच 45 रनों से जीता। सिहार के खिलाड़ी इंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य रोचक मुकाबला मिसरी और पाटौदा की टीमों के मध्य खेला गया। जिसमें मिसरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित पांच ओवरों में छह विकेट पर 27 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाटौदा की टीम का स्कोर भी 27 रन बना और यह मैच टाई हो गया। इस प्रतियोगिता का यह पहला टाई मैच रहा। दोनों टीमों के बीच सुपर ओवर खेला गया। पाटौदा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित एक ओवर में एक विकेट पर 17 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मिसरी की टीम एक ओवर में एक विकेट पर तीन रन ही बना सकी। सुपर ओवर का यह मैच पाटौदा की टीम ने 14 रनों से जीत लिया। समाचार लिखे जाने तक पाटौदा और भड़ंगी की टीमों के बीच मैच खेला जा रहा था। भड़ंगी की टीम ने निर्धारित छह ओवरों में पांच विकेट पर 44 रन बनाए। जवाब में पाटौदा की टीम तीन ओवरों में एक विकेट पर 22 रन बना लिए थे।

## टाटा सॉल्ट इम्यूनो देता है संतुलित पोषण को बढ़ावा: राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

**मेवात।** आज की दुनिया में, जहां तंदुरुस्ती और इम्यूनिटी प्रमुख प्राथमिकता बन चुके हैं, टाटा सॉल्ट इम्यूनो आयोडीन और ज़िंक जैसे जरूरी पोषक तत्वों को खाने में शामिल करने का आसान तरीका पेश करता है। जिंक एक आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व (माइक्रोन्यूट्रिएंट) है, जो कि प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम्र) जो स्वास्थ्य प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत और तंदुरुस्त रखने में मदद करता है। । हमारे दैनिक आहार में जिंक को शामिल करना संतुलित पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन साथ ही, इसके सेवन के आसान तौर-तरीकों का पता लगाना कई बार चुनौतीपूर्ण हो सकता है। टाटा सॉल्ट इम्यूनो में जिंक तथा आयोडीन दोनों का मेल समाया है, ताकि उपभोक्ता अपने नियमित आहार में आसानी से इन दोनों सूक्ष्म पोषक तत्वों को मिला सकें। पोषण का यह दोहरा फामूर्ला उन्हें अपनी दैनिक खानपान की आदतों में बदलाव लाए बगैर ही लाभ देता है, और घर-परिवारों के लिए यह आसानी से उपलब्ध होता है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर, टाटा सॉल्ट इम्यूनो इस आयोजन के संतुलित पोषण और सही आहार विकल्पों के महत्व के साथ संरेखित है। यह प्रोडक्ट याद दिलाता है कि छोटे और सोच-समझकर किए गए चुनाव भी महत्वपूर्ण पोषक तत्वों को प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

टाटा सॉल्ट इम्यूनो, वास्तव में, टाटा नमक द्वारा खाद्य नमक वर्ग में लगातार नवीनीकरण की दिशा में जारी प्रतिबद्धता का सूचक है। ब्रैंड काफी लंबे समय से भरोसे, क्वालिटी और तंदुरुस्ती का पर्याय है और भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

# ब्लैकमेल करने के वारदात में शामिल तीन महिलाएं गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर थाना सोनीपत** पुलिस ने आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके करीब 46 हजार रुपये हड़पने की की वारदात में शामिल तीन महिला आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिलाएं शहर की रहने वाली है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। बदरखा युपी हाल में सेक्टर-10 निवासी कृष्ण पाल ने गत 27 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह 17 जुलाई को मेरठ जा रहा था। उसे बहालगढ़ चौक पर दो महिलाएं मिली। उन्होंने उसे रूकने का ईशारा किया। एक महिला ने कहा कि उन्हें यूपी जाना है। एक महिला आगे की सीट व दूसरी महिला पीछे की सीट पर जाकर बैठ गई। फिर बातचीत होने लगी और मुझे सस्ता प्लॉट दिखाने के बहाने 2 जून 2024 को ककरोई रोड पर बुला लिया था। वह अपनी गाड़ी लेकर ककरोई रोड प्रीति नाम की महिला के पास आ गया। उसके पास वहीं औरत बैठी थी जो मुझे बहालगढ़ चौक पर मिली थी। जिसने अपना नाम प्रवेश बताया जो दोनो ने बातचीत के बाद हम तीनों ने वहां बैठकर चाय पी। फिर उनमें से प्रवेश कप रखने चली गई और प्रीति ने मकान के दरवाजे की कुंडी अन्दर से लगा दी। उसके बाद जबरदस्ती पकड़कर उसके कपड़े उतारकर नंगा कर दिया। उसके बाद एक महिला व दो लड़को को बुला लिया जो प्रीती व प्रवेश ने मुझसे दो लाख रुपये मांगे और कहा कि हमने तेरी वीडियो बना ली है।

# दसवीं कक्षा के छात्र ने फंदे से लटककर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर थाना क्षेत्र** के आर्य नगर में रहने वाले दसवीं कक्षा के छात्र ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों का आरोप है कि पैर फिसलने के चलते बेटे से बोर्ड पर बनी ड्रॉइंग मिट गई थी। जिसके बाद बेटे को शिक्षिका ने पीट दिया था। वहीं छात्र पर परिजनों को स्कूल में बुलाने का दबाव बना रही थी। इसी के चलते छात्र ने फंदा लगाया है। पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। छात्र के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। आर्य नगर निवासी राजीव ने पुलिस को बताया कि उनके पास दो बेटे थे। जिसमें बड़ा बेटा वंश (15) था व छोटा अंकुश है। बड़ा बेटा वंश प्रभुनगर स्थित निजी स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र था। वंश काफी सीधा व साधारण बच्चा था। वह शनिवार को स्कूल गया था। स्कूल में शिक्षिका ने उसकी पिटाई की थी। पिटाई के निशान उसके हाथ पर थे। स्कूल से आने बाद बेटे ने घर में बने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखकर नीचे उतारा, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने रविवार को शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने राजीव के बयान पर शिक्षिका के खिलाफ बेटे को आत्महत्या के लिए विवश करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

**ड्राइंग मिटने पर पिटाई का आरोप**

परिजनों का आरोप है कि स्कूल में बोर्ड पर कोई ड्रॉइंग बनाई बनाई गई थी। उनके बेटे का पैर फिसल गया था। जिससे ड्रॉइंग मिट गई थी। बच्चों ने इसकी जानकारी शिक्षिका को दी थी। जिसके चलते वंश की पिटाई गई की गई थी। आरोप है कि उसे डंडे से पीटा था।

**अस्पताल में कार्रवाई के बाद शव लेने को लेकर परिजनों ने किया हंगामा**

नागरिक अस्पताल में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिस पर परिजन शिक्षिका की गिरफ्तारी के बाद ही शव लेने की बात पर अड़ गए। पुलिस ने उन्हें समझाया, लेकिन वह नहीं माने। जिस पर एसीपी राहुल देव ने ठोस कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया। उसके बाद ही परिजन शांत हुए।

**नोटबुक में मिला सुसाइड नोट**

पुलिस ने वंश की नोटबुक से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने लिखा है कि 'आज मैं 7.09.24 को मरा हूं। मेरी प्यारी मां और मेरे प्यारे भाई मैं अब तुम्हारे बीच नहीं रहा।

# ऑफिस में घुसकर हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन)**

**थाना** पुराना औद्योगिक पुलिस ने एम3एम कंपनी के आफिस में घुस तोड़फोड़ व सिक्योरिटी स्टाफ पर हमला करने मामले में फरार और दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मंजीत निवासी दत्ता कॉलोनी व मंदीप उर्फ बंटी निवासी फरीदपुर के रूप में हुई। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने तीन साथी आरोपी निरंजन, प्रिंस, लवप्रीत निवासी फरीदपुर व फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी मंजीत के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक तलवार बरामद कर सोमवार को पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश



किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। मामलें में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी निरंजन, प्रिंस व लवप्रीत के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो डंड व एक बाइक बरामद कर तीनों आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

***यह है मामला***

थाना पुराना औद्योगिक में विकास पुत्र रमेश निवासी बडदू मुगल भिवानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह पानीपत एम3एम कंपनी में सिक्योरिटी इचार्ज के पद पर तैनात है। 23 जुलाई का साय करीब 7 बजे उसके सिक्योरिटी ऑफिसर विरेंद्र ने उसे बताया कि प्रोजेक्ट आफिस पर तैनात गार्ड के साथ तीन युवक मारपीट कर फरार हो गए। मारपीट करने में निरंजन व उसके दो अन्य साथी थे। उसके बाद बीस से तीस युवक तलवार व लाठी डंडों से लैस होकर आए और आफिस में घुसकर सिक्योरिटी स्टाफ पर तलवार व लाठी डंडो से हमला कर दिया। हमले में निशु, अक्षय, सावेज, राजकुमार, राजू, सावन, व अन्य कई कर्मचारियों को चोट लगी। जिनको उपचार के लिए हस्पताल में भर्ती करवाया है। आरोपियों ने चोट मारने के बाद आफिस में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना पुराना औद्योगिक में विकास की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# पहलवान बजरंग को विदेशी नंबर से मिला धमकी भरा संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः हाल ही में किसान** कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन बने बजरंग पूनिया को विदेशी नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। मामले की शिकायत बजरंग ने बहालगढ़ थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि अदालती कार्यवाही के बाद ही आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। गांव खुड्डन झज्जर हॉल एल्डिको सिटी सोनीपत निवासी बजरंग पूनिया ने पुलिस को भेजी शिकायत में लिखा है कि उन्हें शनिवार सुबह करीब सात बजे धमकी दी गई है। उनके व्हाट्सएप पर विदेशी नंबर से ऑडियो कॉल आई थी। उन्होंने रिसीव की तो कॉल करने वाले ने कहा कि उसने मैसेज भेजा है। उसे पढ़ लो। उन्होंने मैसेज देखा तो उसमें लिखा था कि ह्यबजरंग कांग्रेस के इस पद से इस्तीफा दे दो, अन्यथा यह तुम्हारे व तुम्हारे परिवार के लिए अच्छा नहीं होगा। चुनाव से पहले ही दिखा देंगे हम क्या चीज है। जहां शिकायत करनी है कर लेना हमारा कुछ नहीं होगा। यह हमारी पहली और आखिरी चेतावनी है। वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना। इस मैसेज को इग्नोर मत करनाह्व। बजरंग ने शिकायत में लिखा है कि इसके बाद उस नंबर से दो बार कॉल भी आई, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं की। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत बहालगढ़ थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**दो दिन पहले ही कांग्रेस में आए**

बजरंग पूनिया ने दो दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। उन्हें कांग्रेस की सदस्यता लेते ही अखिल भारतीय किसान कांग्रेस में कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है।

## संपादकीय

# अवसाद-तनाव आत्महत्या का बड़ा कारण

**दुनियाभर** में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन( आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जिसका यह संदेश है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में जन जागरुकता से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस का उद्देश्य आत्महत्या की मनोवृत्ति पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं। जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2024 की थीम है आत्महत्या पर कहानी बदलना। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। दुनियाभर के साथ-साथ भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्या की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी।
एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को करिअर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है। इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है। जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्रायः विकट परिस्थितियों से उबर जाते हैं।


# जीवन से पलायन का डरावना सत्य है आत्महत्या



ललित गर्ग

> **"युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा अपनी योग्यता व क्षमता से अधिक हो चुकी है। परिवार पर नियंत्रण नहीं है और न ही सामंजस्य रह गया है। तनाव सहने की क्षमता नहीं है। असफलता का डर और पारिवारिक समस्याएं व्यक्ति को पूरी तरह प्रभावित कर रही है, जिसकी वजह आत्महत्याएं हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 36 प्रतिशत लोग गंभीर अवसाद से ग्रस्त हैं इसलिए हमें सबसे पहले अवसाद को दूर करना होगा। आर्थिक संपन्नता के साथ ही मानसिक रूप से स्वस्थ होने पर जोर देना होगा। वहीं जिस तरह किशोरों में पढ़ाई के दबाव से आत्महत्या के मामले बढ़ गए हैं। इसे लेकर भी अभिभावकों से लेकर समाज को नए सिरे विचार करना होगा। बच्चों को शुरूआत से ही उसकी पसंद के करियर के साथ जीवन के झंझावतों को झेलने के लिए भी प्रेरित करते रहना होगा"**

**आत्महत्या** दुनियाभर में एक गंभीर मुद्दा एवं बड़ी समस्या है। मौजूदा समय में दुनिया भर में इसके मामले खतरनाक दर से बढ़ रहे हैं। ऐसे में इस गंभीर विषय के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं आत्महत्या का पलायनवादी विचार छोड़ने के उद्देश्य से हर साल 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस (डब्ल्यूएसपीडी) मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साल 2024 के लिए इस दिवस की थीम चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड यानी आत्महत्या पर कथ्य बदलना रखी गयी है। इस दिन को मनाने का खास मकसद इस बात को लोगों तक पहुंचाना है कि आत्महत्याओं को रोका जा सकता है। साथ ही उन्हें यह भी बताना है कि आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा एक ऐसी समाज-व्यवस्था को बढ़ावा देना है जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहयोग के लिये आगे आये। निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है।
विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दुनिया भर में हर साल आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं, इससे कई गुना अधिक लोग आत्महत्या की कोशिश करते हैं और इसका असर बहुत ज्यादा लोगों पर पड़ रहा है। इसके अलावा, यह 15 और 29 वर्ष की आयु के लोगों की मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण है। संयुक्त राज्य अमेरिका में मृत्यु के शीर्ष 10 प्रमुख कारणों में से एक आत्महत्या है, जहां हर 11 मिनट में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है। भारत में प्रतिवर्ष 135,000 लोग आत्महत्या करते हैं, जो दुनिया की कुल आत्महत्याओं का 17 प्रतिशत हैं। आत्महत्या करने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे बुढ़ापा, दीर्घकालिक बीमारियाँ, वित्तीय समस्याएँ, आत्महत्या का पारिवारिक इतिहास, आय में कमी, वैवाहिक अलगाव, नकारात्मक जीवन के अनुभव, विकलांगता की ओर ले जाने वाली शारीरिक बीमारी आदि।



इसके अलावा, कई मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ आत्महत्या के बढ़ते जोखिम से जुड़ी हुई हैं, जैसे शराब की लत, अवसाद, तनाव, विकार आदि। लोग अवसाद, लाचारी और जीवन में कुछ नहीं कर पाने की हताशा के चलते भी आत्महत्या करते हैं। मौजूदा समय में दुनिया भर में आत्महत्या के मामले खतरनाक दर से बढ़ रहे हैं।
आत्महत्यामुक्त समाज-संरचना के लिए लंबे समय से कई तरह की कोशिशें की जा रही हैं। आत्महत्या एक गंभीर मुद्दा है, जो पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। आत्महत्या एक वैश्विक चुनौती है, जिससे हर साल लाखों लोग प्रभावित होते हैं। इस दिवस के माध्यम से सरकारों, संगठनों, समुदायों और व्यक्तिगत स्तर पर लोगों को आत्महत्या रोकने के लिए कदम उठाने की प्रेरणा दी जाती है। भारतीय संदर्भ में आत्महत्या एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, वर्ष 2021 में आत्महत्या करने वाली महिलाओं में गृहिणियों का अनुपात 51.5 प्रतिशत था। इस संदर्भ में केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटक सूची में शीर्ष पर हैं। आत्महत्या की कुल घटनाओं में लगभग 15 प्रतिशत गृहिणियों से संबंधित हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को रेखांकित करती है। पिछले दो दशकों में, आत्महत्या की दर 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति 100,000 हो गई है। 2021 की रिपोर्ट पर गौर करें तो उत्तराखंड में एक वर्ष में 717 लोगों ने आत्महत्या की। इसमें 463 महिलाएं हैं और इसका सबसे बड़ा कारण पारिवारिक समस्या है। ऐसे में मनोविज्ञानियों की सलाह है कि परिवार में सामंजस्य बनाकर ही खुशहाल जिंदगी जीना संभव है। इसके लिए जागरूकता की जरूरत है जिससे की सकारात्मक सोच के साथ संघर्ष करने की सामर्थ्य पैदा हो सके। युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा अपनी योग्यता व क्षमता से अधिक हो चुकी है। परिवार पर नियंत्रण नहीं है और न ही सामंजस्य रह गया है। तनाव सहने की क्षमता नहीं है। असफलता का डर और पारिवारिक समस्याएं व्यक्ति को पूरी तरह प्रभावित कर रही है, जिसकी वजह आत्महत्याएं हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 36 प्रतिशत लोग गंभीर अवसाद से ग्रस्त हैं इसलिए हमें सबसे पहले अवसाद को दूर करना होगा। आर्थिक संपन्नता के साथ ही मानसिक रूप से स्वस्थ होने पर जोर देना होगा। वहीं जिस तरह किशोरों में पढ़ाई के दबाव से आत्महत्या के मामले बढ़ गए हैं। इसे लेकर भी अभिभावकों से लेकर समाज को नए सिरे विचार करना होगा। बच्चों को शुरूआत से ही उसकी पसंद के करियर के साथ जीवन के झंझावतों को झेलने के लिए भी प्रेरित करते रहना होगा। आजकल कई लोग मानसिक समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। इन दिनों लोग अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव की वजह से कई सारी समस्याओं का शिकार होते जा रहे हैं। दुनियाभर में तनाव और डिप्रेशन से कई सारे जूझ रहे हैं। यह एक तरह का गंभीर मानसिक विकार है, जिसके सही इलाज न मिलने पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। डिप्रेशन के शिकार कई लोग खुदकुशी तक कर लेते हैं। इधर तीन-चार दशकों में चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से जहां बीमारियों से होने वाली मृत्यु संख्या में कमी आयी है, वहीं इस वैज्ञानिक प्रगति, भौतिकवादी जीवनशैली एवं तथाकथित विकास के बीच आत्महत्याओं की संख्या पहले से अधिक हो गई है। चिंता की बात यह भी है कि आज के सुविधाभोगी एवं प्रतिस्पर्धी जीवन ने तनाव, अवसाद, असंतुलन को बढ़ावा दिया है, अब सन्तोष धन का स्थान अंग्रेजी के मोर धन ने ले लिया है। जब सुविधावादी मनोवृत्ति, कैरियर एवं बी नम्बर वन की दौड़ सिर पर सवार होती हैं और उन्हें पूरा करने के लिये साधन, सामर्थ्य एवं परिस्थितियां नहीं जुटा पाते हैं, या काम का दबाब अति हो जाता है, तब कुंठित, तनाव एवं अवसादग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है। सिनेमा में हंसता-खेलता और सार्वजनिक जीवन में लोगों का पसंदीदा बन गया कलाकार आखिर किसी दिन अचानक खुदकुशी कर लेता है। मगर किसी भी स्थिति में जीवन खो देने के बजाय हालात से लड़ना और उसका हल निकालना ही बेहतर रास्ता होता है, यह सीख कौन देगा? पर मुख्य सवाल यही रह जाता है कि आमतौर पर सभी सुविधाओं एवं समृद्धताओं के शिखर पर स्थापित एवं अपने आसपास कई स्तर पर समर्थ लोगों की दुनिया में सार्वजनिक रूप से अक्सर मजबूत दिखने के बावजूद कोई व्यक्ति भीतर से इतना कमजोर क्यों हो जाता है कि जिंदगी के उतार-चढ़ाव या झटकों को बर्दाश्त नहीं कर पाता? पर वे कौन-सी और कैसी असामान्य परिस्थितियां इन कलाकारों के सामने रही कि उन्होंने उनसे बचने या टकराने के बजाय जिंदगी की हार यानी आत्महत्या का रास्ता चुना?

जो परिवार तलाक, अलगाव, आर्थिक कलह एवं अभावों, रिश्तों के कलह के कारण टूटी हुयी स्थिति में होते हैं उनमें भी आत्महत्या की घटनाएं अधिक पायी जाती हैं। राजनैतिक उथल-पुथल और व्यापार में नुकसान, आर्थिक तंगी भी आत्महत्या का कारण बनती है। किसानों की फसल की तबाही और कर्ज की अदायगी की चिंता से हो रही आत्महत्या भी गंभीर समस्या बन गई है। कर्ज लेकर घी पीने की जीवनशैली ने भी सबकुछ दांव पर लगा दिया है।

## कविता

जाने को कह रहे हो महफिल
से मुझे फिर ढूँढते रह जाओगे उम्र भर
मुझे
चलता चलता अबतो थक गया हूँ मैं
और कितना चलाएगी जिन्दगी मुझे

झूठी तसल्ली कब तलक देगा ऐ हकीम
पता चल गया अपनी बिमारी का मुझे

जल्लाद के हाथ में है सूली की डोरी वे
कहते हैं कि अब हंसना है मुझे

शमशान घाट में है मेरा झोंपड़ा फिर भी
वे मौत से डराते हैं हमें

हरि भारद्वाज

## शिक्षा में समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता

**विजय गर्ग**

**स्वास्थ्य** सेवा में बदलाव के लिए शिक्षा में समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है भले ही भारत वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कार्यबल में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में खड़ा है, देश में कुशल, सक्षम स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की मांग बढ़ रही है। हालाँकि, चिकित्सा शिक्षा प्रणाली विशेष रूप से गुणवत्ता और दक्षता से संबंधित कई चुनौतियों से जूझती है, जिससे बदलती स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सुसज्जित कार्यबल तैयार करने की इसकी क्षमता सीमित हो जाती है। चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर एक संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट व्यापक परिवर्तन की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। रिपोर्ट उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करती है जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इनमें देश भर में मेडिकल कॉलेजों का असमान वितरण, जो कई छात्रों तक पहुंच में बाधा डालता है, यूजी और पीजी सीटों की कमी शामिल है। हालाँकि, चिकित्सा शिक्षा में बदलाव के लिए एक ऐसे दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो केवल मेडिकल कॉलेजों और सीटों की संख्या बढ़ाने से परे हो। गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, जो यह सुनिश्चित करेगा कि स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को महत्वपूर्ण सोच कौशल और व्यावहारिक दक्षताएं मिलें जो आधुनिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की नींव हैं। योग्यता आधारित शिक्षा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) का गठन और सामान्य प्रवेश और निकास परीक्षाओं की शुरूआत चिकित्सा शिक्षा को मानकीकृत करने की दिशा में कदम हैं। हालाँकि, समय की मांग योग्यता-आधारित चिकित्सा शिक्षा (सीबीएमई) के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा में व्यापक बदलाव और आधुनिकीकरण की है। यह वास्तविक दुनिया के स्वास्थ्य देखभाल परिदृश्यों पर केंद्रित है और पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए छात्रों को आवश्यक कौशल और दक्षताओं से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है। रटने की अपेक्षा व्यावहारिक अनुप्रयोग पर जोर दिया जाता है। एनएमसी ने सीबीएमई विनियम, 2023 के साथ दिशानिर्देश सुझाए हैं। हालाँकि, अगर हमें भारत में सीबीएमई को सफलतापूर्वक लागू करना है तो हमें केवल दिशानिर्देश तैयार करने से आगे जाना होगा। हमें एक मजबूत आधार बनाने में निवेश करने की जरूरत है, जिसमें प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा और निरंतर मूल्यांकन शामिल है। हमें सीबीएमई शिक्षाशास्त्र में प्रशिक्षित शिक्षकों का एक समूह बनाने के लिए एक सहायक वातावरण प्रदान करके संकाय विकास को भी मजबूत करना चाहिए। सीबीएमई को लागू करने की चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार, नियामक निकायों और चिकित्सा संस्थानों को शामिल करने वाला एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है।

## विचार

## पंजाब और हरियाणा में गहराता गंभीर जल संकट

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**हरि**त क्रांति के बाद, पंजाब और हरियाणा मुख्य खरीफ फसल के रूप में धान की खेती, फसल की सघनता में भारी वृद्धि और तेजी से शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण जल-संकटग्रस्त राज्य बन गए हैं। हालांकि, वास्तविक मुद्दा - टिकाऊ फसल पैटर्न पर वापस लौटना और जल-उपयोग दक्षता में सुधार करना - अभी भी अनसुलझा है। पंजाब और हरियाणा में धान की कृषि भारत की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, परंतु जल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण यह असंधारणीय होती जा रही है। धान की कृषि के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन होने से इस क्षेत्र में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। हरियाणा में 88 जल इकाइयों को अत्यधिक दोहन वाली श्रेणी में रखा गया है। इस समस्या से निपटने के लिए कृषि और जल संसाधनों दोनों की सुरक्षा हेतु तत्काल सुधार की आवश्यकता है। भूजल का अत्यधिक दोहनः पंजाब और हरियाणा में धान की खेती के लिए अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भूजल स्तर में भारी कमी हुई है। केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि धान की खेती के लिए अत्यधिक जल दोहन के कारण पंजाब के 87% ब्लॉकों का अति दोहन किया गया। धान की खेती में प्रति किलो चावल के लिए लगभग 4,000-5,000 लीटर जल की खपत होती है , जिससे क्षेत्र के जल संसाधनों पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ता है। इसकी तुलना में, बाजरे को प्रति किलो केवल 500 लीटर जल की आवश्यकता होती है , जो जल की आवश्यकताओं में भारी अंतर और धान की खेती की असंधारणीय प्रकृति को दर्शाता है। ट्यूबवेल के लिए दी जाने वाली मुफ़्त बिजली ने भूजल के अनियंत्रित दोहन को बढ़ावा दिया है, जिससे यह संकट और भी बढ़ गया है। पंजाब के किसानों को वर्ष 2023-24 में बिजली, नहर के पानी और उर्वरक के लिए 38,973 रुपये प्रति हेक्टेयर की सब्सिडी मिली , जिससे भूजल का निरंतर रूप से अतिदोहन हो रहा है। धान की खेती के कारण बढ़ता जल तनाव ,जलवायु परिवर्तन के कारण और भी अधिक हो गया है, अनियमित वर्षा के कारण जलभृतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब और हरियाणा के जल स्तर में तेजी से हो रही गिरावट से कृषि की दीर्घकालिक व्यवहार्यता को खतरा है। धान की खेती एकल फसल प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिससे जैव विविधता कम होती है और मृदा के पोषक तत्व कम होते हैं, जिससे कृषि संधारणीयता में कमी आती है। अध्ययनों के अनुसार फसल चक्रण से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है परंतु धान की खेती ऐसी विविधता को हतोत्साहित करती है। जल की अधिक माँग के कारण रासायनिक उर्वरकों का उपयोग भी बढ़ जाता है, जिससे मृदा की गुणवत्ता और भी खराब हो जाती है तथा जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बाढ़ सिंचाई, धान की खेती में प्रयुक्त होने वाली एक प्रमुख विधि है, जिससे वाष्पीकरण और अपवाह के माध्यम से जल की बहुत बर्बादी होती है। निरंतर धान की खेती से मृदा लवणता बढ़ जाती है, जिससे कृषि भूमि की उत्पादकता कम हो जाती है और यह अन्य फसलों के लिए कम उपयुक्त हो जाती है। धान के खेत, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, विशेष रूप से मीथेन के उत्सर्जन में जो जलवायु परिवर्तन को बढ़ाता है और दीर्घकालिक कृषि व्यवहार्यता को प्रभावित करता है। धान की खेती प्रति हेक्टेयर 5 टन काबोर्डीऑक्सीडे समतुल्य हानिकारक गैस उत्पन्न करती है , जो इसे कृषि उत्सर्जन में एक प्रमुख योगदानकर्ता बनाती है। दालों, तिलहनों और बाजरा जैसी कम जल की खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने से जल का उपयोग काफी कम हो सकता है और संधारणीयता में सुधार हो सकता है।

पंजाब की 2024 की योजना, धान को छोड़कर वैकल्पिक फसलों को उगाने के लिए 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन की पेशकश करती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## रिश्तों के रंग बहुत गहरे होते हैं

**विजय गर्ग**

**वह** समाज में सोचने, बात करने, चलने, उठने-बैठने के अलग-अलग तरीके अपनाने लगता है। उसके दिल और दिमाग में जुड़ाव, रिश्ते, प्यार, भावनाओं के रंग पारिवारिक रिश्तों जितने घनिष्ठ नहीं होते। उसे प्रायः औपचारिक जीवन जीना पड़ता है। वह अपने से अधिक पद, धन, प्रसिद्धि वाले व्यक्ति से नीच रहकर तथा मधुर स्वर में नम्रतापूर्वक बात करके मिलता है। आदिकाल से ही मनुष्य ऐसा जीवन जीने का आदी रहा है जो अपने रिश्तों की गर्माहट को संजोता है। समय के साथ-साथवह प्रगति करते हुए परिवार से लेकर समाज, गांव, देश, देश तक अपने रिश्तों को बनाने और बनाए रखने का प्रयास करता है। सोचने, बोलने, समझने, पढ़ने, आज्ञा मानने जैसे सूक्ष्म गुणों के कारण वह समय, परिस्थिति और स्थान के अनुसार अपने परिवार और आसपास रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के प्रति अपनी भावनाओं, संवेदनाओं और संवेदनाओं को अपनी निकटता के अनुसार व्यक्त करता रहता है। जन्म के बाद व्यक्ति को सबसे पहली चीज अपने परिवार के रक्त संबंधों की गर्माहट का आनंद मिलता है। वह अपने बचपन और बड़े होने के दौरान रिश्तों का जीवन जीता है। उसका मालिक बनोउसे रिश्ते के अनुसार अपने माता-पिता, दादा-दादी, भाई, चाचा-चाची, मामा-मामी से बेहद प्यार मिलता है। इन रिश्तों के रंग बहुत गहरे और शाश्वत होते हैं। स्व-निर्मित या सामाजिक रूप से निर्मित रिश्तों में, पत्नी और सच्चे दोस्तों के बीच का रिश्ता एक आध्यात्मिक आशीर्वाद की तरह होता है। उनके करीबी रिश्तेदारों, रिश्तेदारों, परिवारों, पड़ोसियों, ग्रामीणों, साथियों, स्कूल और कॉलेज के दोस्तों के लिए, चाहे वह बाद में किसी भी बड़े स्थान पर पहुंच जाए, उनकी निकटता पारिवारिक रिश्तों की गर्माहट की तरह है।अवशेष रिश्तों का जीवन जीते हुए व्यक्ति अपना अधिक से अधिक समय घर पर या अपने रिश्तेदारों के साथ बिताता है, शादियों, जन्मदिनों, मेलों और अन्य पारिवारिक उत्सवों के रंगों और खुशियों का आनंद लेता है, दिल की गहराइयों से उनका आनंद लेता है और वे बने रहते हैं। उनकी यादों में वे पूरी जिंदगी बस जाते हैं।

## मीटिंग-मीटिंग खेलते हैं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बिहार** की धरती पर, एक बार फिर अजीब मंजर देखने को मिला। जब आसमान से बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, तो हमारे महकमे की चाय का कुल्ला ही शुरू होता है। तूफान आया, चकाचक, लेकिन अरे! किसे खबर थी? सब तैयार बैठे थे, चाय की चुस्कियों में खोए। पोस्ट-मॉर्टम की मीटिंग बुलाई गई, जैसे पहले ही सबने यह तय कर लिया हो कि बात तो करनी है, बाद में। बात सुनिए, बिहार में अगर बारिश हो जाए तो लोग बिन मौसम मौज में आ जाते हैं। खुदा की कसम! जब सूरज निकलता है, तब पीली बत्ती जांचने जाते हैं। लेकिन जब तूफान की बात आई, तो सबने दिमाग बंद कर दिए। क्यों देखें पहले, जो होगा, देखा जाएगा!ह्व यही था उनका नारा। फसलें उगाने की चिंता नहीं, नेताओं की चाय की प्याली से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई। इधर, गाँव के लोग कह रहे थे, "बाबा, पहले क्यों नहीं बताया? हम तो ट्रैक्टर में धूप का मजा ले रहे थे!" पर कोई सुनने वाला था? पोस्ट-मॉर्टम मीटिंग में सारा ध्यान इस बात पर था कि किसकी गलती थी? सब चुप्पी साधे हुए थे। जैसे मौसम का कहर उनकी सोच से भी बड़ा हो। ठीक उसी दिन, जब तूफान घर-द्वार सब उड़ाकर ले गया, हमारे अधिकारी लोग बिलकुल सुकून में थे। "अरे, भैया! आराम से चलो, मीटिंग में बातें करेंगे। सब जानते हैं, मौसम अपने हिसाब से चलता है।" बचेंगी तो फसलें, नहीं तो न सही। पर मीटिंग तो होनी चाहिए। चाय के बिना तो नेता भी नहीं बोलते। उस मीटिंग में सभी ने एक-दूसरे की तारीफें कीं। हमने तो मौसम का ध्यान रखा था, पर इस बार कुछ होना था!ह्व लहरें उठ रही थीं, और नेता अपने जहाज पर तैर रहे थे। अंत में, तूफान ने कह दिया, "अच्छा, तो आप सब चाय पीते रहो, मैं अपनी लीला दिखा रहा हूँ!" और चलो, चाय का स्वाद छोडकर सब बर्बाद हुआ सो हुआ। अब चर्चा हुई उस प्लान पर - जो अगले तूफान की तैयारी में काम आएगा। सवाल यह था कि जब तूफान आया, तब कहाँ थी हमारी तैयारी? और जब शाम ढली, तो जिम्मेदार लोग घर चले गए। कुछ ने तो सोचा भी नहीं कि अगली सुबह क्या होगी।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा की जनता विकास के लिए कांग्रेस ला रही है : मधुसूदन बवेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**


**कुरुक्षेत्र : किसान कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि हरियाणा का हर वर्ग अपना सब काम छोड़ कर चुनाव प्रचार में लग गया है। बवेजा ने कहा कि हरियाणा की जनता विकास चाहती है इसलिए जनता ने अबकी बार कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना लिया है। जनता ने भाजपा कार्यकाल को भली भांति देख लिया है। अब जनता में जुमला बाज को सहन करने की शक्ति नही है। बवेजा ने कहा कि हर नौजवान, बजुर्ग, महिला, किसान, मजदूर, दुकानदार, लोहार, सुनार, कर्मचारी व व्यापारी जो भी हरियाणा वासी है वो भाजपा को भगाने के लिए काम पर लग गया है। आने वाली 5 अक्तूबर को वोटों की चोट से अपना बदला लेगी और इनके अहंकार का अंत करेगी तथा कांग्रेसपार्टी को भारी बहुमत से जीता कर प्रदेश में फिर से भाईचारा और विकास की ओर ले जाने का काम करेगी। बवेजा ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समय समय पर जनता की आवाज को बुलंद कर रहे है और मोदी की सरकार को गलत निर्णय लेने से रोक रहे है। राहुल गांधी की छवि एक लोकप्रिय नेता के रूप मानी जा रही है। अब भाजपा का समय खत्म हो गया है। कांग्रेस आ रही है भाजपा जा रही है।

### राज्य मंत्री सुभाष सुधा आज करेंगे नामांकन पत्र दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: प्रदेश के शहरी स्थानीय** निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने जानकारी देते हुए बताया कि वे 10 सितंबर मंगलवार को चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले द्रोणाचार्य स्टेडियम पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे इसके अलावा सभी कार्यकर्ता व आमजन इकट्ठे होंगे और सभी मुझे अपना आशीर्वाद देंगे ।इसके बाद नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पुरी की जाएंगी। इसके बाद एक भव्य रोड शो का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और आमजन शामिल होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में बाइक और कारों के माध्यम से एक रोड शो द्रोणाचार्य स्टेडियम से शुरू होकर नया बस स्टैंड, नए बस स्टैंड से मोहन नगर चौक से फ्लाईओवर होते हुए कडा चौक बीजेपी कार्यालय पर समाप्त होगा। सुभाष सुधा ने अपने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने के अवसर पर आप अपना आशीर्वाद और समर्थन देने के लिए अवश्य पहुंचे, क्योंकि आपकी गरिमामई उपस्थित हमारे लिए वंदनीय है।

### कांग्रेस से कुलदीप शर्मा ने जमा कराया नामांकन



**गन्नौर। पूर्व हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की तरफ से अपना नामांकन भर दिया है। नामांकन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी मौजूद रहे। भूपेंद्र हुड्डा की उपस्थिती में कुलदीप शर्मा ने निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम डा. निर्मल नागर को अपना नामांकन पत्र सौंपा। उन्होंने चुनावी शपथ पत्र में अपनी संपत्ती की घोषणा की है। कुलदीप शर्मा द्वारा दाखिल किए गए नामांकन के अनुसार पिछले पांच सालों में उनके परिवार की संपत्ति में 6 करोड 69 लाख 41 हजार 527 रुपये की वृद्धि हुई है। शपथ पत्र के अनुसार कुलदीप शर्मा के पास 3 करोड 59 लाख 28 हजार 816 चल संपत्ती है। जबकि उनकी पत्नी नीलम शर्मा के पास 3 करोड 76 लाख 88 हजार 308 की चल संपत्ती है। जबकि कुलदीप शर्मा के पास 10 करोड और उनकी पत्नी नीलम शर्मा के पास 1 करोड 5 लाख की अचल संपत्ती है। वहीं 2019 में नामांकन के दौरान दाखिल किए गए शपथ पत्र के अनुसार कुलदीप शर्मा के पास 2 करोड 31 लाख 64 हजार 429 रुपये की चल व 6 करोड की अचल संपत्ती थी। जबकि उनकी पत्नी 2 करोड 60 लाख 11 हजार 168 रुपए की चल व 80 लाख रुपये की अचल संपत्ती की मालकिन थी।

# भाजपा ने गन्नौर को 10 साल पीछे धकेला: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गन्नौर में जनसंपर्क रैली कर कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः पूर्व मुख्यमंत्री** व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने 10 साल के राज में इलाके को पीछे धकेलने का काम किया है। गन्नौर में एशिया की सबसे बड़ी मंडी बनाने की शुरूआत कांग्रेस ने की थी, लेकिन 10 साल में भी भाजपा इसे पूरा नहीं करवा सकी। आज भी यह मंडी उसी स्थिति में है, जहां कांग्रेस ने छोड़ी थी। कांग्रेस के समय में बनी सड़कें आज बुरी तरह से टूट चुकी हैं। भाजपा उन सड़कों को रिपेयर भी नहीं करवा पाई, जिस वजह से यहां की सड़कें गड्ढों में सिमट कर रह गई है। भाजपा ने पूरे प्रदेश की भी यह दुर्दशा कर रखी है। पहलवानों, किसानों, युवाओं,



कर्मचारियों के साथ भाजपा ने क्या किया यह किसी से अछूता नहीं है। भाजपा की गलत नितियों की वजह से आज अहीरवाल से लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस की लहर बन चकी है। उन्होंने कहा कि बतौर विधायक कुलदीप शर्मा ने हमेशा गन्नौर की आवाज उठाई और भविष्य में भी वो अपनी भूमिका को बखूबी निभाएंगे। कांग्रेस सरकार बनने पर गन्नौर में एक बार फिर विकास का पहिया तेज गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद 1.20 लाख कच्चे कर्मचारियों को नीति बनाकर रेगुलर किया जाएगा। साथ ही बुजुर्गों को 6000 रुपये पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ, युवाओं को पेपर व योग्यता के आधार पर 2 लाख पक्की नौकरियां, 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर और 300 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ दिया जाएगा। साथ ही बीजेपी सरकार द्वारा लटकाई गई भर्तियों को तीव्रता के साथ पूरा किया जाएगा और पहले साल के भीतर 1 लाख नौकरियां दी जाएंगी। पूर्व स्पीकार व कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप शर्मा ने कहा कि जनविरोधी नीतियों की वजह से भाजपा के पास अपने 90 उम्मीदवार भी नहीं हैं। वे दूसरी पार्टियों से उम्मीदवार चुरा रहे हैं।

## हजारों की भीड़ के साथ जगमोहन आनंद करेंगे नामांकन पत्र दाखिल : भारत भूषण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजमकुार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा जिला** कार्यालय कर्ण कमल में करनालविधानसभा चुनाव के नामांकन कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने एवं इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा के सभी मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा प्रभारियों की बैठक हुई, जिसमें उपस्थित सभी कार्यकताओं को भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने बताया कि करनाल विधानसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनंद द्वारा 11 तारीख बुधवार को सुबह 11 नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहेंगे। नामांकन से पूर्व सुबह 8 बजे हवन यज्ञ के उपरांत रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद भगवान दास अघी, कुलदीप शर्मा, एवं लेखराज गर्ग को चुनाव कार्यालय प्रमुख बनाया गया है। भाजपा जिला कार्यालय में समस्त देख देख कर रहे भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल ने बताया करनाल विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर इस नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## सांवल राम जांगिड़ बने खंड प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। अखिल भारतीय** जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अशोक पैकन ने की। बैठक में जिला महामंत्री सीताराम जांगिड़ ने प्रस्ताव रखा कि सभी मिलकर महेंद्रगढ़ खंड के अध्यक्ष का चुनाव करें। विचार-विमर्श करने के बाद नंबरदार राजकुमार जांगड़ा ने सांवल राम जांगिड़ के नाम का प्रस्ताव किया, जिसका माता प्रसाद जांगड़ा ने समर्थन किया और सर्व सम्मति से सांवल राम जांगिड़ को खंड प्रधान को चुना गया। सांवल राम जांगडा ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

# श्रीमद् भागवत महापुराण में गोवर्धन प्रसंग ने मन मोहा

**राष्ट्र समाज का उत्थान कर चिंतन करने वाला ही जीवित मनुष्य : राजेश वत्स**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः सात दिवसीय** श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ आयोजन सेक्टर-5 कुरुक्षेत्र में किया गया है। जिसमें कथा व्यास आचार्य राजेश वत्स जी महाराज ?ने चौथे दिन भक्तों को कथा के दौरान बाललीला, कालिया दमन, गोवर्धन धारण की अमृतमयी वर्षा किया। कथा व्यास आचार्य श्री राजेश वत्स ने उपस्थित श्रद्धालुओं में राष्ट्र भक्ति की अलख जलाते हुए कहा कि जो व्यक्ति राष्ट्र, समाज, परिवार के उत्थान का चिंतन नहीं करता वह जिंदा पशु के समान होता है। राष्ट्रीय सांस्कृतिक सामाजिक धार्मिक उत्थान करना जिंदा होने ही




सच्चे अर्थ में प्रमाण कहा। लोगों का आह्वान किया कि देश हित में अपने सपनों का त्याग करें। गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए राजेश वत्स जी महाराज ने कहा ब्रजभूमि में इंद्र की पूजा ना होकर इंद्र गुस्से में लाल पीले होने लगे। उन्होंने मेघों को आज्ञा दी कि वे गोकुल में जाकर बरसात कर दें। ब्रजभूमि में मूसलाधार बरसात होने लगी। बाल ग्वाल भयभीत हो उठे। श्रीकृष्ण की शरण में पहुंचते ही उन्होंने सभी को गोवर्धन पर्वत के शरण में चलने को कहा। जब गोवर्धन पर्वत की तराई में पहुंचे तो श्रीकृष्ण ने गोवर्धन को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर छाता तान दिया और सभी को मूसलाधार और वृष्टि से बचाया। यह चमत्कार देखकर इंद्र को अपनी गलती पर पश्चाताप हुआ और श्रीकृष्ण से क्षमा याचना की। इस अवसर पर संगीतमय कथा में सीता राम कश्यप ने भजन श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रहयो सुनाया। इस अवसर पर दिल्ली से बृजेश कालिया के अलावा कथा के यजमान अशोक भारद्वाज श्री शिव कुमार, सुरेंद्र शर्मा, सुनील कुमार ने सपरिवार सहित भाग लिया। कथा के अंत में महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

## विजय जैन और कांग्रेस पार्टी के लिए समर्थन मांगा

**पानीपत/(कमाल हुसैन)**

**जनसंपर्क अभियान** के तहत पानीपत ग्रामीण हलके के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय जैन के सपुत्र आर्यन जैन व पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने दलबीर नगर व राकेश नगर में जनसभाओं को संबोधित करके विजय जैन और कांग्रेस पार्टी के लिए समर्थन मांगा इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए आर्यन जैन ने कहा है कि मेरे पिता का राजनीति में आने का मकसद आप लोगों की सेवा करना है ना कि धन कमाना आर्यन जैन ने कहा है कि आप लोगों के आशीर्वाद से हमारे पास भगवान का दिया हुआ सब कुछ है ,बस अब तो एक ही इच्छा है कि बाहरी कॉलोनीयो में जो गरीब व्यक्ति वास करता है उनकी समस्याओं को सुनकर के उनका समाधान करवाना है लोगों को संबोधित करते हुए सतपाल राणा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से ग्रामीण हल्का विकास की दौड़ में पिछड़ गया है इस विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक ईमानदार व्यक्ति की जरूरत है। इस अवसर पर अनिकेत पांडे ,राहुल भूमिहार, रामबीर यादव, अजय पांचाल, सतीश पांचाल,धर्मवीर रावल, शांति देवी, कमला रानी ,बलवान प्रजापत ,मास्टर महावीर, रामभुल प्रजापत ,कमलेश वती, सुमन रानी, जगबीर सिंह, काला, सतीश कोहली, राजेंद्र शर्मा व सैकड़ो की संख्या में सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# डिजीटलाईजेशन से कुवि की कार्यप्रणाली में होगा गुणवत्तात्मक सुधार: सोमनाथ

**कुवि के आईक्यूएसी सेल द्वारा आईयूएमएस पोर्टल संबंधित बैठक आयोजित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि डिजीटलाईजेशन होने से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कार्यप्राणाली में गुणवत्तात्मक सुधार होगा तथा इससे विश्वविद्यालय कर्मचारियों के कार्य में पारदर्शिता, समय की बचत एवं उनकी क्षमता बढ़ेगी। वे सोमवार को फैकल्टी लॉज में आईक्यूएसी सेल द्वारा कुवि के डीन, विभागाध्यक्षों, उप-कुलसचिव, कुलसचिव व अधिकारियों के लिए आईयूएमएम पोर्टल के सम्बंध में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। कुवि को एनआईआरएफ रैंकिंग में 41वां रैंक प्राप्त हुआ जिसका सर्टिफिकेट सोमवार को प्राप्त हुआ और बैठक में आईक्यूएसी सेल के निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को इसको भेंट किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय का पूर्णतया डिजीटल करने के उद्देश्य से आईयूएमएस पोर्टल बनाया गया है जिससे विश्वविद्यालय का सम्पूर्ण डाटा डिजीटल रूप में उपलब्ध रहेगा। समय-समय पर विभिन्न एजेंसियों द्वारा विश्वविद्यालय से डाटा मांगा जाता है और इसको एकत्रित करने में बहुत समय एवं संसाधन लगते हैं। डिजीटल प्लेटफार्म पर डाटा आने के बाद यह सब प्रक्रिया सरल होगी और समय तथा संसाधनों की बचत होगी। इस अवसर पर आईक्यूएसी सेल के निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से यह बड़ा कार्य सम्पन्न हो पाएगा और विश्वविद्याय वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. अनिल वोहरा, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. रीटा, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, अरविंद कुमार सहित डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, उप-कुलसचिव, सहायक कुलसचिव मौजदू थे।

# बड़ी संख्या में लोगों ने आम आदमी पार्टी जॉइन किया: सुखबीर मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन )**

**पानीपत हलका** ग्रामीण के गावँ ब्राह्मण माजरा में यह सम्मान समारोह पर किया गया। इस सभा में महिला शक्ति ने आम आदमी पार्टी में अपनी रुचि दिखाई और बड़ी संख्या में लोगो ने आम आदमी पार्टी को जॉइन किया। इसके अलावा सभी वर्गों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिनके रमेश ,बलवान ,दिनेश शर्मा, अशोक, नरेंद्र, रणबीर ,राजेश ,जगदीश ,जय भगवान चौकीदार, दिलबाग चौकीदार ,धर्म सिंह फौजी , सत्यवान ,अंगूरी देवी, सुबह सिंह, जिले सिंह ,ओम प्रकाश ,ऋषि लाल ,रमेश मास्टर ,ओम प्रकाश, राजेश शर्मा ,रामकुमार, रामफल सरपंच , राम अन्य व्यक्तियों का सम्मान समारोह में सम्मान किया गया।

**इस सम्मान सभा में केजरीवाल की 5 गारंटी के बारे में जनता को बताया गया**

नंबर 1 गरंटी सबको मुफ्त बिजली और 24 घंटे बिजली । सबको अच्छा इलाज वह भी मुफ्त होगा। सरकारी स्कूल अच्छे किए जाएंगें।इस सभा पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक ने कहा हमें सभी का सम्मान करना चाहिए परंतु जो व्यक्ति विशिष्ट प्रकार की सेवाएं प्रदान कर रहा है उसका सम्मान करना बनता है हमारी पार्टी सभी का सम्मान करेगी और सभी मूल सुविधाएं प्रदान करेगी और लोगों को बताया आम आदमी पाटीर्की सरकार बनाने के लिए झाडू के निशान पर बटन दबाने के लिए अपील की।इस मौके पर टीम सुखवीर मलिक होशियार सिंह अमित नोहरा, शाकिर अन्सारी,महिंदर शर्मा राज कुमार मुंडे मोहिंदर सिंह,प्यारे लाल गुप्ता, व बहुत से साथी मौजूद रहे।

# हरिपुर स्कूल में प्राइमरी खेलों का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट की अगवाही में सीआरसी लेवल पर प्राइमरी की खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें जीपीएस बडाम स्कूल की प्रिया ने व-11 100 मीटर लड़कियों में प्रथम स्थान और जीपीएस खेड़ा की मन्नत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। व-11 100 लड़कों की प्रतियोगिता में जीपीएस बडाम के पंकज ने प्रथम और जीएमएस कतलेहरी के विराट ने द्वितीय स्थान, व- 11 200 लड़कियों की दौड़ में जीपीएस खेड़ा की मन्नत ने प्रथम और जीपीएस



हरिपुर की तन्वी ने द्वितीय स्थान, व- 11 200 लड़कों की प्रतियोगिता में जीपीएस हरिपुर के मयंक ने प्रथम ,जीपीएस हरिपुर के प्रज्वल ने द्वितीय ,जीपीएस बडाम के पंकज ने तृतीय और जीपीएस बडाम के अरमान ने चौथा स्थान प्राप्त किया ।400 मीटर रिले रेस अंडर 11 लड़कों की प्रतियोगिता में जीपीएस बडाम के पंकज ,जीपीएस हरिपुर के मयंक ,जीपीएस हरिपुर के गीतेश और जीएमएस कतलेहरी के विराट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। 400 मीटर व-11 रिले रेस अंडर लड़कियों की प्रतियोगिता में जीएमएस कतलेहरी की माही, जीपीएस हरिपुर की वैष्णवी ,जीपीएस बडाम की प्रिया और जीपीएस खेड़ा की मन्नत को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । व-11 400 मीटर लड़कों की प्रतियोगिता में जीपीएस हरिपुर के गीतेश ने पहला, जीएमएस कतलेहरी के विराट ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। व-11 गर्ल्स 400 मीटर की प्रतियोगिता में जीएमएस कतलेहरी की माही ने प्रथम और जीपीएस हरिपुर की वैष्णवी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । व-11 शॉट पुट लड़कों की प्रतियोगिता में जीपीएस कतलेहरी के विहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डीपीई अध्यापक श्री हरपाल जी सूढपुर विद्यालय से, श्री अक्षय कौशिक जी पीजीटी फिजिकल एजुकेशन हरिपुर विद्यालय, कतलेहरी विद्यालय से अध्यापक सुनीत जी डीपीई, कतलेहरी विद्यालय से जेबीटी टीचर श्रीमती कविता जी, हरिपुर विद्यालय से जेबीटी टीचर श्री अंग्रेज जी, बडाम विद्यालय से श्री बलजीत जी, सूढपुर से जेबीटी टीचर श्री अशोक जी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका निभाते हैं। खेलो से न केवल शारीरिक बल्कि मस्तिष्क का विकास भी होता है।

# किसानों का दाना-दाना खरीदने के लिए सरकार प्रतिबद्धः जिंदल

**चावल व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सांसद नवीन जिंदल ने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी को लिखा पत्र**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : चावल के** निर्यात एवं भंडारण में आ रही समस्याओं को लेकर सांसद नवीन जिंदल ने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र भेज कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया है। सांसद नवीन जिंदल में केंद्रीय मंत्री से इन समस्याओं को जल्द दूर करने का आग्रह किया है। समस्या को लेकर चावल व्यापारियों की ओर से सांसद को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें व्यापारी एसोसिएशन ने उनके संज्ञान में लाया था कि 2023 में केंद्र सरकार ने टूटे टुकड़ा चावल



के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही बासमती चावल की विभिन्न किस्मों के लिए 950 अमेरिकी डॉलर प्रति टन न्यूनतम निर्यात मूल्य तय किया था। इसके निर्यात पर 20% शुल्क भी लगाया गया था। इस घोषणा को

**दावा**

**बासमती चावल और इसकी विभिन्न किस्मों पर चावल किस्मों के निर्यात पर 20% शुल्क हटाया जाए**

लागू हुए एक साल हो चुका है। जिसके चलते गोदामों में चावल रखने के लिए स्पेस की कमी आ रही है। अब तक करीब 563 लाख टन से अधिक माल केंद्रीय पूल में पड़ा हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि एक अक्टूबर से सरकारी खरीद शुरू हो रही है। ऐसे में धान व चावल को कहां स्टोर किया जाएगा। यह बड़ी समस्या है। सांसद को दिए मांग पत्र के जरिए एसोसिएशन ने बात रखी थी कि परमल और टुकड़ा चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटाया जाए। बासमती चावल और इसकी विभिन्न किस्मों पर 950 अमेरिकी डॉलर प्रति टन की एमईपी समाप्त करते हुए चावल किस्मों के निर्यात पर 20% शुल्क हटाया जाए। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों का दाना दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। 22 लाख मैट्रिक टन से अधिक चावल की आपूर्ति देने के साथ कुरुक्षेत्र लोकसभा इसमें अग्रणी है। गोदामों में जगह ना होने के कारण व्यापारियों को मिलिंग के कार्य में कठिनाई हो रही है। इसलिए उपरोक्त समस्याओं को जल्दी हल किया जाए। सांसद जिंदल ने बताया कि केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी से उन्हें पूरी उम्मीद है कि व्यापारियों एवं किसानों की इन समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदन बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी लगातार प्रयासरत है। किसी भी किसान या व्यापारी को समस्या नहीं आने दी जाएगी।

# महेंद्रगढ़ पुलिस की विभिन्न थानों की टीमों ने नशीला पदार्थ गांजा किया बरामद

**टीम एवशन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्र गढ ।पुलिस अधीक्षक** अर्श वर्मा के दिशाझनिदेशों में महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा जिला भर में अवैध नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत कार्रवाई करते हुए महेंद्रगढ़ पुलिस की थाना सदर कनीना, थाना शहर महेंद्रगढ़ और सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीमों ने अवैध नशीला पदार्थ गांजा सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित सवाई सिंह वासी गांव खेड़ी से 530 ग्राम गांजा, आरोपित राजेश उर्फ लीलू वासी रिवासा कॉलोनी महेंद्रगढ़ से 48 ग्राम गांजा और अमित वासी कुराहवटा हाल आबाद शंकर कॉलोनी से 151 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की। आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी ने जिले के सभी थाना प्रबंधकों, सीआईए टीमों को अपनेझअपने क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। कनीना सदर थाना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव खेड़ी क्षेत्र से 530 ग्राम गांजा सहित आरोपित सवाई सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपित गांजा की पुड़िया बनाकर बेचने का काम करता था। आरोपित के खिलाफ थाना सदर कनीना में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। महेंद्रगढ़ शहर थाना की पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि राजेश उर्फ लीलू निवासी रिवासा कालोनी महेन्द्रगढ नशीला प्दार्थ गांजा लिए हुए कनीना रोड एउल्र पोलोक्लीनिक (महेन्द्रगढ) के पास खडा है।

पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरंत प्रभाव से बतलाए हुए स्थान पर रेड कर आरोपित को नशीले पदार्थ सहित पकड़ लिया और थाना शहर महेंद्रगढ़ में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# दिवाली पर पटाखे नहीं फोड़ सकेंगे दिल्लीवाले

## प्रदूषण रोकने के लिए दिल्ली में एक जनवरी तक पटाखों के निर्माण व ऑनलाइन बिक्री पर बैन

**वायु प्रदूषण**

**प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने को लेकर पुलिस, डीपीसीसी और राजस्व विभाग के साथ मिलकर योजना बनाई**






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार ने वायु** प्रदूषण से निपटने के लिए एक जनवरी तक पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इसके निर्देश दिए हैं। सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी दिल्ली में पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। एक जनवरी 2025 तक पटाखों की ऑनलाइन बिक्री और डिलीवरी पर भी प्रतिबंध रहेगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने को लेकर दिल्ली पुलिस, डीपीसीसी और राजस्व विभाग के साथ मिलकर कार्य योजना बनाई जाएगी। सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 21 फोकस बिंदुओं पर आधारित विंटर एक्शन प्लान बना रही है।

**एक जनवरी 2025 तक रहेगा प्रतिबंध:** गोपाल राय ने बताया कि पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध एक जनवरी 2025 तक लागू रहेगा। कहा कि प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने को लेकर दिल्ली पुलिस, डीपीसीसी और राजस्व विभाग के साथ मिलकर कार्य योजना बनाई जाएगी।

**दिल्ली सरकार बना रही प्लान**
आप नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 21 फोकस बिंदुओं पर आधारित विंटर एक्शन प्लान बना रही है।

### आनंद विहार-अप्सरा बॉर्डर तक एलिवेटेड कॉरिडोर तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आनंद विहार-अप्सरा बॉर्डर के बीच तैयार एलिवेटेड कॉरिडोर को पूरी तरह खोलने की तारीख जल्द तय होगी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इस मामले में दिल्ली सरकार को फाइल भेजी है। इसमें उद्घाटन के लिए समय मांगा है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद उन्हीं से उद्घाटन कराया जाएगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का कहना है कि कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। ट्रायल के तौर पर व्यस्त समय में यातायात भी चलाया जा रहा है। परियोजना में कई पेड़ आ रहे है,



जिन्हें काटने की जरूरत है। इसके लिए दो साल पहले वन विभाग से अनुमति से मांगी गई थी, लेकिन अनुमति अभी तक नहीं मिल सकी है। विभाग पेड़ों को हटाए बिना यातायात शुरू करेगा। कॉरिडोर के बीच में आ रहे पेड़ के पास बैरिकड लगाया जाएगा। बता दें कि 1.2 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर रामप्रस्थ नगर, सूर्य नगर और श्रेष्ठ विहार की रेड लाइट खत्म करेगा। इससे सीमापुरी और आनंद विहार के बीच सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी। आनंद विहार पूर्वी दिल्ली को गाजियाबाद और नोएडा से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण ट्रांजिट हब है। यह कॉरिडोर दिलशाद गार्डन, शाहदरा, प्रीत विहार, लक्ष्मी नगर और आसपास के इलाकों को कवर करेगा। कॉरिडोर के पूरी तरह से खुल जाने के बाद इस पर प्रतिदिन लगभग 1.48 लाख वाहन चलेंगे।

# पुलिस ने मेट्रो परिसर में पाई कई खामियां

## डीएमआरसी से हाई डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा, मेट्रो पुलिस द्वारा कराए गए सुरक्षा आडिट में मेट्रो परिसरों में पाई गई कई खामियां, मेट्रो परिसरों में कई जगहों पर अंधेरा होने के कारण अपराधी यात्रियों को बनाते हैं शिकार




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी** में आबादी बढ़ने के साथ-साथ दिल्ली मेट्रो रेल कापोरेशन (डीएमआरसी) मेट्रो स्टेशनों का विस्तार तो करती जा रही है, लेकिन मेट्रो परिसरों में सुरक्षा के बाबत अधिक ध्यान नहीं दे रही है, जिससे मेट्रो परिसरों में यात्रियों के साथ दिन प्रतिदिन आपराधिक वारदातें बढ़ने लगी हैं। अपराध बढ़ने के कारणों का पता लगाने के लिए मेट्रो पुलिस द्वारा हाल में कराए गए सुरक्षा ऑडिट में विभिन्न तरह की खामियां पाई गई। मेट्रो पुलिस के विशेष आयुक्त रोबिन हिब्बू ने इसे दूर करने के लिए डीएमआरसी को पत्र लिख मेट्रो परिसरों के बाहर की तरफ भी जल्द से जल्द हाई डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाने के अलावा, निजी सुरक्षा गार्डों की तैनाती और अंधेरे वाले जगहों पर पर्याप्त लाइटें लगाने का अनुरोध किया गया है।

**परिसर के बाहर लाइट नहीं रहने से बढ़ रहे अपराध**
पत्र में कहा गया है कि कई मेट्रो स्टेशन परिसर में बाहर की तरफ बिजली की व्यवस्था न होने के कारण रात के समय अंधेरा पसरा रहता है, जिस कारण अपराधी, यात्रियों के साथ लूटपाट, झपटमारी, चोरी व महिलाओं के साथ छेड़खानी की वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार होने में कामयाब हो जाते हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि पहले भी कई बार मेट्रो पुलिस की ओर से इस तरह का सुझाव दिया गया है लेकिन सुरक्षा के मसले पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

### खालिस्तानी नारे लिखे जाने से खामियां उजागर

**हाल** के वर्षों में मेट्रो की दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखे जाने के मामले ने डीएमआरसी के सुरक्षा ढांचे में खामियों को उजागर किया है। सुरक्षा आडिट में कई गंभीर कमियों की पहचान की गई हैं। सीसीटीवी कवरेज अपर्याप्त हैं, मेट्रो ट्रैकों पर कई जगहों पर ब्लैक स्पाट यानी वहां अंधेरा पसरा रहता है। ऐसे में परिसर के चारों तरफ, पार्किंग में व साइड ट्रैक सहित चिह्नित किए गए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त हाई डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा गया है।

**हर मेट्रो स्टेशन पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगाने की मांग**
मेट्रो स्टेशनों पर रेल के सामने छलांग लगा यात्री खुदकुशी कर लेते हैं। कुछ ही मेट्रो स्टेशनों पर प्लेटफार्म स्क्रीन डोर लगे हुए हैं। इसके लगे होने से यात्री रेल के सामने छलांग नहीं लगा सकते हैं। इस तरह की व्यवस्था हर मेट्रो स्टेशन पर करने के लिए फिर से कहा गया है।

# कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राउज एवेन्यू कोर्ट ने अदालत ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को धन शोधन के एक मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने कहा कि उन्हें 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में रखा जाएगा। न्यायाधीश ने यह आदेश प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अदालत को बताए जाने के बाद पारित किया कि आरोपी को इस समय और अधिक हिरासत की आवश्यकता नहीं है। ईडी ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। खान को पूर्व में दी गई सात दिन की ईडी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया। ईडी ने अदालत को बताया कि यदि खान को रिहा किया गया, तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। साथ ही, जांच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। एजेंसी ने अदालत को बताया कि खान अपनी पिछली रिमांड अवधि के दौरान सहयोग नहीं कर रहा था। इस बीच, खान के वकील ने ईडी के आवेदन का विरोध किया। उन्होंने अदालत से अपने मुवक्किल को रिहा करने का

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पुल प्रह्लादपुर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई तो वहीं बेटी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। आज दोपहर को पुल प्रह्लादपुर में शिव मंदिर रेड लाइट के पास हादसे की पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि एमसीडी ट्रक ने एक बाइक पर सवार बेटी और उसके पिता को टक्कर मार दी। दोनों की पहचान पिता-पुत्री के रूप में हुई है, जो पुल प्रह्लादपुर के रहने वाले हैं। डॉक्टर ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया और घायल अंशिका का इलाज चल रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण क्राइम टीम ने किया है।

# सेंधमारी और वाहन चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेब सराय थाना पुलिस टीम ने सेंधमारी और वाहन चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह रिश्तेदारी में जीजा साला हैं। इनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल, हाउस ब्रेकिंग हथियार, दो बटनदार चाकू भी बरामद किया गया है। यह दोनों गुजरात से दिल्ली आकर वारदात करते हैं। फिर वारदात के बाद वापस गुजरात भाग जाते हैं। ये दोनों 20 वारदात में शामिल रहे हैं। पुलिस को चकमा देने के लिए अपने साथ दो अलग-अलग एड्रेस रखते थे। वे दो ड्रेस रखते थे। एक ड्रेस जिसे पहनकर वारदात को अंजाम देते और दूसरा वह जिसे वारदात को अंजाम देने के बाद



बदलकर फिर फरार हो जाते थे। जिससे कि पुलिस को पहचान करने में कंफ्यूजन हो। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान लखन सिंह और कीर्ति पाल सिंह के रूप में हुई है। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला नेब सराय थाना में दर्ज किया गया है। इनकी गिरफ्तारी से फिलहाल 6 मामलों का खुलासा भी किया गया है। इन्हें एसएचओ राकेश डडवाल की देखरेख में पुलिस टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान सैनिक फार्म फॉरेस्ट एरिया के पास से पकड़ा। जब इन दोनों को संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल से जाते हुए जांच के लिए रोका गया था। लेकिन पुलिस को देखकर इन्होंने बाइक को अचानक यू टर्न मोड़ा और वहां से फरार होने लगे। पुलिस का शक और बढ़ गया, पीछा करके दोनों को पकड़ा। पूछताछ हुई तलाशी ली गई, फिर इनके बारे में पूरी जानकारी मिली। जिस मोटरसाइकिल से यह भाग रहे थे, वह केशवपुरम थाना इलाके से चोरी की निकली। इन्होंने पुलिस को बताया की वह गुजरात से ट्रेन से दिल्ली आते थे। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन उतरने के बाद आसपास के किसी गेस्ट हाउस या होटल में रुकते।

**काबू किया**

**इनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल, हाउस ब्रेकिंग हथियार, दो बटनदार चाकू भी बरामद किया गया है**

# सीबीआई ने अभियंता को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता मोहम्मद अली खान और एक बिचौलिए को उसके बेटे सहित 91,500 रुपये की रिश्वत की राशि की लेते हुए गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता के परिसर से 2.39 करोड़ रुपये की नकदी बरामद भी बरामद की गई। सीबीआई ने यह जानकारी सोमवार को दी। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, एक शिकायतकर्ता की शिकायत के बाद डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता अभियंता मोहम्मद अली खान सहित पांच निजी व्यक्तियों के खिलाफ एक दिन पहले रविवार को मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि आरोपित वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता भ्रष्ट आचरण में लिप्त रहा है। वह डीपीसीसी सहमति के नवीनीकरण के लिए निजी फर्मों के प्रतिनिधियों से रिश्वत लेता रहा है। इसमें एक निजी व्यक्ति बिचौलिए और सलहाकार की भूमिका में काम कर रहा है। इसके बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया। सीबीआई ने जिन पांच आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, उसमें डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता मोहम्मद अली खान के अलावा बिचौलिये भागवत शरण सिंह और उसका बेटा किश्नय शरण सिंह, मेसर्स राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स का प्रोप्राइटर राजकुमार चुघ, मेसर्स राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स और मेसर्स एमवीएम नरेला के प्रोप्राइटर गोपाल नाथ कपूरिया का नाम शामिल है।

# इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी कर ले जा रहा था युवक, रास्ते में खत्म हो गई बैट्री तो पकड़ा गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मोती नगर थाना पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान विजय विहार के अजय के रूप में हुई है। आरोपित के पास से दो स्कूटी व मोबाइल बरामद किया है। आरोपित पहले भी चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताय कि मोती नगर थाने में इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि स्कूटी में बैट्री बहुत कम थी।

**फंस गया**

**आरोपित के पास से दो स्कूटी व मोबाइल बरामद किया है। आरोपित पहले भी चोरी में शामिल रहा है**

**धक्का मारकर ले जा रहा था स्कूटी**
आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस कर्मियों ने आसपास के इलाकों में तलाश शुरू की। इस




दौरान पुलिस कर्मी शिकायतकर्ता को लेकर अपने साथ गए। इस दौरान उन्होंने कर्मपुरा टर्मिनल के पास एक युवक को स्कूटी को धक्का मारकर ले जाते हुए देखा। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपित अजय ने बताया कि उसने करीब पांच महीने पहले रमेश नगर इलाके से एक और स्कूटी चोरी की थी और करीब चार से पांच महीने पहले दस्तावेजों से भरा एक बैग और एक मोबाइल फोन चुराया था। उसने आगे बताया कि उसने चोरी का मोबाइल चोरी की स्कूटी की सीट के नीचे छिपा दिया था, जो मिलन सिनेमा के परित्यक्त सरकारी क्वार्टर के पीछे खड़ी है इसके बाद स्कूटी व मोबाइल बरामद कर लिया गया।

**स्कूटी चोरी कर दूसरे राज्यों में बेचने वाले गिरफ्तार**
उधर, पश्चिमी जिले की एएटीएस टीम ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की चार स्कूटी बरामद की है। आरोपितों की पहचान उत्तम नगर के निखिल सिंह व बुढ़ेला गांव के सुमित कुमार पांडे के रूप में हुई है। वह एक वर्ष से स्कूटी चोरी कर रहे थे व बाद में उन स्कूटी को हरियाणा, राजस्थान आदि राज्यों में बेच देते थे। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपित अब तक कितनी स्कूटी बेच चुके हैं और स्कूटी किसको बेची हैं।

# शीश महल मौसम की मार से हुआ जर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुगल शासक औरंगजेब की जहां ताजपोशी हुई थी, उस ऐतिहासिक शीश महल का संरक्षण कार्य शुरू हो गया है। शालीमार बाग स्थित यह मुगलकालीन स्मारक जल्द ही अपने वास्तविक स्वरूप में दिखेगा। ऐसे में यह देसी-विदेशी पर्यटकों को दूर से ही आकर्षित करेगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) इसके मुख्य ढांचे को संरक्षित कर रहा है। यह कार्य अलग-अलग चरण में पूरा किया जाएगा। एएसआई का विशेष जोर मुख्य ढांचे को पुराने स्वरूप में लाना है। एएसआई ने महल को संरक्षित करने की समय सीमा चार माह रखी है। कभी शाहजहां की बेगमों का आरामगाह रहा शीश महल, लंबे समय से उपेक्षा का दंश झेल रहा था।

**1983 से एएसआई के संरक्षण में शीश महल:** 17वीं सदी के शीश महल का संरक्षण लंबे समय बाद किया जा रहा है। यह स्मारक वर्ष 1983 से एएसआई के संरक्षण में है। संरक्षण में राजस्थान के लाल बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही, पतली लाल रंग की ईंटों का भी उपयोग हो रहा है। मुख्य ढांचे के संरक्षण होने के बाद प्लास्टर प्रक्रिया को लाइम पनिंग के माध्यम से संरक्षित किया जाएगा। इसमें संरचना को ठीक करने और गैप को भरने के लिए चूना, सुर्खी, गुड़, बेलगिरी और अरहर की दाल का इस्तेमाल होगा

समय के साथ जर्जर हो गई है इमारत यह ऐतिहासिक इमारत समय के साथ जर्जर हो गई है। मौसम की मार व समय के साथ इसमें दरारें आ गई हैं।

# सफदरजंग अस्पताल ने 9 वर्षीय बच्चे का किया सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सफदरजंग अस्पताल में 9 साल के बच्चे का पहला सफल बाल बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया। बच्चों में किया गया यह पहला बोन मैरो ट्रांसप्लांट का मामला है। सोमवार को वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल (एसजेएच) के बाल चिकित्सा हेमेटोलॉजी ऑन्कोलॉजी (पीएचओ) प्रभाग ने बताया कि बच्चों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट करके महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विभाग के एचओडी डॉ. रतन गुप्ता ने बताया कि उच्च जोखिम वाले हॉजकिन लिंफोमा से पीड़ित 9 वर्षीय बच्चे पर यह प्रक्रिया निशुल्क की गई।

# शिक्षाविद सन्तराम भारद्वाज के जीवन चरित्र पर आधारित पुस्तक का हुआ विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भगवान** परसुराम भवन त्रिनगर में दिल्ली के जाने माने शिक्षाविदों में एक नाम पंडित सन्तराम भारद्वाज जो पिछले 3 दशकों से ब्राह्मण सभाओं की रीढ़, श्री ब्राह्मण सभा त्रिनगर के मुख्य संरक्षक, दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा(पंजी०) के संस्थापक अध्यक्ष की जीवनी पर लेखक इंदरजीत शर्मा हिंदी साहित्य के प्रखर लेखक ने अपनी लेखनी से वयोवृद्ध, अपने आप में एक संस्था, माता शिव देवी पब्लिक स्कूल केसवपुरम त्रिनगर व टी एन पब्लिक स्कूल कृष्ण विहार दिल्ली के सीनियर सेकंडरी स्कूल के संस्थापक, ऐसे ब्राह्मण नेता व शिक्षाविद श्री सन्तराम भारद्वाज के जीवन चरित्र पर पुस्तक के रूप में कलमबद्ध किया,आज इस पुस्तक का विमोचन किया गया।

सन्तराम भारद्वाज के साथ संस्थापक महासचिव दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा (पंजी०) 1996 से सन 2000 तक साथ मिल दिल्ली में ब्राह्मण सभा की अलख जगाने वाले आचार्य विद्यारतन भारद्वाज ने बताया कि भगवान परसुराम भवन के वातानुकूलित



भवन में इस अवसर पर अध्यक्षता गौड़ सिटी उतर प्रदेश/नोएडा के संस्थापक व ब्राह्मण चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित भगवान परसुराम तकनीकी संस्थान सेक 11 रोहिणी में एक दानी रूप में प्रशिद्ध बी एल गौड़ ने की, चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल, केसवपुरम जोन के चेयरमैन योगेश वर्मा, त्रिनगर से एम एल ए जितेंद्र तोमर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चत्तर सिंह, भगवान परसुराम तकनीकी संस्थान के चेयरमैन विनोद वत्स, पूर्व निगम पार्षद शम्भू शर्मा पुत्रस्वर्गीय पंडित मदनलाल शर्मा, बीजेपी दिल्ली के उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष व भगवान परसुराम भवन के अध्यक्ष मोहन लाल गौड़, ओमप्रकाश पाराशर महासचिव भगवान परसुराम भवन,आचार्य विद्यारतन अध्यक्ष ब्राह्मण समाज दिल्ली एनसीआर(पंजी०) एवं चेयरमैन ब्राह्मण वैवाहिक बोर्ड उतर भारत,पंडित मांगेराम हमीदपुरिया उपाध्यक्ष ब्राह्मण समाज दिल्ली एनसीआर,ब्राह्मण संघ के सर संचालक पंडित राधेश्याम शर्मा हरेवलिया आदि अनेक सामाजिक,राजनैतिक, ब्राह्मण विभूतियों के साथ




स्कूल के सभी शिक्षक /शिक्षकाएँ और विशेष रूप से एडवोकेट सौरभ शर्मा के साथ सभी परिवार की बेटियां, पुत्रवधु, परपौत्र व पुत्रजनो के साथ बहुत से प्रियजनों ने इस असवर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस आजोजन पर सबसे आकर्षण का केंद्र रहे वर्तमान में हरिद्वार से सांसद,पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड, पूर्व केंद्रीय मंत्री व हिंदी साहित्य के जाने माने लेखक जिन्होंने 100 से ज्यादा पुस्तकें लिखीं हैं पंडित डॉ० रमेश पोखरियाल निशंक जिन्होंने पंडित सन्तराम भारद्वाज जीवनी पर लिखी पुस्तक का लोकार्पण किया।

अपने उद्धघोषण में भारद्वाज को बधाई दी व लंबी जीवन यात्रा को इसी तरह से समाज की सेवा करते रहें इसकी कामना भी की। इसी तरह अपने अध्यक्षीय भाषण में बी एल गौड़ गौड़ सिटी के संस्थापक ने संतराम की भूरी भूरी प्रशंसा की व सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को व सभी वयोवद्ध जनों के जीवन पर इसी तरह से जीवनी लिखनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को अपने बुजुर्गों की तपस्या की जानकारी हो सके। गौरतलब है इंदरजीत शर्मा जी ने गौड़ साहिब की जीवनी पर भी पुस्तक लिखी है, जिसका लोकार्पण भी बहुत विशाल आयोजन में किया गया था, अपने उद्धघोषण में गौड़ साहिब जी ने जिस वातानुकूलित भगवान परसुराम भवन में यह कार्यक्रम हो रहा था उसके विषय पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि त्रिनगर के ब्राह्मणों ने होटल की तरह 5 मंजिले भवन में वातानुकूलित कमरे, हाल, हर फ़्लोर पर किचेन बना कर बहुत अनूठी मिसाल रखी है, उन्होंने विशेष तौर पर आगामी 2 अक्टूबर भगवान परसुराम भवन के स्थापना दिवस पर मोहन लाल गौड़ अध्यक्ष का आग्रह स्वीकार किया व अवश्य आएंगे पूरा तरह आश्वस्त किया।

लगभग 4 घंटे चले इस प्रोग्राम का स्टेज का संचालन दीपक जोशी ने बखूबी से निभाया व अंत में मोहनलाल गौड़ ने आये हुए सभी ब्राह्मण नेताओं, राजनेताओं व अन्य सभी स्कूल स्टाफ के साथ सभी समाज से आये अतिथियों का धन्यवाद किया व सबको भोजन पर आमंत्रित किया।

# हकेंवि में पांच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को पांच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो नई दिल्ली के सहयोग से 13 सितंबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के उपनिदेशक नरेश कुमार व सहायक निदेशक जगत सिंह रोहिल्ला विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि ये पांच दिन राजभाषा हिंदी के नहीं बल्कि संस्कृति के पांच दिन हैं। अवश्य ही प्रतिभागी इन पांच दिनों में हिंदी के अनुवाद प्रशिक्षण में विभिन्न पहलुओं से लाभांवित होंगे। कुलपति ने आयोजकों को प्रतिदिन प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत पांच प्रण से भी अवगत कराने व उन पर विमर्श करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि यदि विद्यार्थी स्वभाषा में अध्ययन करेगा तो वह सफलता की नई ऊचाइंयों को प्राप्त कर सकता है और यही कारण है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। कुलपति ने अपने संबोधन में अनुवाद के महत्त्व का उल्लेख करते हुए इसकी आवश्यकता व उपयोगिता से प्रतिभागियों को अवगत कराया। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने बताया कि किस प्रकार भाषा भारत के विकास के लिए अनिवार्य तत्व है। उन्होंने कहा कि भाषा जनमानस की संस्कृति का द्योतक है। अपनी संस्कृति को संजोने के लिए भाषा को बचाना और उसे बढ़ाना अति आवश्यक है। हिंदी अधिकारी डॉ. कमलेश कुमारी ने विशेषज्ञों व प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विशेषज्ञ नरेश कुमार ने संक्षिप्त अनुवाद कार्यक्रम की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराया और केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा संचालित विभिन्न अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में जगत सिंह रोहिल्ला ने इस अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम से निश्चित रूप से लाभ प्राप्त करने हेतु आशान्वित किया। उद्घाटन सत्र का समापन विश्वविद्यालय हिंदी सलाहकार समिति के अध्यक्ष व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव द्वारा औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व नराकास के सदस्या ने प्रतिभागिता की।



# कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत स्लम एरिया में लगाएं जागरूकता कैंप: यश जालुका

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजमकुार प्रिंस**

**करनाल। राष्ट्रीय** कृमि मुक्ति कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोमवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समन्वयक कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने की। एडीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम के तहत स्लम एरिया में जागरूकता कैंप लगाएं और शत प्रतिशत लक्षित बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली अवश्य खिलाई जाए। कोई भी वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि ईंट भट्ठों व ढाबों पर काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों को भी चिन्हित करें। इस कार्य के लिए आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपना पूर्ण सहयोग दें। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक से 19 वर्ष के सभी बच्चों एवं 20 से 24 वर्ष की आयु की सभी महिलाओं, जो गर्भवती ना हों तथा स्तनपान न करवा रही हों, को कृमि मुक्त करना है। उन्होंने सहायक आयुक्त प्रशिक्षणाधीन, सीएमओ, मेडिकल ऑफिसर सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्यक्रम की रैंडमली चेकिंग करें और इसकी रिपोर्ट अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में दें। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए तथा प्रचार सामग्री छपवाकर कैंपों में वितरित की जाए। इसके अलावा प्रशासन द्वारा शहर में स्थापित सभी एलईडी पर भी ऑडियो-वीडियो का प्रसारण करवाया जाए।



## न्यूज फ्लैश

### प्रदेश स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में हुआ खिलाड़ियों का चयन



**गन्नौर। गुरुग्राम में** प्रदेश सरकार की तरफ से होने वाली राज्य स्तरीय स्कूली वालीबाल प्रतियोगिता में रतिराम स्कूल के 14 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। स्कूल के प्राचार्य रविंद्र धनखड़ ने बताया कि राज्य स्तरीय वाली प्रतियोगिता में उनके स्कूल से अंडर-14 में आर्यन, दीपांशु, दितेश, आयुष, अंडर-17 में हिमांशु, जतिन, लोकेश, तुषार, अंश, अंडर-19 में जतिन, प्रतीक, शुभम, आर्यन व सागर खेलेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पूर्व मंत्री कर्णदेव जल्द कांग्रेस में होंगे शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजमकुार प्रिंस**

**करनाल। जिले की इंद्री** विधानसभा में बीजेपी के टिकट वितरण से नाराज चल रहे पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कंबोज जल्द ही कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। इसको लेकर दिल्ली में कंबोज की पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा से मुलाकात हो चुकी है, जहां से उनको पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। हालांकि कंबोज को कांग्रेस से टिकट मिलेगा या नहीं, इसको लेकर न तो भूपेंद्र हुड्डा ने कुछ कहा है और न ही कर्णदेव कंबोज ने। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि उनको टिकट इंद्री से भी मिल सकता है और रादौर से भी। अगर कांग्रेस उनको इंद्री सीट से टिकट देती है तो राकेश कंबोज के टिकट पर संकट के बादल छाना लाजमी है। इंद्री से कर्णदेव कांबोज का टिकट कटा और उन्होंने बगावत कर दी। उनको मनाने के लिए 3 दिन पहले रादौर में सीएम नायब सैनी भी पहुंचे थे। नायब सैनी से भी कंबोज नहीं माने। फिर भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी विप्लव देव ने कंबोज को दिल्ली में बुलाया और मीटिंग की, लेकिन बात नहीं बनी। कंबोज का कहना है कि मनोहर लाल हरियाणा से बीजेपी का सफाया करवाना चाहते हैं। हरियाणा के टिकटों में आज भी उन्हीं की चल रही है, जबकि विप्लव देव और सीएम नायब सैनी सुलझे हुए व्यक्ति हैं। हुड्डा से मुलाकात के बाद कर्णदेव कंबोज ने 10 सितंबर को अपने कार्यकताओं की बैठक इंद्री में बुलाई है। इसके बाद स्पष्ट है कि इंद्री विधानसभा में कोई बड़ा खेला होने वाला है। हालांकि कंबोज यह बात जरूर कह रहे हैं कि उनकी हुड्डा से टिकट को लेकर कोई बात नहीं हुई है। कांग्रेस कर्णदेव कंबोज को इंद्री विधानसभा से टिकट दे देती है तो बीजेपी को एक बहुत बड़ा झटका लग सकता है। कंबोज इंद्री की राजनीति में एक बड़ा चेहरा है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी की विधानसभा में मुश्किलें बढ़ सकती है। अब देखने वाली बात है कि 10 सितंबर को होने वाली मीटिंग में क्या फैसला होता है। कर्णदेव कंबोज भाजपा से कांग्रेस में एंट्री करेंगे और क्या पता टिकट भी लेकर आ जाएं। ऐसे में कांग्रेस से टिकट के दावेदारों में कहीं न कहीं दूसरे दल के प्रत्याशी को टिकट दिए जाने और उनका टिकट कटने से भी असंतोष फैल सकता है। अभी तक की स्थिति यह है कि राकेश कंबोज का यहां से टिकट लगभग फाइनल ही माना जा रहा है। वहीं भीमसेन मेहता, नव ज्योत कश्यप भी टिकट की लाइन में है। कर्णदेव की एंट्री से कही कांग्रेस के दावेदारों में भाजपा की तरह विरोध न हो जाए।

### रॉयल एनफील्ड ने हरियाणा में बुलेट 350 'बटालियन ब्लैक' एडिशन को लॉन्च किया

**हिसार।** मिड-साइज मोटरसाइकिल सेगमेंट ( 250सीसी-750सीसी) में ग्लोबल लीडर रॉयल एनफील्ड ने अपनी प्रतिष्ठित बुलेट 350 का 'बटालियन ब्लैक' संस्करण लॉन्च कर दिया है। बुलेट की मशहूर मजबूती और ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस नए मॉडल को बुलेट समुदाय के प्रति एक विशेष उपहार के रूप में पेश किया गया है। स्थायी सुंदरता और बेहतरीन डिजाइन के साथ, यह मॉडल रॉयल एनफील्ड के वफादार प्रशंसकों से गहरा जुड़ाव स्थापित करता है। इस त्योहारी सीजन में 'बुलेट बटालियन ब्लैक' एडिशन मोटरसाइकिल प्रेमियों के बीच एक नया जोश भरने के लिए तैयार है। टेस्ट राइड और बुकिंग आज से हरियाणा के 75 से ज्यादा स्टोर्स पर शुरू हो चुकी है, जहां बुलेट की समृद्ध विरासत कायम है। 90 सालों से ज्यादा समय से लगातार बन रही रॉयल एनफील्ड बुलेट आज भी अपनी पहचान बनाए हुए है। नई बुलेट 'बटालियन ब्लैक' एडिशन  का डिजाइन उन लोगों के लिए खास है जो अपनी पसंदीदा बाइक में पुराना स्टाइल चाहते हैं। रॉयल एनफील्ड ने इस मॉडल में कुछ पुराने डिजाइन वापस लाकर यादों को ताजा किया है, जैसे बेंच सीट, विंटेज स्टाइल टेल लाइट, हाथों से पेंट की गई सोने की पिनस्ट्रिप्स, टैंक और साइड पैनल बैज, स्पोक व्हील्स के साथ क्रोम रिम और ब्लैक मिरर। इसमें 300 एमएम फ्रंट डिस्क और 153 एमएम रियर ड्रम ब्रेक के साथ सिंगल चैनल एबीएस भी है।

# डॉ. मनीष को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। प्रदेश में होने** वाले विधानसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी की ओर से प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। आम आदमी पार्टी की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष जिले के गांव बवानियां निवासी डॉ. मनीष यादव को महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इस मौके पर आप पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। डॉ. मनीष यादव ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत के दम पर उन्हें पार्टी ने टिकट दिया है। अब एक बार फिर से कार्यकताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियां जनता तक पहुंचानी होगी ताकि कार्यकताओं की मेहनत के बल पर प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रहीं हो लेकिन महेंद्रगढ़ जिला के साथ शुरू से भेदभाव होता आया हैं। महेंद्रगढ़ जिला की गिनती सबसे पिछड़े क्षेत्रों में आती हैं। महेंद्रगढ़ का प्रत्येक व्यक्ति अब राजनीतिक बदलाव चाहता हैं। क्षेत्र की जनता आप पार्टी की सरकार बनाने का मन बना चुकी है ताकि क्षेत्र को पिछड़ेपन से छुटकारा मिल सकें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी प्रदेश में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी हैं। प्रदेश में जिस तरह पार्टी को जनता का सर्मथन मिल रहा है उससे अनुमान लगाया जा सकता है कि आगामी चुनाव में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। डॉ. मनीष यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता को केजरीवाल सरकार की ईमानदारी व जनहितैषी नीतियां काफी पंसद आ रहीं हैं। प्रदेश की जनता कांग्रेस व भाजपा सरकार से परेशान आ चुकी हैं। प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आएगा। इस बार आप पार्टी हरियाणा में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगी। प्रदेश में आप पार्टी की सरकार बनने के बाद पंजाब व दिल्ली की तर्ज पर विकास कार्य कराएं जाएंगे।



# कृष्ण शाखा ने किया गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजमकुार प्रिंस**

**करनाल। भारत विकास** परिषद की कृष्ण शाखा ने गवर्नमेंट स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी, सुदेश जी उपस्थित रही। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के महत्व से अवगत कराना और शिक्षकों के प्रति आदर और सम्मान प्रकट करना था।

शाखा अध्यक्ष मीनू चावला ने भारत विकास परिषद के उद्देश्यों और कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बच्चों को शिक्षक दिवस का महत्त्व समझाया। उन्होंने बताया कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान कैसे करना चाहिए और यह दिन क्यों मनाया जाता है। शाखा सचिव सोनिया मेहता ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत की, जिसे सभी ने सराहा। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश को उनकी सेवाओं के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रोफेसर जोगिंदर मदान ने बच्चों के साथ ज्ञानवर्धक बातें साझा की, जिससे बच्चों को नई प्रेरणा और सीख मिली।  प्रकल्प प्रमुख नितिका भंडारी और रजनी पुरी का भी योगदान रहा।

# योजनाओं के दम पर प्रदेश में तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार: जगमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजमकुार प्रिंस**

**करनाल। करनाल विधानसभा** से भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनंद ने कहा कि जनकल्याणकारी नीतियों के दम पर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाएं चलाई है, जिनका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है।  जगमोहन आनंद ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत सोमवार को कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा की जा रही घोषणाओं से हरियाणा के लोगों के चेहरों पर खुशियां हैं। फसलों को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी दी है। सीएम की कार्यप्रणाली से हरियाणा में भाजपा के पक्ष में और बेहतर माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन की मूलभावना से भाजपा के कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में कार्यकताओं की मेहनत और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर तथा जनता के आशीर्वाद से हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में जिस तरह से पूरे देश और प्रदेश में विकास हुआ है उसे थमने नहीं दिया जाएगा। करनाल में मनोहर लाल और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में विकास के मामले में करनाल ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

# भाकियू अंबावत की मासिक बैठक में किसानों व सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: भारतीय किसान** युनियन अंबावत की मासिक बैठक ब्लाक अध्यक्ष बलजीत मालिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक ने कहा कि 2 अक्टूबर को किसान दिल्ली राजघाट पर जाएंगे और स्व. लाल बहादुर शास्त्री की समाधी पर पुष्पार्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि जो पार्टी किसानों के हित में है उस पार्टी को किसान वोट करेंगे। मलिक ने कहा कि गन्नौर का रेलवे रोड क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा है और वर्षा के दौरान हादसों को न्यौता देता है। उन्होंने प्रशासन से सड़क को रिपेयर करवाने की मांग की। मलिक ने कहा कि अनाज मंडी में किसानों की फसलें आनी शुरू हो जाएगी ऐसे में मंडी में किसानों के लिए हर तरह की सुविधाएं होनी चाहिए। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री संचालक कूड़ा लल्हेड़ी गांव के पास फैंक कर उसमें आग लगा देते हैं।



# 31 हजार की नकदी लेकर बदमाश हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजमकुार प्रिंस**

**करनाल। जिले के** कोहण्ड-अलीपुर खालसा रोड पर चाचा-भतीजे पर घात लगाकर बैठे हमलावरों ने तलवार और लाठी डंडों से हमला बोल दिया। हमलावरों ने 31 हजार की नकदी भी लूट ली। आरोपियों ने पहले भी फोन कॉल करके जान से मारने की धमकी दी थी। लेकिन धमकी को पीड़ित परिवार ने गंभीरता से नहीं लिया और आरोपियों ने हमला कर दिया। जिससे चाचा-भतीजा दोनों घायल हुए है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्रीमद् भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्म का वर्णन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। श्री गीता विज्ञान** प्रचार समिति की ओर से स्थानीय करेलिया बाजार स्थित बाबा जयरामदास धर्मशाला में चल रहीं श्रीमद् भागवत सप्ताह अमृत महोत्सव के दौरान स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज द्वारा वामनावतार व श्रीकृष्णजन्म की कथा का वर्णन किया गया। इसके अतिरिक्त महाराज ने गजेंद्र मोक्ष, मत्स्य अवतार एवं रामावतार का वर्णन भी किया तथा इस दौरान मास्टर अमरसिंह सोनी के निर्देशन में  कलाकारों द्वारा भगवान वामनावतार व श्रीकृष्णजन्म की मनमोहक झांकियां भी बनाई गई। इस कार्यक्रम के यजमान ओमप्रकाश चनेजा एवं राजेंद्र यादव उर्फ पोपली रहे। प्रसाद की व्यवस्था शांति पंचोली ने की। इसके अलावा मंच संचालन सुशील शर्मा ने किया। कथा वाचक ने बताया कि भगवान विष्णु ने वामन का रूप धारण करके राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांग ली। उन्होंने एक पग में सारी पृथ्वी और दूसरे पग में स्वर्ग लोक को माप लिया। वामनावतार का मुख्य उद्देश्य दैत्यराज बलि का मान मर्दन करना व देवराज इंद्र को पुनः स्वर्गलोक का राज्य सौंपना था। उन्होंने बताया कि भाद्रपद की अष्टमी तिथि को मध्य रात्रि के समय रोहणी नक्षत्र में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से मथुरा की कारागार में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। कृष्ण जन्म के समय ऐसा चमत्कार हुआ कि जेल के दरवाजे स्वतः ही खुल गए और सभी पहरेदार मूर्छित हो गए। आगे चलकर भगवान श्री कृष्ण ने विशाल सेना का संगठन करके अत्याचारी कंस का वध किया और पृथ्वी को अत्याचारों से मुक्त करके अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कथा के अंत में श्री गीता विज्ञान प्रचार समिति प्रधान मुकेश मेहता सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।



# अशोक सुखीजा ने खट्टर और सैनी पर लगाए आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजमकुार प्रिंस**

**करनाल। लगातार** 10 साल से सीएम सिटी रही करनाल में इस बार भाजपा की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। जब से भाजपा हाईकमान ने टिकट की पहली लिस्ट जारी की है, तब से करनाल में टिकट कटने से नाराज नेताओं के स्वर पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। करनाल विधानसभा में पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता के बाद अब भाजपा के 57 साल के कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सुखीजा ने खुले तौर पर पार्टी नेतृत्व और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर सवाल खड़े करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आज अपने समर्थकों के साथ बैठक की बुलाई थी। इस बैठक में आजाद चुनाव लडने का फैसला उन्होंने कार्यकताओं पर छोड़ा है। बता दें कि अशोक सुखीजा भाजपा के वरिष्ठ नेता और एक बड़ा पंजाबी चेहरा है। अगर वह चुनाव लडने की घोषणा करते हैं तो भाजपा के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सुखीजा ने पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनोहर लाल को करनाल ने विधायक बनाया और फिर मुख्यमंत्री। लेकिन उन्होंने करनाल के लिए कुछ खास नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी अब वैसी नहीं रही जैसी पहले थी।

# नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन एक-एक उम्मीदवार ने भरा नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजमकुार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन पत्र प्रक्रिया के दौरान चौथे दिन यानी 9 सितंबर को नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के उम्मीदवार गौरव बख्शी व करनाल विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय गरीब दल के प्रत्याशी प्रदीप सैनी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि जिला की अन्य 3 विधानसभा इंद्री, असंध व घरौंडा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। नामांकन की प्रक्रिया संबंधित एसडीएम की कोर्ट में की जा रही है। इसको लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में 12 सितम्बर तक प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। साथ ही आरओ/एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाए जा सकते हैं।  उन्होंने बताया कि संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 13 सितम्बर को नामांकन पत्रों की जांच-पड़ताल की जाएगी। इसके बाद 16 सितम्बर तक प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मतदान 5 अक्तूबर और मतगणना 8 अक्तूबर को होगी।



**नामांकन ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड में करवाया जा सकता है जमा**

जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को नामांकन भरने के लिए ऑफलाइन नामांकन के साथ-साथ ऑनलाइन नामांकन की सुविधा भी प्रदान की है। जो उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन करना चाहते हैं, उन्हें  पर अपना अकाउंट बनाकर नामांकन फॉर्म भरना होगा तथा सुरक्षा राशि जमा करवाकर रिटर्निंग अधिकारी  के पास नामांकन जमा करने के लिए समय का चयन करना होगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से नामांकन आवेदन भरता है तो उसे प्रिंटआउट लेकर इसे नोटरी से सत्यापित करवाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ रिटर्निंग अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से आवेदन जमा करना होगा।

# डीएससी समाज की हुई मिटिंग, सुप्रीम कोर्ट के फैसले काकिया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। अविराम** अभियान के तहत सोमवार को गांव बसई में डीएससी समाज की  मिटिंग का आयोजन किया गया। मिटिंग में सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसले का स्वागत किया और इसके संबंधित कार्यान्वयन के बिन्दुओं पर चर्चा की। मिटिंग की अध्यक्षता  लालचंद बावरिया व रतिराम आर्य ने की। इस दौरान रतिराम आर्य, मोहन कोथल, रविदत्त सरपंच, हेडमास्टर राजेश, विनोद, सूबेदार अमरसिंह व समाज अन्य मौजिजान लोगों ने इस ज्वलंत मुद्दे पर अपने विचार रखे। मिटिंग में वाल्मीकि, खटीक, बंजारा, बावरियां, डूम व धानक समाज के लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर मनोज कुमार, लीलाराम, महेंद्र वाल्मीकि, रमेश जावरिया, सोनू धानक, कमल कुमार, मुकेश, दिलबाग, कमल कुमार, संजय कुमार, सुनील कुमार, सोनू मावर, सुनील, रोशन, राज, सतवीर, राजेश, मुकेश, लालचंद, महेंद्र सिंह, विजय उद्यान, मंजीत, वेद बसई, सुंडाराम बावरिया, संदीप, सोमवीर, मोनू माहिर, सरपंच रविदत्त, विनोद बसई, राजेश, अनिल वाल्मीकि, सतबीर सिंह, किरोड़ी, सुरेंद्र, संजय, कृष्ण, प्रदीप सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# हैरिस का समर्थन करने के पुतिन के फैसले से हैरान हैं ट्रम्प

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन करने के फैसले से हैरान हैं। गौरतलब है कि श्री पुतिन ने पूर्वी आर्थिक मंच के पूर्ण सत्र के दौरान मज़ाक में कहा था कि रूस डेमोक्रेटिक पार्टी की अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैरिस का समर्थन करेगा, जैसा कि मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सुझाया है। उन्होंने कहा कि सुश्री हैरिस की हंसी इतनी 'अच्छी ' है कि कोई भी यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि वह अच्छा कर रही हैं। विस्कॉन्सिन में एक रैली को संबोधित करते हुए श्री ट्रम्प ने कहा, 'मैं श्री पुतिन को जानता हूं , मैं उन्हें अच्छी तरह से जानता हूं। उन्होंने सुश्री कमला का समर्थन किया - मैं इससे बहुत आहत हुआ। मुझे लगता है कि यह शायद मुस्कुराहट के साथ किया गया निर्णय है।' उन्होंने आश्चर्य जताया कि रूस के राष्ट्रपति ने सुश्री हैरिस का समर्थन क्यों किया। उन्होंने कहा कि श्री पुतिन एक 'शतरंज के खिलाड़ी' हैं। इसके अलावा उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके शासन में यूक्रेनी संघर्ष नहीं होता। उल्लेनीय है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव पांच नवंबर को होंगे।इस चुनाव में उपराष्ट्रपति हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगी और पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# अफगानिस्तान में अधिकारियों ने 10 टन ड्रग्स को नष्ट किया

**काबुल।** अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत निमरुज में अधिकारियों ने 10 टन अवैध ड्रग्स को आग में जलाकर नष्ट कर दिया है। प्रांतीय निदेशक (नारकोटिक्स) अब्दुल वसी रेहान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेरोइन, अफीम, हशीश और हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य वस्तुओं सहित प्रतिबंधित पदार्थों को पिछले चार महीनों में पूरे प्रांत से बरामद किया गया था और शनिवार को सार्वजनिक रूप से जला दिया गया। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2022 में, अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने अफीम की खेती, ड्रग प्रोसेसिंग और ड्रग तस्करी पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब से, प्रशासन अफगानिस्तान को ड्रग के खतरे से मुक्त करने का प्रयास कर रहा है।

# दक्षिण यमन में पहाड़ी सड़क से बस गिरी, 15 की मौत

**अदन, यमन।** यमन के दक्षिणी प्रांत लाहज में एक यात्री बस के पहाड़ी सड़क से गिर जाने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी।

नाम न छापने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना अदन और ताइज़ प्रांतों को जोड़ने वाली एक खतरनाक सड़क पर मकात्रा जिले में हुई। उन्होंने बताया कि ब्रेक फेल होने के कारण चालक के नियंत्रण खोने के बाद बस एक खड़ी ढलान से नीचे चट्टानी घाटी में जा गिरी। अधिकारी ने पुष्टि की कि मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने दुर्घटना को भयानक बताया और कहा कि टक्कर इतनी गंभीर थी कि कुछ पीड़ित वाहन से छिटक गए।अपने खतरनाक पहाड़ी रास्तों के लिए मशहूर मकात्रा में हाल के वर्षों में कई दुर्घटनाएं देखी गई हैं। स्थानीय पर्यवेक्षकों ने कहा कि यह घटना यमन के नागरिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचे पर एक दशक लंबे गृह युद्ध के व्यापक प्रभाव को उजागर करती है। मुख्य अंतरप्रांतीय सड़कों को अक्सर युद्धरत गुटों द्वारा अवरुद्ध कर दिए जाने के कारण, नागरिकों को खतरनाक पहाड़ी दर्रों सहित खतरनाक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने के लिए मजबूर किया जाता है। यमन का संकट 2014 के अंत में शुरू हुआ जब हौथी समूह ने राजधानी सना पर कब्ज़ा कर लिया, जिसके कारण सऊदी के नेतृत्व में सैन्य हस्तक्षेप हुआ और संयुक्त राष्ट्र अब इसे दुनिया का सबसे खराब मानवीय संकट बता रहा है।

# ट्रम्प का सामना करने से पहले हैरिस ने शुरू की बहस की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति एवं इस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ आगामी 10 सितंबर को होने वाली बहस की तैयारी कर रही हैं जिसमें पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन उनके प्रतिद्वंद्वी की भूमिका निभा रही हैं। एनबीसी न्यूज ने मामले से परिचित सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी।

# अमेरिका को संदेह, ईरान ने रूसी सेना को बैलिस्टिक मिसाइलें दीं

**तेहरान।** अमेरिका का मानना है कि ईरान ने हाल ही में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दी हैं। अमेरिकी खूफिया सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार , ईरान ने हाल ही में यूक्रेन के खिलाफ संघर्ष में उपयोग के लिए रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें प्रदान की हैं।अमेरिकी और पश्चिमी अधिकारियों ने इसके संदर्भ में लगभग एक साल से चेतावनी दी थी। उन्होंने यह नहीं बताया कि रूस को कितने हथियार प्रदान किए गए हैं या कब दिया गया। यह घटनाक्रम यूक्रेन के खिलाफ रूस के आक्रमण के दौरान ईरान की भूमिका को लेकर चिंता बढ़ाता है।

# पाकिस्तान के कुर्रम जिले में अफगान तालिबान के दो कमांडर ढेर

एजेंसी

**पेशावर।** पाकिस्तान में कुर्रम जिले के पास अफगानिस्तान सीमा पर मुल्क के सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच झड़प में दो प्रमुख कमांडरों सहित आठ अफगान सैनिकों की मौत हो गई और कम से कम 16 घायल हो गए। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन ने सूत्रों के हवाले से खबर अपनी वेबसाइट पर आज जारी की है।

डॉन के अनुसार, अफगान तालिबान ने सैनिकों की मदद से शनिवार सुबह पाकिस्तान-अफगान सीमा पर पालोसिन इलाके में पाकिस्तान की एक चेक पोस्ट पर घातक हथियारों से हमला किया। इस बाद दोनों पक्षों में झड़प हुई। इस झड़प में आठ अफगान तालिबान मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए।मारे गए प्रमुख कमांडर के नाम खलील और जान मोहम्मद हैं। अखबार का कहना है कि समाचार लिखे जाने तक इस घटना पर इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब अफगान सैनिकों ने सीमा पर तैनात



पाकिस्तान सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की है। पहले भी पाकिस्तान ऐसी घटनाओं पर काबुल के साथ अपनी चिंता साझा कर चुका है। अफगान तालिबान पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के अलावा अब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बलों पर खुलेआम हमला कर रहा है। तनावपूर्ण सुरक्षा स्थिति के कारण सप्ताहांत में दोनों देशों के बीच व्यापार निलंबित रहा। भी सीमा पर रुक-रुक कर गोलीबारी हुई। इस बीच सेंट्रल कुर्रम के मार्धन इलाके में किए गए हमले में एफसी का एक अधिकारी शहीद हो गया और तीन कर्मी घायल हो गए।

# नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट, 48 से ज्यादा लोगों की मौत

एजेंसी

**नाइजर।** नाइजीरिया में कल दोपहर एक पेट्रोल टैंकर में हुए विस्फोट में 48 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। नाइजीरिया के समाचार पत्र प्रीमियम टाइम्स के मुताबिक, यह हादसा उत्तर-मध्य राज्य नाइजर में बिदा-अगाई-लापाई राजमार्ग पर दोपहर लगभग 12:30 हुआ। नाइजर इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के महानिदेशक अब्दुल्ला-बाबा-अरा ने इसकी पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि आपदा स्थल राज्य के एगेई स्थानीय सरकारी क्षेत्र में डेंडो समुदाय से दो किलोमीटर दूर है। अब्दुल्ला-बाबा-अरा ने कहा कि यह हादसा तब हुआ जब लागोस के रास्ते में कानो राज्य के वुडिल से यात्रियों और मवेशियों से भरे एक ट्रेलर ट्रक से पेट्रोल से भरा एक टैंकर टकरा गया। इसकी चपेट में एक क्रेन और एक पिकअप वैन भी आ गए। उन्होंने कहा कि 48 से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। 50 से अधिक गायें जिंदा जल गईं। महानिदेशक ने कहा कि एजेंसी की रैपिड रिस्पॉन्ड टीम और अन्य स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन समितियां (एलजीईएमसी) घटनास्थल पर पहुंचीं। अभी भी शव ट्रकों के अंदर फंसे हुए हैं।



# वेनेजुएला : मादुरो के मुखर विरोधी रहे विपक्षी नेता गोंजालेज ने छोड़ा देश



एजेंसी

**कराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहे विपक्षी नेता एडमंडो गोंजालेज ने देश छोड़ दिया है। उन्होंने स्पेन से राजनीतिक शरण मांगी है। दो माह पहले हुए राष्ट्रपति चुनाव के विवादित नतीजों के बाद एडमंडो गोंजालेज के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद से वे छिपे हुए थे। राष्ट्रीय चुनाव परिषद (सीएनई) ने निकोलस मादुरो को विजेता घोषित किया था। वेनेजुएला के उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने सोशल मीडिया पर कहा कि कुछ दिनों पहले स्वेच्छा से स्पेन के दूतावास में शरण लेने के बाद अडमंडो गोंजालेज ने स्पेन की सरकार से राजनीतिक शरण देने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनके सुरक्षित निकासी पर सहमति जताई और उन्होंने देश छोड़ दिया है। स्पेन के विदेश मंत्री मैनुअल अल्बेरेस ने कहा कि एडमंडो गोंजालेज ने स्पेन की वायुसेना के विमान से वेनेजुएला से उड़ान भरी। वेनेजुएला में 28 जुलाई के चुनाव में राष्ट्रपति मादुरो को विजयी घोषित किए जाने के बाद से राजनीतिक संकट चल रहा है। विपक्ष ने दावा किया कि उसके पास गोंजालेज के आरामदायक अंतर से जीत के सबूत हैं।

# गोलीबारी के बाद इजरायल और जॉर्डन सीमा की चौकियां बंद

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायल ने घोषणा की कि उसने जॉर्डन के साथ अपनी सभी तीन सीमा चौकियों को बंद कर दिया है। क्योंकि एक सीमा चौकी पर सुबह कथित तौर पर तीन इजरायली सुरक्षा गार्डों की हत्या कर दी गई थी।

इससे पहले , इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि एक ड्राइवर एक ट्रक में जॉर्डन की ओर से जॉर्डन और कब्जे वाले वेस्ट बैंक के बीच एक सीमा बिंदु एलएनबी ब्रिज के पास आया। वह अपने वाहन से बाहर निकला और इजरायली सुरक्षा गार्डों पर गोलियां चला दीं। इससे तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आईडीएफ ने कहा, हमलावर को इजरायली बलों ने मार गिराया। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले



कान टीवी ने बताया कि प्रारंभिक संकेतों से पता चलता है कि बंदूकधारी जॉर्डन का नागरिक था।

गोलीबारी के बाद, इजरायल एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एक बयान में कहा कि उसने एलएनबी ब्रिज को बंद कर दिया है, जिसे जॉर्डन में आधिकारिक तौर पर किंग हुसैन ब्रिज के रूप में भी जाना जाता है। साथ ही इजराइल के लाल सागर रिसॉर्ट शहर ईलाट और जॉर्डन के अकाबा के बीच वाडी अरबा क्रॉसिंग या यित्ज़ाक राबिन क्रॉसिंग और इजरायल के बेत शीआन व जॉर्डन के इरबिद के बीच जॉर्डन रिवर क्रॉसिंग या शेख हुसैन ब्रिज को भी बंद कर दिया है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बंद करने का काम सुरक्षा अधिकारियों के निर्देशों के बाद किया गया। क्रॉसिंग को फिर से खोलने का समय नहीं बताया गया है। इसके अलावा , जॉर्डन के सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय ने दूसरी ओर से शटडाउन के कारण अगली सूचना तक वेस्ट बैंक के साथ किंग हुसैन ब्रिज को बंद करने की घोषणा की।

जॉर्डन की सरकारी पेट्रा समाचार एजेंसी ने निदेशालय के हवाले से कहा कि ब्रिज का यूज करने वाले लोगों को इसका पालन करना चाहिए और यात्रा गतिविधियों में किसी भी बदलाव के बारे में अपडेट रहना चाहिए, जिसकी तुरंत घोषणा की जाएगी।पेट्रा के अनुसार, जॉर्डन के आंतरिक मंत्रालय ने कथित गोलीबारी की जांच शुरू कर दी है।

# इंटरपोल ने जारी किया आईएसआईएस से जुड़े तीन संदिग्ध नेपाली नागरिकों का स्केच, नेपाल पुलिस से जांच करने को कहा

एजेंसी

**काठमांडू।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने आईएसआईएस से जुड़े तीन संदिग्ध नेपाली नागरिकों का स्केच जारी करते हुए इनकी गतिविधियों की जांच करने के लिए नेपाल पुलिस को पत्र लिखा है। इंटरपोल के स्केच और दिए गए अन्य विवरण में नेपाल पुलिस के एक अधिकारी का भी नाम होने से मामला और गंभीर हो गया है।

सिंगापुर स्थित इंटरपोल के नेशनल सेंटर ब्यूरो ने पत्र में नेपाल पुलिस की इंटरपोल शाखा को तीन नेपाली नागरिकों के आईएसआईएस की आर्थिक गतिविधियों में संलिप्त होने की जानकारी दी है। इसके मुताबिक इन तीनों ने लगातार खाड़ी देशों का दौरा किया और इनके बैंक खातों में विदेशी बैंकों के जरिए जमकर लेनदेन हुआ। इंटरपोल ने लेनदेन का विवरण भी साझा किया है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी दान बहादुर कार्की ने इंटरपोल की



हेमबहादुर शाही — महेन्द्रजंग शाह — दीपेन्द्रबहादुर शाह

तरफ से इस तरह के पत्र मिलने की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि इंटरपोल द्वारा भेजे गए विवरण में कालिकोट निवासी महेन्द्र बहादुर शाह, दीपेंद्र बहादुर शाह और नेपाल पुलिस के डीएसपी हेम बहादुर शाही का नाम शामिल है। इस पूरे मामले का गहन अन्वेषण किया जा रहा है।नेपाल पुलिस के विशेष ब्यूरो से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक महेन्द्र बहादुर शाह लंबे समय से दुबई और मलेशिया में रह रहा है। इस पुलिस अधिकारी का दावा है कि सिर्फ इसके ही नहीं बल्कि नेपाल के अन्य लोगों के भी आईएसआईएस से जुड़े होने की आशंका है। इस पूरे मामले का गहन अन्वेषण किया जा रहा है।

# दो साल में मंगल ग्रह पर पहला स्टारशिप मिशन लॉन्च करने का लक्ष्य : मस्क

एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि मंगल ग्रह पर पहला अनक्रूड स्टारशिप मिशन दो साल में लॉन्च किया जाएगा। स्टारशिप दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इसका उपयोग इंसानों को चंद्रमा और फिर अंत में मंगल ग्रह पर भेजने के लिए किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में टेक अरबपति ने कहा, 'मंगल ग्रह पर पहला स्टारशिप दो साल में लॉन्च होगा। मंगल ग्रह पर लैंडिंग की विश्वसनीयता का परीक्षण करने के लिए इन्हें शामिल किया जाएगा। अगर लैंडिंग अच्छी रही, तो मंगल ग्रह पर पहले क्रू की उड़ान उड़ान चार साल में होगी।' उन्होंने आगे कहा, 'लगभग 20 वर्षों में एक शहर बनाने का लक्ष्य है, जो खुद की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। आने वाले वर्षों में किसी ना किसी ग्रह पर मानव जीवन को शुरू करने की तैयारी भी होगी। मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने पहली पूरी तरह से



रियूज होने वाली रॉकेट का निर्माण किया है। इससे स्पेश मिशन पर आने वाले खर्चों में काफी कमी आएगी।

मस्क ने आगे बताया, 'मंगल ग्रह पर चुनौतीपूर्ण माहौल है। मानव के लिए स्थितियां उचित नहीं है। इसके बावजूद हम आने वाले सालों में ऐसा करने में सक्षम हो सकते हैं, इसके लिए हमें मौजूदा तकनीक को 10 हजार गुना बेहतर करने की जरूरत होगी। स्पेसएक्स ने हाल ही में हेवी बूस्टर के साथ अपने 400 फुट ऊंचे स्टारशिप की तीसरी परीक्षण उड़ान शुरू की है। स्टारशिप में एक विशाल बूस्टर होता है, जिसे सुपर हेवी कहा जाता है। इसमें ऊपरी हिस्से में एक अंतरिक्ष यान भी है, जिसे स्टारशिप कहा जाता है। स्पेसएक्स के सीईओ कम से कम दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना बना रहे हैं।

# डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश बढ़ाने की योजना वापस लेने की मांग की

एजेंसी

**सियोल।** डॉक्टरों के एक प्रमुख समूह ने मांग की कि सरकार 2025 और 2026 के लिए मेडिकल स्कूल प्रवेश कोटा बढ़ाने की अपनी योजना को रद्द करे और 2027 या उसके बाद के लिए संभावित कोटा समायोजन पर चर्चा करे। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कोरियाई मेडिकल एसोसिएशन (केएमए) के अधिकारियों ने यह कॉल तब की, जब सरकार ने पिछले हफ्ते कहा कि अगर डॉक्टरों का समुदाय उचित विकल्प प्रस्तुत करता है, तो वह 2026 के लिए योजना को संशोधित करने को तैयार है। यूं सुक येओल प्रशासन ने डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए अगले पांच वर्षों में मेडिकल स्कूल प्रवेश कोटा प्रति वर्ष 2,000 सीटों तक बढ़ाने का संकल?प ल?िया है और जून में अगले वर्ष के लिए लगभग 1,500 छात्रों के कोटा बढ़ोतरी को अंतिम रूप दिया है। अधिकांश प्रशिक्षु डॉक्टर फरवरी से हड़ताल पर हैं। इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हुआ है। केएमए के एक



अधिकारी ने कहा, सरकार को 2025 और 2026 के लिए मेडिकल स्कूल की सीटें बढ़ाने की योजना को रद्द करना चाहिए और 2027 या उसके बाद संभावित समायोजन पर चर्चा करनी चाहिए। यह सरकार और पार्टियों के साथ एक संयुक्त सलाहकार निकाय में शामिल होने के लिए हमारी पूर्व शर्त है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमें उन्हें दोबारा अपना रुख बताने की जरूरत है, क्योंकि हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारी वृद्धि बेतुकी है।

सरकार और सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी ने प्रतिद्वंद्वी दलों और चिकित्सा समुदाय को शामिल करते हुए एक संयुक्त सलाहकार निकाय की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा है।

केएमए प्रमुख लिम ह्यून-ताएक ने शनिवार को एक ऑनलाइन पोस्ट में कहा कि सरकार और प्रतिद्वंद्वी दलों को मौजूदा चिकित्सा संकट को हल करने के लिए एक उचित, एकीकृत प्रस्ताव के साथ आने की जरूरत है। सरकार ने कहा है कि अगले वर्ष के लिए कोटा वृद्धि योजना पर दोबारा विचार करना संभव नहीं है, क्योंकि कॉलेज प्रवेश के लिए प्रक्रियाएं पहले से ही चल रही हैं। केएमए की मांग के जवाब में, राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगले साल के लिए मेडिकल स्कूल में प्रवेश बढ़ाने का मुद्दा पहले ही तय हो चुका है। इससे इस पर चर्चा करना व्यावहारिक रूप से असंभव हो गया है। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि सरकार विशिष्ट संख्या से बंधे बिना 2026 के बाद से संभावित वृद्धि पर चर्चा करने के लिए तैयार है। अधिकारी ने कहा, हालांकि 2026 से शुरू करके 2025 के लिए बदलाव नहीं किए जा सकते हैं, अगर चिकित्सा समुदाय उचित आधार पेश करता है, तो हम संख्या पर किसी प्रतिबंध के बिना इस मामले पर चर्चा कर सकते हैं।

# अमेरिका में राहुल बोले : मोदी हमारे संविधान पर हमला कर रहे हैं,भारत में कोई भी भाजपा या प्रधानमंत्री से नहीं डरता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के टेक्सास यूनिवर्सिटी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत में बीजेपी या प्रधानमंत्री मोदी से कोई नहीं डरता और ये बहुत बड़ी उपलब्धियां हैं और ये उपलब्धियां केवल राहुल गांधी या कांग्रेस पार्टी की नहीं है बल्कि भारत के उन तमाम लोगों की सब की हैं, जिन्होंने लोकतंत्र को महसूस किया है. इस दौरान राहुल ने ऋस्र्स पर भी निशाना साधा। राहुल ने कहा आरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार है और हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। हमारा मानना है कि सभी को भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या इतिहास की परवाह किए बिना उन्हें जगह दी जानी चाहिए।यही लड़ाई है, और यह लड़ाई चुनाव में तब और स्पष्ट हो गई जब भारत के लाखों लोगों ने स्पष्ट रूप से समझ लिया कि भारत के प्रधानमंत्री भारत के संविधान पर हमला कर रहे हैं।

मैंने आपसे जो भी कहा है, वह संविधान में है। आधुनिक भारत की नींव संविधान है। चुनाव में लोगों ने जो स्पष्ट रूप से समझा, और मैंने



देखा कि जब मैं संविधान का हवाला देता था, तो लोग मेरी बात समझ जाते थे। वे कह रहे थे कि भाजपा हमारी परंपरा पर हमला कर रही है, हमारी भाषा पर हमला कर रही है, हमारे राज्यों पर हमला कर रही है, हमारे इतिहास पर हमला कर रही है।

सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्होंने जो समझा वह यह था कि जो कोई भी भारत के संविधान पर हमला कर रहा है, वह हमारी धार्मिक परंपरा पर भी हमला कर रहा है। इसीलिए संसद में अपने पहले भाषण में आपने देखा होगा कि जब मैंने अभयमुद्रा का वर्णन किया, तो यह तथ्य कि यह निर्भयता का प्रतीक है और यह हर एक भारतीय धर्म में मौजूद है। जब मैं यह कह रहा था, तो भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर सकी। वे नहीं समझते, और हम उन्हें समझाएँगे।

दूसरी बात जो हुई वह यह थी कि भाजपा का डर गायब हो गया। हमने देखा कि चुनाव परिणाम के तुरंत बाद, कुछ ही मिनटों में, भारत में कोई भी भाजपा या भारत के प्रधानमंत्री से नहीं डरता था। इसलिए ये बहुत बड़ी उपलब्धियाँ हैं, राहुल गांधी या कांग्रेस पार्टी की नहीं। हम परिधीय हैं। ये भारत के लोगों की बहुत बड़ी उपलब्धियाँ हैं जिन्होंने लोकतंत्र को समझा, भारत के लोगों की जिन्होंने यह समझा कि हम अपने संविधान पर हमला स्वीकार नहीं करने वाले हैं। हम अपने धर्म, अपने राज्य पर हमला स्वीकार नहीं करने वाले हैं।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, सुनना बोलने से कहीं ज़्यादा जरूरी है....लोगों को समझने के लिए सुनना जरूरी है...आप हर मुद्दे को नहीं उठाते बल्कि बुनियादी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा ने मेरे काम के प्रति सोचने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया। मैं कहूंगा कि इसने राजनीति को देखने के मेरे नजरिए, हमारे लोगों को देखने के मेरे नजरिए, उनके साथ संवाद करने और उनकी बात सुनने के मेरे नजरिए को पूरी तरह से बदल दिया है। इस यात्रा में सिर्फ मैं ही नहीं, कई लोग शामिल थे। हम सभी के लिए सबसे शक्तिशाली चीज़ जो स्वाभाविक रूप से हुई, जिसकी हमने योजना भी नहीं बनाई थी, वह थी राजनीति में प्रेम के विचार का परिचय...यह अजीब बात है क्योंकि यदि आप अधिकांश देशों में राजनीतिक विमर्श को देखें तो आपको प्रेम शब्द कभी नहीं मिलेगा। आपको घृणा, क्रोध, अन्याय, भ्रष्टाचार ये सभी शब्द मिलेंगे लेकिन 'प्रेम' शब्द शायद ही कभी मिलेगा। भारत जोड़ो यात्रा ने वास्तव में उस विचार को भारतीय राजनीतिक प्रणाली में पेश किया

# सीरियाई सैन्य ठिकानों पर इजरायली हवाई हमले में चार की मौत

एजेंसी

**दमिश्क।** इजरायल द्वारा सीरिया के मध्य क्षेत्र में कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए जाने के बाद रात कम से कम चार लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय और चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार यह हमला रात करीब 11:23 बजे हुआ और इसे उत्तरी लेबनान की दिशा से किया गया। हमले में मध्य प्रांत हमा में प्रमुख सैन्य स्थलों को निशाना बनाया गया। एक बयान में मंत्रालय ने पुष्टि की कि हवाई हमले में तीन लोगों की मौत हो गई, साथ ही भौतिक



नुकसान की भी सूचना है। सीरियाई हवाई सुरक्षा सक्रिय हो गई और आने वाली कुछ इजरायली मिसाइलों को रोकने में कामयाब रही, हालांकि कई ने अभी भी अपने इच्छित लक्ष्यों पर हमला किया। बाद में दिन में हमा के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. माहेर यूनुस ने अद्यतन किया कि हमले में प्रारंभिक संख्या के रूप में चार लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। सरकार समर्थक शाम एफएम रेडियो ने पश्चिमी हामा के ग्रामीण इलाकों में मस्यफ-वादी अल-ओयुन राजमार्ग पर नागरिक संपत्तियों और बिजली ग्रिड को महत्वपूर्ण सामग्री क्षति की सूचना दी।

# प्रवासी व पूर्वांचल समाज का प्रदेश की राजनीति में अह्म योगदानः व्यापार मंडल प्रधान राजेश भाटिया

**बैठक**

**बैठक में फरीदाबाद व पलवल की नौ विधानसभा क्षेत्रों से लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।**




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
प्रवासी परिषद की एक बैठक तिकोना पार्क स्थित व्यापार मंडल में सम्पन्न हुई। बैठक में फरीदाबाद व पलवल की नौ विधानसभा क्षेत्रों से प्रवासी व पूर्वाचल समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में व्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया ने शिरकत की। सर्वप्रथम प्रवासी परिषद के संस्थापक राहुल झा ने मुख्यातिथि राजेश भाटिया का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राजेश भाटिया ने कहा कि प्रवासी एवं पूर्वांचल समाज का प्रदेश की राजनीति में अह्म योगदान है, यह मेहनतकश समाज हरियाणा में आकर अपनी एक अलग पहचान बना चुका है, खासकर फरीदाबाद में इस समाज का सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़चढकर योगदान रहता है।
उन्होंने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव है, इसलिए प्रवासी व पूर्वांचल समाज को अच्छे उम्मीदवारों को समर्थन देकर राजनीति में आगे बढ? के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर प्रवासी परिषद के संस्थापक राहुल झा ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह विधानसभा चुनावों में बढ़चढकर अपने मत का प्रयोग करे और ऐसे उम्मीदवार को अपना मत दे और न केवल उनके क्षेत्र का विकास करे बल्कि समाज को भी एकजुट कर-के उसके उत्थान के लिए कार्य करे। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिया गया एक-एक मत आपको भविष्य में सशक्त और मजबूत बनाने का काम करेंगा। इस अवसर पर प्रवासी व पूर्वांचल समाज के लोगों ने अपने मत का सही प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश भाटिया ने कहा कि यह चुनाव जनता के मुद्दों का चुनाव है इसलिए लोग किसी झूठे प्रलोभन व लालच में न आए बल्कि ईमानदार, शिक्षित और ऐसे उम्मीदवार को वोट दे जो उनका पांच सालों तक विकास करे और उनके दुख-सुख में भागेदारी निभाए वहीं समाजसेवी अनुपमा बख्शी ने भी महिलाओं से अपील की कि वह भी लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागेदारी निभाएं और स्वच्छ छवि के उम्मीदवारों को जिताकर विधानसभा में भेजे जो उनके क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का समाधान करवा सके।

# निर्दलीय उम्मीदवार तरु[illegible]जैन 10 सितंबर को भरेंगे हिसार विस. के लिए नामांकन

**नामांकन**

**- निर्दलीय उम्मीदवार तरुण जैन 10 सितंबर को हजारों समर्थकों के साथ भरेंगे नामांकन**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हिसार विधानसभा के निर्दलीय उम्मीदवार तरुण जैन 10 सितंबर को नामांकन भरेंगे। डाबड़ा चौक पुल के पास स्थित मुख्य चुनाव कार्यालय में 10 सितंबर को प्रातः 8.30 बजे जनकल्याण के निमित हवन किया जाएगा। इसके बाद तरुण जैन हजारों समर्थकों के साथ नामांकन के लिए रवाना होंगे। वरिष्ठ राजनीतिज्ञ व समाजसेवी तरुण जैन ने बताया कि समर्थकों व कार्यकताओं का उत्साह देखते हुए उन्होंने हिसार के हितों के लिए चुनाव लड? का निश्चय किया है। इसी संदर्भ में 10 सितंबर को नामांकन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव लड? की घोषणा के बाद से ही उन्हें विभिन्न वर्गों से लगातार समर्थन मिल रहा है। नामांकन के दौरान भी हिसार शहर के हर क्षेत्र व हर वर्ग के साथी मौजूद रहेंगे।
तरुण जैन ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य हिसार की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना एवं सही मायने में हिसार का विकास करना है। उन्होंने कहा कि हिसार में सीवरेज व्यवस्था ठप्प पड़ी है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और जनता टूटी-फूटी व गड्ढों से युक्त सडकों से आवागमन करने के लिए मजबूर है। इसी तरह बेसहारा पशुओं के कारण हिसारवासी हादसों का शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं स्वच्छ पेयजल के लिए भी नागरिक तरस रहे हैं। थोड़ी सी बारिश होते ही जलभराव की समस्या को झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं का निदान करके स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए वे कृतसंकल्प हैं

## संक्षिप्त खबरें

### हिसारः गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय अब कानून की पढ़ाई भी कराएगा : नरसी राम बिश्नोई

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
यहां का गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अब कानून भी पढ़ाएगा। विश्वविद्यालय इसी सत्र से बीए-एलएलबी ऑनर्स कोर्स संचालित करेगा। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विश्वविद्यालय में यह कोर्स संचालित करने की अनुमति मिल गई है।
विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने सोमवार को बताया कि इस कोर्स के लिए पहले से आवेदन आमंत्रित किए हुए हैं और भारी संख्या में आवेदन आए हुए भी हैं। विश्वविद्यालय में बीए-एलएलबी ऑनर्स कोर्स की 60 सीटों के लिए अनुमोदन मिला है।
उन्होंने बताया कि बीए-एलएलबी कोर्स अत्यंत प्रतिष्ठित व रोजगारपरक कोर्स है। इस कोर्स के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त रूझान है। प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से यह कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त लाभ होगा। विशेषकर हिसार तथा आसपास के विद्यार्थियों को कानून की पढ़ाई के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। विश्वविद्यालय में पहले से ही लॉ डिपार्टमेंट की स्थापना कर दी है।
विधि विभाग के डीन प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि बीए-एलएलबी ऑनर्स कोर्स के संचालन के लिए विश्वविद्यालय के विधि विभाग में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हैं। इस सप्ताह में दाखिला प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा तथा दाखिले के बाद शीघ्र ही कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इस कोर्स में दाखिला शैक्षणिक मेरिट के आधार पर होगा। दाखिले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.gjust.ac.in पर सम्पर्क में रहें।

### हिसार : ज्योतिषाचार्य डॉ. बलजीत शास्त्री आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हिसार में स्थित ब्रह्म संस्कृत पाठशाला में भगवान परशुराम जनसेवा समिति के तत्वावधान में श्री परशुराम अंतरराष्ट्रीय संगठन के सहयोग से भारतीय सेना के पूर्व जनरल व राज्यसभा डॉ. डीपी वत्स के सानिध्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि थीं, जबकि समारोह की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी व उद्योगपति विजय कौशिक ने की।
संस्कृत पाठशाला के प्रधानाचार्या व समिति के संस्थापक अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों का वैदिक परंपरा से श्रीफल व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट ज्योतिषाचार्य डॉ. बलजीत शास्त्री को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले श्रेष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या बलजीत शास्त्री को वैदिक ज्योतिष के क्षेत्र में निशुल्क शिक्षण देने व देश-विदेश में निरंतर प्रचार-प्रसार के लिए उन्हें आदर्श शिक्षक सम्मान अवार्ड, स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।
अपने संबोधन में डॉ. बलजीत शास्त्री भगवान परशुराम जनसेवा समिति द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि इनसे प्रेरणा लेकर सभी को अपने धन व विद्या का समाज के कल्याण में उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. स्वास्तिक शर्मा, संगठन महिला राज्य प्रधान रेनुका पंडित, पूर्व चेयरमैन सतपाल शर्मा, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, पंकज दिवान, सुशील शर्मा युवा नेता, राजेंद्र कौशिक पूर्व यार्ड मास्टर, राम अवतार शास्त्री, पं. सूरजमल जीवन पुरिया, वेदप्रकाश शर्मा इंस्पेक्टर, शिक्षाविद एचके शर्मा, शिक्षाविद डॉ. राधेश्याम शुक्ला, समाजसेवी विजय ढल, गुलजार काहलो आदि उपस्थित रहे।

## तीन दुकानों के शटर तोड़ कर चोरी की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शहर में रविवार की रात चोरों ने ककरोई रोड तथा ओल्ड डी. सी. रोड पर अलग-अलग तीन दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की वारदातों को अन्जाम दिया।
ककरोई रोड पर महाजन किरयाणा स्टोर से 25 हजार नकदी एवं सामान, ओल्ड डीसी रोड पर सिथत दिल्ली किरयाणा स्टोर से 30 हजार नकद और शिव घी के पैकेट चुराकर ले गए जबकि ककरोई रोड स्थित अंकुश फोटो स्टेट की दुकान का कोई नुकसान नहीं हुआ। सोमवार सवेरे सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन मौके पर पंहुचे और घटना की जानकारी ली।

# ध्यान के महत्व व महापरिनिर्वाण की यात्रा को समझा, उत्सव में उमड़े साधक

**उत्सव**

**- स्वामी देवतीर्थ भारती की पुण्यतिथि पर ओशो ध्यान उपवन में मनाया महापरिनिर्वाण उत्सव**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
स्वामी देवतीर्थ भारती जी की पुण्यतिथि पर ओशो ध्यान उपवन में महापरिनिर्वाण उत्सव मनाया गया। इस उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया।
उत्सव के दौरान साधकों के लिए विशेष ध्यान सत्र का भी आयोजन किया गया। इस दौरान स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो के पिता स्वामी देवतीर्थ भारती जी ने 8 सितंबर को शरीर त्याग दिया था। उसी दिन को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पिता ने अपने पुत्र ओशो से संन्यास लिया। जो अपने आप में एक अनूठी घटना है। अपनी पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने के बाद स्वामी देवतीर्थ भारती संन्यास लेकर साधना के मार्ग पर चले। बुद्धत्व प्राप्त करके वे इस संसार से विदा हो गए।
स्वामी संजय ने कहा कि ध्यान-साधना करते हुए हम जीते जी इस जीवन को परमात्मा की ओर गहराई में लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि सभी प्राणियों की मौत होती है लेकिन जीते जी जागृत होना और होश से भरकर जीवन जीना महत्व रखता है। अपने भीतर जागृति लाते हुए और गहरे उतरते हुए इंसान को महापरिनिर्वाण की दिशा में अग्रसर होना है। ऐसे करने से मौत भी सार्थक हो जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वामी देवतीर्थ भारती जी की साधना, सहजता और आध्यात्मिक यात्रा हम सभी को जागृत होने की प्रेरणा देती है। सतगुरु संत ओशो ने महापरिनिर्वाण को सहज ढंग से समझाया है।
संत ओशो महापरिनिर्वाण शब्द का अर्थ समझाते हुए कहते हैं कि एक दिन, एक स्वर्णिम दिन, तुम विलीन हो जाओगे और तुम्हारी जगह केवल बुद्ध रह जाएंगे। वह तुम्हारे विकास की महानतम ऊंचाई होगी, तुम्हारे हजारों जन्मों का महानतम स्वर्णिम क्षण होगा। उसके पार केवल ब्रह्मांड है। पहले बुद्ध बनो। इसे निर्वाण कहते हैं। फिर ब्रह्मांड में छलांग लगाओ, और नीले आकाश में विलीन हो जाओ। इसे महापरिनिर्वाण कहते हैं।
सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में आयोजित महापरिनिर्वाण उत्सव के उपरांत साधकों में अलग ही आभा दिखाई दी। इसके साथ ही ध्यान-साधना के साथ गीत-संगीत की सुर लहरियों पर थिरकते हुए उनमें अलग ही ऊर्जा का संचार हो गया।

## 14 को दशहरा ग्राउंड होशियारपुर से होने वाले श्री मेहंदीपुर बालाजी के जागरण संबंधी की प्रैस वार्ता

**टीम एक्शन इंडिया/होशियारपुर**
श्री बालाजी सेवा परिवार सोसायटी रजि एवं श्री बालाजी दरबार शीतला मंदिर होशियारपुर की ओर से 14 सितम्बर दिन शनिवार को बड़े हनुमान मंदिर दशहरा ग्राउंड होशियारपुर में श्री बालाजी का विशाल जागरण करवाया जा रहा है। बालाजी के भक्तजनों एंव प्रधान तरुण खोसला की अध्यक्षता में करवाए जा रहे। इस जागरण सम्बंधित जानकारी देते हुए प्रधान तरुण खोसला ने बताया कि श्री बालाजी सेवा परिवार की तरफ से यह 11वां विशाल अलौकिक जागरण होशियारपुर के बड़े हनुमान मंदिर दशहरा ग्राउंड में करवाया जा रहा है जिसमें विख्यात गायक घनैया मित्तल व दीपक सरगम जालंधर वाले अपने भजनों से आई हुई संगत को निहाल करेंगे।



इस उपलक्ष्य में 14 सितम्बर को एक शोभायात्रा 1 बजे शीतला माता मंदिर होशियारपुर से निकाली जाएगी जोकि शहर के मुख्य मुख्य बाजारो से होती हुई जागरण स्थल पर जा कर विश्रमित होगी। इस मौके पर प्रधान तरुण खोसला, आशु अग्रवाल, रवि गुप्ता, रतीश अग्रवाल, पुनीत गुप्ता,दीपक कुमार, पार्थ ठाकुर, नमन ठाकुर, माधव ठाकुर, युवराज सिंह ठाकुर, प्रिंस गुप्ता, दीपक गुप्ता, रिंकू, गुप्ता, अमित अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, संजीव सहदेव, सिकन्दर, मोहित मित्तल, राजन भसीन, ज्योति अग्रवाल, रुचि गुप्ता, मीनू गुप्ता, इशू गुप्ता, रीना गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, रूपाली, पारुल गुप्ता, अनिता गुप्ता, गीता, मन्नत इशू गुप्ता, मुस्कान आदि मौजूद थे।

## सोनीपतः भाजपा के गोहाना से उम्मीदवार रविंद्र शर्मा ने नामांकन भरा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विधानसभा आम चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया के दौरान सोमवार को गन्नौर विधानसभा से 2, राई विधानसभा से 2 तथा गोहाना विधानसभा से एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल करवाया। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने दी।
उन्होंने बताया कि गन्नौर विधानसभा से इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप शर्मा तथा आजाद उम्मीदवार के तौर पर राम कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर को अपना नामांकन सौंपा।

## श्री धार्मिक लीला कमेटी ने अभ्यास आरम्भ किया जिसमें बाली व सुग्रीव संवाद करवाये गयेःहरीश चन्द्र आजाद



**अभ्यास आरम्भ**

**श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक ने बताया कि हमारे कलाकारों ने अभ्यास आरम्भ कर दिया है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि हमारे कलाकारों ने अभ्यास आरम्भ कर दिया है। कल बाली व सुग्रीव के संवादों व मल युद्व की अभ्यास करवाया गया।
पहली बार बाली के किरदार निभा रहे विंद्राशं खरबंदा ने दर्शकों में अपनी छाप छोड? के लिये कड़ा अभ्यास किया, उनको निर्देशक आजाद ने छीन लूँ दुश्मन का आधा बल यह मुझे वरदान है, युद्व भूमि में तो बाली भगवान का भी भगवान है पर बहुत बार अभ्यास करवाया। इसी तरह वर्षो से सुग्रीव का अभिनय कर रहे अमित नागपाल ने भी अपनी कला में ओर ज्यादा निखार करने के लिये बहुत अभ्यास किया।
प्रधान तेजिन्द्र खरबंदा व उपप्रधान सतीश नागपाल ने बताया कि आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए इस बार श्री धार्मिक लीला कमेटी के मंच पर दर्शकों को बहुत कुछ अलग देखने को मिलेगा जिससे दर्शकों की रूची रामलीला के बनी रहे। मंच संयोजक पकंज खरबंदा को इसकी जिम्मेवारी सौंपी गई है। निंदेशक हरीश आजाद ने कहा कि हमारा हमेशा यही लक्ष्य रहा है कि दर्शकों की रामलीला में रूची ज्यादा से ज्यादा बनाये रखने के लिये आधुनिकता दिखायें लेकिन इनके साथ रामलीला की मयार्दा और संस्कृति का पूरा ध्यान रखा जाता है क्योंकि दर्शकों के मनोरंजन व रामलीला में रूची बनाये रखने के लिये आधुनिकता तो जरूरी है लेकिन जो मयार्दा पुरूषोतम प्रभू राम की मयार्दा का संदेश है वह प्रभावित न हो।

# नशे के विरुद्ध गाँव गाँव तक पहुँच रही है एनसीबी हरियाणा

**नशामुक्त अभियान**

**मुझे क्या जैसी सोच को बदले और नशा बेचने वाले अपराधियों की गुप्त सूचना 9050891508 पर दें- ब्यूरो**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार साहब के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध युद्धस्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी को नशा मुक्त अभियान से जोड़ा जा रहा है। इस कड़ी में आज तड़के ही साइकिल पर सवार होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगला गुजरान पहुंचे और शिक्षक परशुराम की उपस्थिति में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 890 विद्यार्थियों एवं 23 शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। तत्पश्चात वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरुरपुर पहुंचे। शिक्षक रविंद्र की अध्यक्षता में यहां 376 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। दोनों विद्यालयों में नशे के विरुद्ध अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से परिचित कराते हुए डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि उसका जीवन आदर्श हो, लोग उनका सम्मान करें, धन और वैभव के साथ साथ सुख समृद्धि का घर में वास हो। यह सब तब होगा जब मनुष्य नशे से दूर रहेगा। जो व्यक्ति नशे की लत में पड़ जाता है वह अपने पूर्वजों द्वारा कमाई गयी सम्पति, धन, वैभव और कीर्ति को भी नष्ट कर देता है। नशा न करने वाला व्यक्ति अपनी बुद्धि और ज्ञान के साथ साथ परिश्रम के बल पर समाज में सम्मान का भागी बनता है। उन्होंने बताया कि कसी प्रकार नशा एक षड़यन्त्र के फलस्वरूप युवा पीढ़ी को समूल नष्ट करने के लिए उन तक पहुँच रहा है।

# सर्वोदय भवन गांधी अध्ययन केंद्र में अनेकता में एकता का देश भारत विषय पर गोष्ठी आयोजित

**यूनान मिस्त्र रोमा मिट गये जहां से, क्या चीज है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी.. .. : मैना जांगड़ा**

**हिसार :** सर्वोदय भवन गांधी अध्ययन केंद्र हिसार में अनेकता में एकता का देश भारत विषय पर आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए मुख्य वक्ता समाज सेवी जांगिड़ ब्राह्मण सभा की महिला अध्यक्ष मैना जांगड़ा ने भारत के अतीत के गौरव को गाते हुए बताया कि यूनान मिस्त्र रोमा मिट गये जहां से, क्या चीज है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, कहा-भारत एक ऐसा देश है जहां भिन्न-भिन्न भाषा, बोली, वेशभूषा, जाति, धर्म, संस्कृति और परम्परा के लोग रहते आये हैं जिन्होंने अपने जीवन को जीते हुए परोपकार, परहित को हमेशा ऊपर रखा, जिसका परिणाम है कि आज तक हम पूरे विश्व के लिए आपसी प्रेम और भाईचारे की मिसाल बन कर संसार को जीने की पद्धति सीखने वाले एक आदर्श रुप में जाने लगे हैं। वक्ता ने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता और संस्कृति वाला देश है। जब-जब भी देश पर कोई समस्या आती है तो भारत देश के वासी यहां की विभिन्नता के बीचों बीच अपनी क्षुद्र और संकीर्णताओं को दर किनार करके केवल और केवल एक ह्यभारतीयह्ण बनकर कंधे से कन्धा मिलाकर अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए सदा तत्पर रहता है, जो इस देश की एक बहुत अनूठी बात है। बतौर सभा अध्यक्ष डॉ. कलवंत जांगड़ा बोले-यह सर्वोदय भवन एक ऐसा पवित्र स्थान है जहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पादरी, बौध विचार धारा पर मंथन होता है और उस मंथन से सर्वहित की मंगल कामना



सहित सबके उत्थान के श्रेष्ठ कार्य किये जाने की प्रेरणा का प्रयास किया जाया है। जब भी मैं इस पवित्र स्थली पर आता हूं तो एक अलग सा सुकून अनुभव करता हूं। भारत की अनेकता पर बोलते बताया कि भारत ही एक ऐसा देश है जिसमें भिन्न जाति, धर्म और भाषा के लोग रहते हैं जिनमें एकता की भावना सबके भीतर सूत्र रूप में पिरोई रहती है और खास बात यह है कि इसमें अमीर से अमीर और गरीब से गरीब व्यक्ति को सामान रूप से जीने का हक है। वह साधारण से साधारण व्यक्ति भी लोकतंत्र के बड़े से बड़े पद पर पहुंच सकता है, उसको भी वाही समान अवसर प्राप्त हैं जो एक अमीर व्यक्ति को हैं। गर्व है मुझे अपने भारत पर। बतौर वक्ता बनीसिंह जांगड़ा ने बताया कि भारत में कई प्रकार की विभिन्नता है। ऋतुओं की विभिन्नता, खानपान, वेशभूषा की विभिन्नता, जाति और धर्म की विभिन्नता, सांस्कृतिक परम्पराओं की विभिन्नता, विचारों और सम्प्रदायों की विभिन्नता के बीच रंग अनेक हम सब एक की भावनात्मक एकता के रस का ग्रहण करते हुए पूरा एक कुनबा समझकर जीता है जिससे हमारी विश्व में एक अलग तरह की आदर्श रूप में पहचान है, लेकिन यदा कदा कुछ सिरफिरे लोग भारत के इस सुंदर सुसगठित समाज में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र को लेकर नफरती भ्रम जाल फैला कर अपने संकीर्ण स्वार्थों को साधते हैं तो यह हम सबके लिए चिंता पैदा करने वाला बन जाता है जिस पर हमें सचेत होकर इस ओर मनन मंथन करने की आज जरूरत है ताकि हमारी समरसता को कोई आंच न आने पावे। सुदर्शन गुप्ता ने गीत सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, हम बुलबुलें हैं इसकी ये गुलिस्तां हमारा, सुनाया। शैलेश वर्मा ने बताया कि मनुष्य मनुष्य के काम आना चाहिए, इस भावना से ओत प्रोत यह भारत देश ने ही विश्व को वसुधैव कुटुम्कम का संदेश दिया। एक दूसरे का सम्मान करते विभिन्नताओं में जीते इस देश को मैं गर्व से नमन करता हूं। हेड इतिहास विभाग डॉ. महेंद्र रोहिला ने अनेकता में एकता वाला देश भारत पर बोलते हुए बताया कि भारत की भौगोलिक स्थिति अलग-अलग तरह है। इसमें लोग भी तरह तरह कि विचार धाराओं के साथ जीने वाले हैं। सांस्कृतिक और धार्मिक परम्पराएं अलग अलग हैं, लेकिन इन अनेकताओं के मूल में हम एकता के पहलू को लेकर आगे बढ़ते हैं। मुक्तक सम्राट सत्यपाल शर्मा ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि भारत एक ऐसा सुंदर फूलों का गुलदस्ता है जिसकी महक न केवल अपने देश को महकती है बल्कि इसकी इस विभिन्नता को विदेशों में भी सराहा जाता है। इस अवसर पर बनवारीलाल प्रजापति, सर्वोदय मित्र धनराज, बनीसिंह जांगड़ा, सुभाष गोयल, किसान नेता वीरेंद्र बागोरिया, राधेश्याम ऐरन, सुदर्शन गुप्ता, कुलदीप सिंह, सुरेश जांगड़ा, डॉ. महेंद्र रोहिला, व्यवस्थापक धर्मवीर शर्मा, देशराज कम्बोज, हरद्वारीलाल, लक्ष्मी शर्मा, मीरा देवी, शैलेश वर्मा, जी.सी. नारंग, डॉ. सीताराम सैनी, सुभाष सैनी, पंडित यशपाल गोसाई, रिसाल जांगड़ा, महेंद्र जांगड़ा पूर्व सरपंच, सुरेश कुमार भी उपस्थित रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 10 सितंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## यूपी ने विकास के नए युग में किया प्रवेश: योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आइकिया स्टोर का वर्चुअल माध्यम से किया शिलान्यास

**निवेश**

**संभावनाओं का लाभ भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित में: सीएम योगी आदित्यनाथ**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा में स्थापित हो रहे आइकिया स्टोर का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश ने देश-दुनिया के निवेशकों का विश्वास अर्जित किया है। आइकिया इंडिया उन्हीं निवेशकों में से एक है। आइकिया इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश में 5500 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के अंदर अब इन्वेस्टमेंट का ड्रीम डेटिनेशन बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश ने विकास और निवेश के नए युग में प्रवेश किया है।

**9 हजार से अधिक युवाओं को प्राप्त होगा रोजगार**

सीएम योगी ने कहा कि इंग्का सेंटर्स की इस नई परियोजना में आइकिया रिटेल स्टोर, होटल, ऑफिस स्पेस और शॉपिंग सेंटर खोला जाएगा। इसके माध्यम से 9 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, निवेश की नई संभावनाओं के विकास, स्किल डेवलपमेंट और परंपरागत उत्पादों के प्रोत्साहन में उत्तर प्रदेश ने अनेक कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं, आज उसके परिणाम हम सबके सामने है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ओडीओपी योजना देश की अभिनव योजना बन गई है। साथ ही बेहतरीन कानून व्यवस्था से उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में देश में अग्रणी है।

**यूपी में संभावनाओं का लाभ भारत व अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित में**

सीएम योगी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी और प्रतिभावान युवा आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। विगत साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर घटी है। 27 अलग-अलग सेक्टर की सेक्टोरियल पॉलिसी के साथ उत्तर प्रदेश भारत के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी का क्षेत्र इस वर्ष के अंत में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधाओं के साथ ही भारत के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र लॉजिस्टिक की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन इसी क्षेत्र के गौतमबुद्धनगर जनपद में पड़ेगा। उत्तर प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है, इसकी संभावनाओं का लाभ भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित में है।

मुख्य सचिव मनोज सिंह, आईकिया इंडिया के सीईओ सुजैन पुल्वरर आदि मौजूद रहे।

**भारत की अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा उत्तर प्रदेश: सीएम योगी**

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है, जो वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। आज उत्तर प्रदेश देश में दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य है, जो तेजी के साथ भारत के विकास के ग्रोथ इंजन के रुप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश ने अपनी औद्योगिक विकास नीति बनाई थी, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम लोगों का मार्गदर्शन करते हुए कहा था कि इन्वेस्टमेंट को एम्प्लॉयमेंट के साथ जोड़ना चाहिए। आइकिया इंडिया के स्टोर का शिलान्यास उसी का परिणाम है।

## विक्टिम के पैरेंट्स को पैसे ऑफर नहीं किए: ममता बनर्जी



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि हमने मृतक ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता को कभी पैसा ऑफर नहीं किया। हमने सिर्फ उन्हें ये कहा था कि अगर वे अपनी बेटी की याद में कुछ करवाना चाहते हैं, तो हमारी सरकार उनके साथ है। स्टेट सेक्रेट्रिएट नबन्ना में रिव्यू मीटिंग के दौरान ममता ने यह भी कहा कि विरोध प्रदर्शनों के चलते कोलकाता के कमिश्नर विनीत गोयल ने इस्तीफा देने की पेशकश की थी, लेकिन हमें कोई चाहिए जो दुर्गा पूजा को लेकर कानून-व्यवस्था संभालना जानता हो। दरअसल, रेप विक्टिम ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता ने कोलकाता पुलिस पर आरोप लगाया था कि उन्होंने बेटी का शव सौंपते वक्त उन्हें पैसा ऑफर किया था और कहा था कि हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। वहीं, प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने पुलिस पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस कमिश्नर के इस्तीफे की मांग की थी।

**सफाई पेश की**

**हमने सिर्फ उन्हें ये कहा था कि अगर वे अपनी बेटी की याद में कुछ करवाना चाहते हैं, तो सरकार उनके साथ है**

**ट्रेनी डॉक्टर के पिता का कोलकाता पुलिस पर 3 आरोप**

पुलिस शुरूआत से ही इस केस को दबाने की कोशिश कर रही है। डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने तक हमें पुलिस स्टेशन में इंतजार करना पड़ा। बाद में, जब बेटी का शव हमें सौंपा गया तो एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने हमें पैसे देने की पेशकश की।

जब तक अंतिम संस्कार नहीं हुआ, 300-400 पुलिस वालों ने हमें घेर रखा था, लेकिन अंतिम संस्कार हो जाने के बाद वहां एक भी पुलिस वाला नहीं दिखा। परिवार क्या करेगा, कैसे घर जाएगा, पुलिस ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली। जब घर में बेटी का शव माता-पिता के सामने पड़ा था और हम आंसू बहा रहे थे, तब पुलिस पैसे दे रही थी, क्या यही पुलिस की मानवता है? पुलिस कह रही थी कि उन्होंने अपनी सारी जिम्मेदारियाँ पूरी कर दी हैं, क्या इसे ही जिम्मेदारी निभाना कहते हैं?

## मणिपुर में राज्यपाल के घर पर पथराव

### 20 लोग घायल, सुरक्षाकर्मी जान बचाकर भागे; स्टूडेंट्स इस्तीफे की मांग को लेकर कर रहे प्रदर्शन



**हिंसा**

**छात्रों ने राजभवन के मुख्य दरवाजे पर पत्थर फेंके, इस दौरान मौजूद सुरक्षाकर्मी अपनी जान बचाकर भागे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल:** मणिपुर में राज्यपाल और डीजीपी के इस्तीफे की मांग कर रहे स्टूडेंट्स का प्रदर्शन सोमवार को हिंसक हो गया। सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने राजभवन के मुख्य दरवाजे पर पत्थर फेंके। इस दौरान मौजूद सुरक्षाकर्मी अपनी जान बचाकर वहां से भागते दिखे। इस हमले में 20 लोग जख्मी हुए हैं। राज्य में बढ़ती हिंसक घटनाओं और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर 8 सितंबर से ही छात्र सड़कों पर हैं। किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और सीएम हाउस तक पहुंच गए। पुलिस और सुरक्षाबलों ने उन्हें बैरिकेड लगाकर रोका। कई राउंड आंसू गैस के गोले भी दागे। प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने कहा- ड्रोन हमलों को रोकने में सरकार और पुलिस विफल रही है। प्रदर्शनकारी राज्यपाल के अलावा डीजीपी, सुरक्षा सलाहकार और 50 विधायकों के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। मणिपुर में मई 2023 से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है।

बीते 7 दिनों से हिंसा बढ़ गई है। इसमें 8 लोगों की मौत हुई है। 15 से ज्यादा घायल हैं। हाल ही में मणिपुर में ड्रोन से भी हमले हुए हैं। इनमें 2 लोगों की मौत हुई है।

## उत्तराखंड: जल व्यवस्था पर गोलमेज सम्मेलन



**घटता भू-जल**

**विशेषज्ञों ने राज्य में घटते भू-जल भंडार और समग्र रूप से जल संसाधनों के कुप्रबंधन पर चिंता जताई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र की ओर से सोमवार को पुस्तकालय सभागार में उत्तराखंड की जल व्यवस्था पर गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने राज्य में घटते भू-जल भंडार और समग्र रूप से जल संसाधनों के कुप्रबंधन पर चिंता जताई। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र के संस्थापक निदेशक रहे प्रोफेसर बीके जोशी ने राज्य के घटते जल संसाधनों पर एक सिंहावलोकन प्रदान किया। सेवानिवृत्त पीसीसीएफ एआर सिन्हा ने जलागम विकास और नदी के प्रवाह को बनाए रखने में जलस्त्रोतों और धाराओं की भूमिका पर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने जल विज्ञान, जल को नियंत्रित करने में वृक्ष प्रजातियों और वनस्पति आवरण की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया। टाटा ट्रस्ट के डॉ. विनोद कोठारी ने स्प्रिंगशेड प्रबंधन के बारे में ज्ञान और सीख साझा की। राज्य में जलस्त्रोत सूची तैयार करने के कार्य पर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि राज्य में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण आबादी पीने के पानी और अन्य जरूरतों के लिए जलस्त्रोतों पर निर्भर है। जलस्त्रोत को आजीविका के अवसरों से जोड़ना जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य योजना आयोग से जुड़े एचपी उनियाल ने जलस्त्रोत प्रबंधन पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि स्प्रिंग्स के हाइड्रोजियोलॉजी को समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। स्प्रिंगशेड प्रबंधन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रेट जैकेट दृष्टिकोण उत्तराखंड के विभिन्न स्प्रिंग टाइपोलॉजी और भू-वैज्ञानिक विविधता में काम नहीं कर सकते हैं।

## पीपुल्स पद्म पुरस्कार के लिए प्रेरक व्यक्तियों को नामित करें: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पद्म पुरस्कारों को पीपुल्स पद्म की संज्ञा देते हुए देशवासियों से 2025 के पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक लोगों को नामित करने की अपील की है। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट में कहा कि पिछले एक दशक में हमने अनगिनत जमीनी स्तर के नायकों को पीपुल्स पद्म से सम्मानित किया है। पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा ने अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है। उनका धैर्य और दृढ़ता उनके समृद्ध कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और सहभागी बनाने की भावना से, हमारी सरकार लोगों को विभिन्न पद्म पुरस्कारों के लिए दूसरों को नामांकित करने के लिए आमंत्रित कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने पद्म पुरस्कार वेबसाइट का लिंक भी पोस्ट किया, जहां लोग अपना नामांकन पोस्ट कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि कई नामांकन आए हैं। नामांकन की अंतिम तिथि इस महीने की 15 तारीख है। मैं अधिक से अधिक लोगों से पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक व्यक्तित्वों को नामांकित करने का आग्रह करता हूं।

## भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत और जापान ने वित्तीय सहयोग को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा जारी रखने पर सहमति जताई है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत-जापान वित्तीय सहयोग को और बढ़ावा देने तथा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा जारी रखने पर सहमत हुए है। दोनों देशों के बीच ये सहमति 6 सितंबर, 2024 को टोक्यो में आयोजित दूसरा भारत और जापान वित्त संवाद के दौरान बनी। मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने किया, जबकि जापानी पक्ष की अगुवाई जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के वित्त उप-मंत्री अत्सुशी मिमुरा ने की। जापानी प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्रालय और वित्तीय सेवा एजेंसी के प्रतिनिधि शामिल थे। वित्त मंत्रालय ने बताया कि जापान के टोक्यो में आयोजित दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद में दोनों देशों ने वित्तीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा की।

## राहुल गांधी चीन के ब्रांड एम्बेसडर: बीजेपी



**निशाने पर**

**भारत के बाहर जाकर देश को ही गाली दे रहे हैं, चीन की तारीफ कर रहे हैं: केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा में विपक्ष के नेता और सांसद राहुल गांधी ने टेक्सास में आरएसएस और देश में बेरोजगारी को लेकर कई बयान दिए हैं। राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला करते हुए उन्हें चीन का ब्रांड एम्बेसडर बताया। सोमवार को राहुल गांधी के बयान पर हमला बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ट्वीट करके कहा कि वे भारत के बाहर जाकर देश को ही गाली दे रहे हैं, चीन की तारीफ कर रहे हैं। लगता है कि वे चीन के पैसों पर ही पल रहे हैं तभी वे बाहर जाकर चीन का प्रचार कर रहे हैं। अपने बुरे दौर में चाइना को ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत नहीं है, क्योंकि राहुल गांधी उनके सबसे बड़े एम्बेसडर बन चुके हैं। ऐसे लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाना चाहिए जो भारत के बाहर जाकर भारत की निंदा करते हैं और दुश्मन देशों की तारीफ करते हैं। राहुल गांधी की टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आरएसएस के बारे में जानने के लिए राहुल गांधी को कई जन्म लेने पड़ेंगे।

## रंगीन रोटी से मिल रहा आँगनवाड़ी के बच्चों को भरपूर पोषण

**भोपाल।** प्रायः यह देखा गया है कि छोटे बच्चों को सादी रोटी खिलाने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ती है, लेकिन यही रोटी अगर रंग-बिरंगी हो जाये, तो बच्चों की रूचि बढ़ जाती है। पोषण-युक्त आहार से बच्चों की सेहत में भी सुधार आता है। बच्चों को पोषण-युक्त आहार देने के उद्देश्य से सागर जिले में एक अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने 'रंगीन रोटी' कैम्पेन शुरू किया है।

**खुलासा** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन भाजपा कार्यालय को उड़ाने की थी साजिश: एनआईए

## भाजपा कार्यालय को उड़ाने की थी योजना: एनआईए



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। एजेंसी ने ब्लास्ट के पीछे आईएसआईएस के आतंकियों का हाथ होना बताया है। एनआईए ने अपनी चार्जशीट में मुसाविर हुसैन शाजिब, अब्दुल मथीन अहमद ताहा, माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ को आरोपी बनाया है। एनआईए ने चार्जशीट में बताया कि कैफे में शाजिब ने बॉम्ब प्लांट किए थे। इसमें अहमद ताहा ने भी उसकी मदद की थी। पूर्व में दोनों आईएसआईएस से भी जुड़े थे। दोनों आतंकी आईएसआईएस की विचारधारा फैलाने का काम करते थे और अन्य मुस्लिम युवाओं को भी इसमें जोड़ने की मुहिम चलाते थे। अन्य दो आरोपी माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ ऐसे ही युवा हैं, जो उनके बहकावे में आ गए थे।

**भाजपा कार्यालय को उड़ाने की थी योजना**

एनआईए ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट करने से पहले दोनों आतंकियों ने और भी कई हमले की योजना बनाई थी, लेकिन इसमें सफल नहीं हो पाए थे। एनआईए के अनुसार आतंकियों की 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन राज्य भाजपा कार्यालय में भी आईईडी ब्लास्ट को अंजाम देने की योजना थी।

**इन जगहों पर भी ब्लास्ट की थी साजिश:** एनआईए ने बताया कि आरोपी ताहा और शाजिब को उनके हैंडलर द्वारा क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से फाइनेंस किया गया था, जिसे उन्होंने विभिन्न टेलीग्राम आधारित पी2पी प्लेटफार्मों की मदद से फिएट में बदल दिया था। जांच में पता चला कि आरोपियों द्वारा इस धन का इस्तेमाल बेंगलुरु में हिंसा फैलाने के लिए किया गया था।